सुप्रभात
रांची, शनिवार
16.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 243



14 अमिताभ बच्चन की एंजियोप्लास्टी

## कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिला के हाटगम्हरिया एवं बंदगांव में

# डिग्री महाविद्यालय

## तथा अन्य योजनाओं का

# शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह



**मुख्य अतिथि**

## श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 16 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे
स्थान : टाटा कॉलेज ग्राउंड, चाईबासा

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री अर्जुन मुंडा**
माननीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री दीपक बिरुवा**
माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और परिवहन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्रीमती जोबा माझी**
माननीय विधायक, मनोहरपुर

**श्री निरल पुरती**
माननीय विधायक, मझगांव

**श्री दशरथ गागराई**
माननीय विधायक, खरसावां

**श्री सुखराम उरांव**
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

**श्री सोनाराम सिंकु**
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

**सुश्री लक्ष्मी सुरेन**
माननीय जिला परिषद अध्यक्षा चाईबासा



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 322939 (IPRD) 23-24

# लोस चुनाव से पूर्व नक्सलियों के खिलाफ चल रहा है अभियान

## पड़ोसी राज्यों के साथ सामंजस्य बिठाकर अपराधियों के खिलाफ अभियान

- नक्सलियों के द्वारा बिछाये गये आइइडी को खोज नष्ट करना,
- अंतर जिला और राज्य स्तरीय चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी
- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करना



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव के मददेनजर झारखंड पुलिस कमर कस चुकी है। झारखंड पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर दोहरे अभियान पर फोकस कर रही है। एक ओर नक्सलियों के खिलाफ जोरदार अभियान तो दूसरी ओर नक्सल ग्रस्त इलाके में ग्रामीणों को वोट की ताकत और वोट के फायदे के लिये जागरूक कर रही है।

**अर्द्धसैनिक बलों की एक- एक कंपनी किया गया तैनात :** झारखंड में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए झारखंड पुलिस में अभी से पूरा जोर लगा रखा है। झारखंड के सभी जिलों में पूर्व से ही अर्धसैनिक बलों की एक-एक कंपनियों को तैनात किया जा चुका है, जो नक्सलियों के खिलाफ अभियान तो चला ही रहे हैं, साथ ही साथ नक्सलियों के खौफ के साये में जीने वाले ग्रामीणों को वोट की ताकत के बारे में जागरूक भी कर रहे हैं।

### 18 जिलों में सीआरपीएफ की एक-एक कंपनी

झारखंड में चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए केंद्रीय बलों की लगभग 200 कंपनियों की मांग की गयी है। हालांकि उससे पूर्व ही 23 जिलों में केंद्रीय बलों की एक-एक कंपनी को प्री पोल के लिए भेज दिया गया है। 23 जिलों में से 18 जिलों में एक-एक कंपनी सीआरपीएफ और 5 जिलों में एक-एक कंपनी एसएसबी की तैनाती की गयी है। पलामू जिला में सबसे अधिक दो कंपनी सीआरपीएफ को तैनात किया गया है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को यह निर्देश दिया गया है कि वह जिलों के पुलिस कप्तानों से सामंजस्य से बिठाकर नक्सल प्रभावित इलाकों में अभियान चलाकर इलाके को अपने प्रभाव में लें, एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई करें साथ ही साथ ग्रामीणों को वोट के लिए भी जागरूक करें।

वैसे स्थान जो बेहद दुरूह है, वहां पर पुलिस सबसे ज्यादा काम कर रही है। जवान ग्रामीणों के बीच पहुंच रहे हैं और उन्हें यह बता रहे हैं कि पुलिस उनके साथ है। वे नक्सलियों से डरें नहीं और लोकतंत्र के पर्व में अपनी सहभागिता दिखायें।

**अमोल विणुकांत होमकर**
**आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता**
**झारखंड पुलिस**

**पांच बिंदुओं पर रखा जा रहा ध्यान :** झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि वैसे तमाम तरह के उपाय जो शांतिपूर्ण चुनाव को संपन्न करवाने के लिए पुलिस को करना होता है, वे सभी उपाय झारखंड पुलिस के द्वारा किये जा रहे हैं। झारखंड पुलिस पांच बिंदुओं पर ध्यान देकर काम कर रही है। पहला बिंदु है नक्सलियों के खिलाफ जोरदार अभियान, दूसरा हर हाल में नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी को खोज कर नष्ट करना, तीसरा पड़ोसी राज्यों के साथ सामंजस्य बिठाकर नक्सलियों के साथ-साथ अपराधियों के खिलाफ अभियान, चौथा अंतर जिला और राज्य स्तरीय चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी करना और पांचवे बिंदु में नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदाताओं को जागरूक करना है।

### झारखंड के आठ आइपीएस को मिला अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** झारखंड के आठ आइपीएस को अपने कार्य के अलावा अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जारी कर दी है।

**किसे मिला अतिरिक्त प्रभार**

- एसआईएसएफ बोकारो कमांडेंट मुकेश कुमार को जैप 4 का अतिरिक्त प्रभार।
- देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप 5 का अतिरिक्त प्रभार।
- जैप 2 कमांडेंट सरोजनी लकड़ा को जैप 10 का अतिरिक्त प्रभार।
- एसपी सीटीसी मुसाबनी विजय आशीष कुजुर को जैप 2 चाईबासा का अतिरिक्त प्रभार।
- चतरा एसपी विकास पांडेय को आईआरबी 3 का अतिरिक्त प्रभार।
- गुमला एसपी शंभू सिंह को आईआरबी 5 का अतिरिक्त प्रभार।
- गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा को आईआरबी 9 का अतिरिक्त प्रभार।
- दुमका एसपी पीतांबर खेरवार को आईआरबी 1 का अतिरिक्त प्रभार।

### जयप्रकाश सिंह बने प्रभारी अभियंता प्रमुख ग्रामीण कार्य

**रांची।** राज्य सरकार ने जयप्रकाश सिंह को अगले आदेश तक प्रभारी अभियंता प्रमुख ग्रामीण कार्य विभाग रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। श्री सिंह को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रभारी अभियंता प्रमुख झारखंड स्टेट रूरल डेवलपमेंट अथॉरिटी रांची का भी प्रभारी अभियंता प्रमुख का प्रभार दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## चुनावी बॉन्ड पर आक्रमक हुई कांग्रेस, कहा

# चंदा दो और धंधा करो है भाजपा की नीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक पार्टियों इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चंदा देनेवालों के नाम सार्वजनिक किये जाने के बाद कांग्रेस पार्टी बीजेपी को घेरने में लग गयी है। इस मसले पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा है कि जिन मुद्दों को कांग्रेस और हमारे नेता उठाते रहे हैं, वह अब जगजाहिर हो गया है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला पकड़ा गया है और इसमें ईडी की भूमिका भी उजागर हुई है। पहले ईडी जिस कंपनी या उससे जुड़े व्यक्ति पर छापा मारती है फिर इलेक्टोरल बॉन्ड भाजपा को मिल जाता है और ईडी शांत हो जाती है। राजेश ठाकुर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता जगदीश साहु उपस्थित थे। राजेश ठाकुर ने सर्वोच्च न्यायालय का धन्यवाद देते हुए कहा कि अदालत ने दूध का दूध और पानी का पानी किया है। राहुल गांधी ने जिन बातों को लेकर न्याय यात्रा निकाली थी, वह अब सभी के बीच साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि 2018 में इलेक्टोरल बॉन्ड शुरू हुआ था, लेकिन 2018 मार्च से 2019 तक का डेटा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है,यह डेटा भी सौंपना चाहिए। 20 फरवरी को ईडी, सीबीआई और आईटी की छापेमारी के बाद कंपनियों ने बीजेपी को चंदा दिया। सेबी ने जिन चार कंपनियों को फर्जी बताया था उससे भी 04 करोड़ रुपए का चंदा भाजपा को मिला है। भाजपा को 6000 करोड़ से अधिक का दान मिला।




### एसबीआई उपलब्ध कराए जानकारी, वरना जारी रहेगा प्रदर्शन

राजेश ठाकुर ने कहा कि जब साईकिल पर कोयला ढोनेवाले गरीब से राहुल गांधी ने बात की तो गरीब को चारा चोर बताकर उपहास किया गया था। कांग्रेस लगातार इसका विरोध करते रहेगी। मेदांता, नवयुग जैसी कंपनियों ने चंदा दिया। यशोदा हॉस्पिटल में छापेमारी हुई और उसके बाद चंदा देकर वह बच गया। कई चंदा देने वाली कंपनियां अडाणी की शेल कंपनियां हो सकती हैं। इसलिए अभी इंतजार कीजिये, कई खुलासे होंगे। राजेश ठाकुर ने कहा कि जब तक एसबीआई 2018 से मार्च 2019 तक के इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी उपलब्ध नहीं कराती है, तब तक कांग्रेस प्रदर्शन जारी रखेगी।

**चंदा दो और धंधा करो भाजपा की नीति :** राजेश ठाकुर ने बताया कि 800 करोड़ रुपए देने वाली मेधा इंफ्रास्ट्र^ र ने 140 करोड़ रुपए बॉन्ड के रूप में चंदा दिया और 1400 करोड़ का रेलवे का काम ले लिया। ईडी, सीबीआई और आईटी ने भाजपा को चंदा देने के लिए मजबूर किया। भाजपा की ओर से डर और लालच का कॉकटेल चलाया जा रहा था। फ्यूचर कंपनी पर ईडी 02 अप्रैल को छापा मारती है और चंदा भाजपा को मिल जाता है। इसका मतलब यह है कि हफ्ता के साथ-साथ सालाना वसूली हो रही थी। सीरम कंपनी ने 52 करोड़ चंदा दिया, बदले में उसे कोरोना की वैक्सीन लगाने का सरकार ने एकाधिकार दे दिया। वैक्सीन का साइड इफेक्ट होने के बावजूद जनता के जीवन से खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि अब जनता को घृणा नहीं होगी तो क्या होगी।

### 30 कंपनियों से बीजेपी को 335 करोड़ तक का मिला चंदा

20 फरवरी 2024 को ईडी, सीबीआई या आईटी विभाग के छापे या जांच के तुरंत बाद 30 कंपनियों से बीजेपी को 335 करोड़ रुपए तक का चंदा मिलना यह साबित करता है कि बीजेपी संवैधानिक संस्थाओं को इस्तेमाल डरा-धमका कर हफ्ता वसूली में लगी है। सेबी ने जिन चार कंपनियों को फर्जी (स्मॉल कंपनीज) बताया है, उनसे बीजेपी ने 4.9 करोड़ का चंदा क्यों लिया। इन कंपनियों के माध्यम से बीजेपी के पास किसका काला धन आया। प्रधानमंत्री को बताना चाहिए।

### चुनाव आयोग पर भी प्रदेश अध्यक्ष ने कसा तंज

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने चुनाव आयुक्तों के मनोनयन का सिस्टम बदले जाने पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पहली बार 28 घंटे पहले यह बता दिया गया कि कल चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेंगे। ऐसा क्यों हुआ, यह भी बड़ा सवाल है।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एक मई से हड़ताल पर नहीं जाएंगे रेलकर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय काउंसिल संयुक्त स्टाफ तंत्र की केंद्रीय वित्त सचिव के साथ हुई बैठक हुई। इस बैठक ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन सहित 42 यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक में शामिल फेडरेशन्स को पुराने पेंशन लागू करने के प्रति केन्द्र सरकार के पहल की जानकारी दी गयी। जिसमे बताया गया कि पुराने पेंशन के विषय पर केन्द्र सरकार द्वारा गठित कमिटी ने अपनी अनुशंसा सौंपी है। जिसका विश्लेषण किया जा रहा है। सरकार सकारात्मक रवैए से आगे बढ़ रही है। वित्त सचिव ने कर्मचारी पक्ष से अपील किया कि पुराने पेंशन को लागू करने की मांग को लेकर एक मई को प्रस्तावित रेल हड़ताल को फिलहाल स्थगित किया जाए। इस संबंध में 19 मार्च को रेलवे महाप्रबंधकों को नोटिस दिए जाने का कार्यक्रम भी फिलहाल टालने की अपील की गयी। इस बैठक के बाद पुरानी पेंशन बहाली के लिए गठित संयुक्त फोरम के 47 घटक संगठनों की तत्काल बैठक बुलाई गयी। बैठक में सर्वसम्मति से 19 मार्च को हड़ताल के लिए दिए जाने वाला नोटिस फिलहाल टालने का निर्णय किया गया है। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि जिन मंडलों ने अपने यहां स्थानीय मांगों को लेकर डिविजनल धरना प्रदर्शन आदि का कार्यक्रम निर्धारित किया है वो इसे आयोजित करने का काम करेंगे। धनबाद मंडल में 20 मार्च को रेलकर्मियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर मंडलीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मंडलीय प्रदर्शन की तैयारी में ईसीआरकेयू के सभी चौदह शाखा मे स्थानीय मांगों पर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश की जायेगी।

# सांसद की पहल ने लाया रंग ट्रिब्यूनल के गठन का रास्ता साफ

### अब कोयला व खनन क्षेत्र के विस्थापितों के साथ हो सकेगा न्याय

## कोयला मंत्रालय ने झारखंड के सात जिलों में पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल के गठन का दिया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के सकारात्मक प्रयास से झारखंड के सात जिलों में पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल के गठन का रास्ता साफ हो गया। इससे संबंधित आदेश भारत सरकार के कोयला मंत्रालय ने आज जारी कर दिया है। इस बीच फुल टाइम ट्रिब्यूनल को लेकर कोयला मंत्रालय ने अपना प्रस्ताव कैबिनेट सचिव को भेज दिया है, जो अगली कैबिनेट की बैठक में रखा जाना है। पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल कोयला क्षेत्र के विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करेगा। ट्रिब्यूनल को लेकर लंबे समय तक मांग की जा रही थी और इसको लेकर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी गंभीर बने हुए थे और इस बाबत उन्होंने कई मौके पर नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी व कोयला सचिव अमृतलाल मीणा और इससे पहले कोलकाता में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिलकर ट्रिब्यूनल बनाने को लेकर सक्रिय बने रहे। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी संसद में ट्रिब्यूनल गठन को लेकर मुखर बने रहे और संपन्न शीतकालीन सत्र में भी इस विषय को लेकर आवाज उठाई और केंद्रीय कोयला मंत्री व विभागीय सचिव से भी संपर्क बनाए रखा। पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल का गठन चतरा,लातेहार ,हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो ,दुमका एवं धनबाद जिले में किया जाएगा। इस ट्रिब्यूनल के संबंधित जिला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त होंगे। विस्थापित की समस्याओं का समाधान करेंगे। पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल का गठन 2 साल के लिए किया गया है। आजादी के बाद ट्रिब्यूनल मूर्त रूप लेने जा रहा है। इस प्रकार से विस्थापित को न्याय मिल सकेगा। ट्रिब्यूनल मुआवजा का भुगतान, नौकरी, भूमि, पुनर्वास , विकास आदि मामलों का अब समाधान कर सकेगा। कोल इंडिया के गठन के बाद से ही ट्रिब्यूनल का गठन नहीं हो पाया था। अब ट्रिब्यूनल का गठन होने से कोयला एवं खनन क्षेत्र के विस्थापितों के साथ न्याय हो सकेगा। ट्रिब्यूनल का गठन अंडर सेक्शन धारा 14( 2) डीबीए एक्ट 1957 के तहत किया गया है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने ट्रिब्यूनल के गठन होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रति आभार जताया है। कहा कि यह विस्थापितों के हित में एक बड़ा न्याय पूर्ण व ऐतिहासिक कदम है। उल्लेखनीय है कि विस्थापित लंबे समय से ट्रिब्यूनल के गठन को लेकर आंदोलनरत थे।



# लोहरदगा लोस सीट पर भाजपा-कांग्रेस का कांटे का रहा है टक्कर

### भाजपा के सुदर्शन भगत ने लगाया है जीत का हैट्रिक

उदय चौहान

**रांची।** लोहरदगा लोकसभा सीट पर भाजपा व कांग्रेस के बीच कांटे का टक्कर रहा है। रांची से अलग होकर 1957 में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र सामने आया। इस लोकसभा क्षेत्र को अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित किया गया। इस सीट पर 90 के दौर से ही कांग्रेस और भाजपा में कांटे की टक्कर रही है। यहां 1957 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुये। पहले चुनाव में यहां से झारखंड पार्टी के इग्नी बेक ने जीत दर्ज की। 1962 के चुनाव में यहां से स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार डेविड मुंजनी ने जीत दर्ज की थी। 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने फिर नये उम्मीदवार पर अपना दांव खेला। इस बार उन्होंने के दोरांव को टिकट दिया। 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने लोहरदगा सीट पर जीत दर्ज की और कुल 37 फीसदी मत प्राप्त किये। 1971 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने फिर अपने उम्मीदवार को बदला और 1962 के अपने उम्मीदवार कार्तिक उरांव को फिर से टिकट दिया। 1967 में इस सीट पर फिर से कार्तिक उरांव ने जीत दर्ज की।

1977 के लोकसभा चुनाव में भारतीय लोकदल लोहरदगा सीट पर कब्जा किया। 1980 के लोकसभा चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने एक बार फिर लोहरदगा सीट पर जीत दर्ज किया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्तिक उरांव ने इस बार 49.5 प्रतिशत मत प्राप्त किये। 1984 के लोकसभा चुनाव में लोहरदगा सीट पर फिर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कब्जा किया। हालांकि कांग्रेस ने एक बार फिर अपना उम्मीदवार बदला और सुमति उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया। 1989 में भी यह सीट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पास रही। यहां से सुमति उरांव ने जीत दर्ज की। 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में यहां पर एक बड़ा परिवर्तन हुआ। जब भाजपा की जीत हुई।



भाजपा के ललित उरांव कुल 36.4 फीसदी वोट हासिल कर इस सीट पर कब्जा किया। 1996 में हुए लोकसभा चुनाव में यह सीट भाजपा के कब्जे में रही। यहां से ललित उरांव ने जीत हासिल किया। 1998 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने फिर अपना उम्मीदवार बदलता और इंद्रनाथ भगत को उम्मीदवार बनाया। इंद्रनाथ भगत को कुल 44.5 फीसदी मत मिले। जबकि भाजपा के ललित उरांव को 40.8 फीसदी मत प्राप्त हुये। 1999 की हुई लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना उम्मीदवार बदल दिया और जीत हासलि की। इस बार भाजपा ने दुखा भगत को अपना उम्मीदवार बनाया।

### राज्य गठन के बाद कांग्रेस को मिली जीत

बिहार-झारखंड बंटवारे के बाद झारखंड में 2004 हुये पहले लोकसभा चुनाव में लोहरदगा सीट कांग्रेस के खाते में गई। हालांकि कांग्रेस ने इस बार के लोकसभा चुनाव में फिर उम्मीदवार को बदलते हुए रामेश्वर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया था। 2009 में दूसरी बार लोकसभा चुनाव हुआ। इसमें भाजपा ने अपने उम्मीदवार को बदला। इस बार भाजपा ने सुदर्शन भगत को अपना उम्मीदवार बनाया। सुदर्शन भगत ने इस सीट पर कुल 27.7 फीसदी वोट हासिल करते हुये जीत हासिल की। मोदी के लहर में 2014 में हुए इस लोकसभा सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की। भाजपा के सुदर्शन भगत को कुल 34.830 प्रतिशत मत प्राप्त हुये। 2014 में मोदी का लहर और 2019 में मोदी के काम के आसार पर चुनाव तो हुआ। हालांकि इस सीट पर भाजपा के सुदर्शन भगत ने जीत को दर्ज की। लेकिन जीत का अंतर बहुत ज्यादा नहीं रहा।

## खबर एक नजर में

### भगवान भगत की जमानत पर फैसला सुरक्षित, टिंकल भगत की जमानत पर सुनवाई 22 मार्च को

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़े भगवान भगत एवं टिंकल भगत की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने भगवान भगत की जमानत पर दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। वहीं टिंकल भगत के मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया, कोर्ट ने टिंकल भगत के जमानत पर सुनवाई के लिए 22 मार्च निर्धारित की है। टिंकल भगत की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। मामले में इन दोनों के अलावा अन्य के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। भगवान भगत एवं टिंकल भगत को ईडी ने 7 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। भगवान भगत एवं टिंकल भगत पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। यह लोग पत्थर खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचते थे।

### जेल में ही बीतेगी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की होली, बेल पर अब अप्रैल में सुनवाई

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने यह पूछा कि पूजा सिंघल कितने दिनों से न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत ने इस बिंदु पर जवाब मांगते हुए अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। इसके साथ ही यह तय हो गया है कि पूजा सिंघल की होली जेल में ही बीतेगी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज की खण्डपीठ में पूजा सिंघल की बेल पर सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने बहस की, वहीं ईडी की ओर से एएसजी (असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल) एस वी राजू ने बहस की। पिछले वर्ष 12 अप्रैल को मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची इडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम बेल मिल चुकी है।

### मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद सिन्हा को सुप्रीम कोर्ट से मिली बेल

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद सिन्हा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज की खंडपीठ ने राम विनोद सिन्हा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी। राम विनोद सिन्हा की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता पांडेय नीरज रॉय और अधिवक्ता रचिता राय ने बहस की। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिन्हा पर खूंटी में लगभग 17 मामले दर्ज हैं, जिसकी जांच एसीबी कर रही है।

**राम विनोद सिन्हा को ईडी ने 18 जून 2020 में कोलकाता से किया था गिरफ्तार :** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के साथ-साथ कई गड़बड़ियां करने के आरोपी बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा को 18 जून 2020 में कोलकाता से गिरफ्तार किया था। बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद सिन्हा पर खूंटी जिला परिषद के मनरेगा योजना से जुड़े 18 करोड़ 76 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा का आरोप है।

### लैंड स्कैम : अफसर अली की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट ने ईडी को जवाब के लिए दिया एक और मौका

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में ईडी ने बताया कि जवाब तैयार है, वह आज दाखिल कर देंगे। कोर्ट ने ईडी के आग्रह को देखते हुए मामले की सुनवाई अगले सप्ताह निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनाई की प्रक्रिया संबंध में ईडी से जानकारी मांगी थी। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं, इसे देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की जाए। दरअसल, ईडी कोर्ट ने अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई है। बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छविरंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम,अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### इजहार अंसारी के खिलाफ ईडी कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

**रांची।** कोल लिंकेज घोटाले से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी समेत तीन पर ईडी ने जांच पूरी करते हुये पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इससे जेल में बंद आरोपी की मुश्किलें बढ़ गई है। दाखिल चार्जशीट में इजहार अंसारी के साथ मेसर्स ओम कोक इंडस्ट्रीज के साझेदार इश्तियाक अहमद एवं राजहंस इस्पात प्राइवेट लिमिटेड का नाम शामिल है। ईडी ने इजहार अंसारी को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया है। तब से वह जेल में है। उस पर जेएसएसडीसी से सब्सिडी पर आवंटित 86 हजार टन कोयले को बाहर की मंडी में अवैध तरीके से बेचकर 71 करोड़ रुपये से अधिक की रकम का मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप पाया गया है। ईडी ने इस आरोप को प्रोसिड ऑफ क्राइम से आय अर्जित करने का आरोप को सही पाया है।

**क्या है आरोप :** इजहार अंसारी ने 13 एमएसएमई कंपनियों के लिये अक्तूबर 2018 से मार्च 2023 के बीच 86568.22 टन कोयले की खरीद सब्सिडी रेट में की। 29 करोड़ 50 लाख 36 हजार 622 रुपए का भुगतान किया। जबकि, इसे बाहर की मंडी में बिक्री 71 करोड़ 32 लाख 28 हजार 759 रुपये में की गई। अवैध कमाई का कमीशन संबंधित विभाग के अफसरों व बड़े नेताओं को दिया गया। ईडी ने प्रॉसिड ऑफ क्राइम से अर्जित 3०58 करोड़ रुपए की बरामदगी मार्च 2023 की छापेमारी में हुई थी। इजहार अंसारी ने कोयला बाहर की मंडी में बेचने के लिये सीसीएल, बीसीसीएल व जेएसएमडीसी के अवैध चालान का इस्तेमाल किया। कोयले की ढुलाई ट्रकों से की गई। लेकिन चालान की पड़ताल की गई तो यह दोपहिया वाहनों के भी निकले। साथ ही ट्रक के मूवमेंट रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ किये जाने का खुलासा भी ईडी की जांच में सामने आई है।

### इडी ईमानदारी से काम करे तो कई भाजपा नेता जाएंगे जेल : झामुमो

रांची। हेमंत सोरेन मामले पर केंद्र सरकार के खिलाफ झामुमो का उपवास 30वें दिन भी जारी रहा। रांची के मोरहाबादी मैदान के पास बापू वाटिका के समक्ष आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व शुक्रवार को झामुमो बोकारो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने किया। जिसमें गिरिडीह और रांची जिला के नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। हीरालाल मांझी ने कहा न्याय यात्रा निकाल कर हमारे कार्यकर्ता लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि किस तरह केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों द्वारा हमारे नेता हेमंत सोरेन प्रताड़ित किया है। लोगों में केंद्र सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार भ्रष्टाचार की बात करती है इनके जितने भी नेता हैं अगर जांच सही रूप से हो तो भाजपा की बहुत से नेता जेल के अंदर होंगे। कार्यक्रम में संतोष रजवार, नंदकिशोर मेहता, मंटू यादव, जयनारायण महतो, रामशरण तिर्की, अंतु तिर्की, कलाम आजाद, बीरु साहू, अश्विनी शर्मा, बीरु तिर्की, मुन्ना बड़ाइक, डॉ हेमलाल मेहता, फैयाज अंसारी, मनोहर मुर्मू, बनवीर मिश्रा सहित कई उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट 7 साल




## निवेश अनुकूल राज्य बनाने के

'डबल-इंजन' विकास मॉडल के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार मिलकर एक ही मिशन पर फोकस कर रही हैं। यूपी की नई औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 से निवेश और राजस्व के क्षेत्र में नई संभावनाएं सृजित हो रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में उद्योगों को फलने-फूलने के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। अपने इस प्रयास के लिए यूपी को देश में 'अचीवर स्टेट' की उपलब्धि से सम्मानित किया गया है। उत्तर प्रदेश की नई औद्योगिक नीति का उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना,डिजिटल सिस्टम के माध्यम से काम को समय सीमा के भीतर पूरा करना व पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ ही समय पर क्लीरियेंस देने के लिए बेहतर सुविधाओं को शामिल करना है। यूपी सरकार का सिंगल विंडो पोर्टल (एसडब्ल्यूपी), जिसे निवेश मित्र के नाम से भी जाना जाता है, यह वर्तमान में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के एसडब्ल्यूपी के बीच सबसे बड़े सिंगल विंडो पोर्टल में से एक है, जिसमें 37 विभागों की 454 से अधिक सेवाओं को शामिल किया गया है।

वर्ष 2018 में हुए इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 4 .28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है। वहीं, 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से फरवरी, 2024 में आयोजित हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को धरातल पर उतारा गया।

पिछले सात वर्षों में सुशासन, बुनियादी ढांचे के विकास और नीतिगत सुधार लागू करने के परिणामस्वरूप राज्य की छवि पूरी तरह से बदल गई है, जिससे अब यूपी व्यापार और निवेश के लिए आदर्श गंतव्य बन गया है। राज्य में फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए 250 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

## 'डबल इंजन' सरकार से मिली यूपी के विकास को रफ्तार



## स्पीड न्यूज

### सांसद प्रतिनिधि और राकांपा नेताओं ने किया 11 विकास योजनाओं का शिलान्यास



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 1, 4, 9, 11, 14, 15 और 16 के 11 स्थानों पर शुक्रवार को सड़क निर्माण कार्य का सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा और राकांपा नेता मनीष सिंह, सरोज प्रसाद कुशवाहा और उदय सिंह ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इस दौरान नेताओं ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना पहला लक्ष्य है। शिलान्यास के साथ ही योजना निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। मौके पर अजय सिंह, चंदन जायसवाल, प्रशांत सिंह, अंकित सिंह, अभय सिंह, विकास यादव, शैलेश यादव, मनजीत कुमार, प्रवीण सिंह, धर्मेंद्र पटेल, मुकेश यादव उपस्थित थे।

### ऑक्सफोर्ड में प्रवेश परीक्षा के आधार पर मिलेगी छात्रवृत्ति : डॉ एके सिंह



**मेदिनीनगर।** शहरवासियों के लिए खुशबरी है कि मेधावी छात्रों के लिए ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधन ने आकर्षक छात्रवृत्ति की शुरुआत की है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास है कि मेधावी छात्रों को उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराकर उनके चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। छात्रों के नामांकन प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रों के उत्तीर्णांक के उपरांत उतने ही प्रतिशत की छात्रवृत्ति नामांकन शुल्क में दी जा रही है।

### पुलिस जवान के घर की गयी चोरी



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के वार्ड दो सुदना नीमियां स्थित बैंक कॉलोनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एसएसबी पुलिस जवान के घर ताला तोड़कर चोरी कर ली। पूरा परिवार घर बंद कर बाहर गये हुए थे। सूने घर से नकद राशि समेत आभूषण चुरा ले गये। सुबह जवान की मां किरण सिंह पटना से घर लौटीं तो वह ताला टूटा देख अचंभित हो गयी। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अभी तक परिजनों ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी है।

### भाजपा कार्यालय में मना सम्मान समारोह



**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड के भाजपा कार्यालय में सम्मान समारोह हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर को रेल का सलाहकार समिति सदस्य बनाने पर सभी भाजपाइयों ने अंग वस्त्र देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सबसे पहले श्यामा यह प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल मुखर्जी की फोटो पर फूल माला डालकर एवं राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसकी अध्यक्षता मंडल महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी और बैठक का संचालन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, वरीय उपाध्यक्ष सुरेंद्रनाथ तिवारी, मंडल महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद मेहता, जिला सोशल मीडिया सह संयोजक सोशल सूरज विश्वकर्मा, गुड्डू चंद्रवंशी भी थे।

### अकीदत से अदा हुई पहली जुमे की नमाज



**मेदिनीनगर।** रहमतों, बरकतों व मगफिरतों का महीना माह ए रमजान चल रहा है। शुक्रवार को रमजान का पहला जुमा की नमाज सभी मस्जिदों में अदा की गयी। शहर के छः महान स्थित जामा मस्जिद, बाजार स्थित चौक बाजार मस्जिद, पहाड़ी मुहल्ला स्थित नूरी मस्जिद, कुंड मुहल्ला स्थित मिल्लत मस्जिद, मुस्लिमनगर स्थित मदीना मस्जिद, अहले हदीस मस्जिद, मोहम्मदिया मस्जिद, शाहपुर स्थित तैबा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज-ए-जुमा अदा की गयी। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मो शाहनवाज कासमी ने कहा कि रमजान का रोजा फर्ज.है।

### पलामू आयुक्त बने एनपीयू के कुलपति



**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) पलामू के कुलपति बनाये गये हैं। राजभवन से जारी अधिसूचना के आलोक में श्री मुंडा ने शुक्रवार को कुलपति के रूप में स्वतः प्रभार ग्रहण किया। इसके पूर्व प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य प्रभारी कुलपति थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**पलामू।** बीसफुटा के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। शव दो हिस्सों में बंट गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पायी है।

### डीटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा आंदोलन : राकेश



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला परिवहन विभाग के वरीय लिपिक मनोज पासवान एवं एमवीआई कार्यालय पलामू में व्याप्त भ्रष्टाचार राजस्व की लूट एवं तानाशाही के विरुद्ध जन आंदोलन का शंखनाद आर पार की लड़ाई के साथ होगी। झारखंड परिवहन मजदूरी यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में पलामू जिला परिवहन विभाग के वरिया लिपिक मनोज पासवान ने उपायुक्त पलामू एवं जिला परिवहन पदाधिकारी पलामू के आदेश की अवहेलना की गयी। यूनियन ने उपायुक्त को आवेदन देकर उक्त कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की थी।

### बहुजनों का उत्थान कांशी राम की देन

**मेदिनीनगर।** बहुजन समाज पार्टी ने कांशी राम की 90वीं जयंती नागलोक भवन में मनायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय भारती ने की। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि कांशी राम एक ऐसे नेता रहे जो सिर्फ दलित, हरिजन व पिछड़े वर्ग की ही नहीं, बल्कि वे बहुजनों के उत्थान की बात करते थे। समता मूलक समाज उनका सपना था। इसी को साकार करने के लिए वे जीवन पर्यंत करते रहे। बसपा के पूर्व प्रदेश प्रभारी पुनित अंबेडकर ने कहा कि बसपा अपने स्थापना काल से ही पार्टी के मूल सिद्धांतों पर कार्य करती रही है। आज वे हमसबों के बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार नीति मन मस्तिष्क में मौजूद है।

# नेत्र ज्योति देना दुनिया का सबसे पुनीत कार्य : रामचंद्र चंद्रवंशी

## लक्ष्य बनाकर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कैंप लगाकर लोगों की जरूरत के अनुरूप करेगा कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** नेत्र ज्योति देना दुनिया का सबसे पुनीत कार्य है। इसे लक्ष्य बनाकर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से दो दिवसीय आई कैंप का आयोजन किया गया है। आगे भी समय व जरूरत के अनुसार आयोजित किये जायेंगे। उक्त बातें स्थानीय विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कही। वे शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित आई कैंप को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि गरीबी और बैवसी को बहुत करीब देखा है। लक्ष्य अनुसार विश्रामपुर में सबकुछ स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यहां सभी तरह के शैक्षणिक संस्थान है। मेडिकल कॉलेज में देश की अव्वल सेवा दिया जा रहा है। राज्य के लोकप्रिय चिकित्सकों के द्वारा नेत्र जांच व आपरेशन किया जा रहा है। जहां 100 रोगियों का ऑपरेशन फेंको पद्धति से किया गया।

**क्या बोले कुलपति :** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने कहा कि कैंप गांव समाज के लिए बहुपयोगी है। जहां सभी तरह के बिमारियों का इलाज होगा। स्वस्थ समाज हीं मजबूत विश्रामपुर व मजबूत भारत को जन्म देगा है। क्षेत्र के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि कैंप लगाकर नेत्र जांच किया जा रहा है। कैंप की अध्यक्षता कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व संचालन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य विवेक कश्यप ने किया।






विश्रामपुर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लगे आई कैंप दीप प्रज्वलित कर उदघाटन करते अतिथि व कैंप में शामिल लोग।

**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर देवाशीष मंडल, दीपक लकड़ा, विवेक कश्यप, ओपी श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, राजीव कुमार गुप्ता, भोला चंद्रवंशी, एडमिनिस्टर नीतिश कुमार,इद्रीस हवारी, डॉ विनीत कुमार, बिजय रवि, सुनील चौधरी, अजय बक्सराय, नरेंद्र पाल, सुमन बक्सराय, बबन बक्सराय, नागेंद्र पांडेय, राजकुमार सोनी , अमीर चंद सहित मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय, साइट आदि के पदाधिकारी, कर्मी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

इसके पूर्व स्थानीय विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, कुलपति डां कल्याण कुमार, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य विवेक कश्यप भोला चंद्रवंशी, जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय आदि ने कार्यक्रम की शुरूआत गुरुपद संभव राम जी के तस्वीर के सम्मुख पूजा अर्चना करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि विश्रामपुर का नावाडीह कला गांव जहां कल तक नक्सलियों का ठिकाना हुआ करता था। लेकिन स्थानीय विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के सार्थक प्रयास से सब कुछ बदल गया। आज शैक्षणिक संस्थान स्थापित कर बंदूक वाले हाथों में कलम पकड़ाने में सफल हुए। बेहतर भविष्य के लिए लोग शिक्षा ग्रहण कर रोजगार से जुड़ रहे हैं। कल तक शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्थानीय बच्चे भटकते थे उन्हें बाहर जाना पड़ता था। लेकिन स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के प्रयास से आज सभी तरह की शिक्षा सहज हीं कम खर्च कर विश्रामपुर में मिल रहा है।

# जीप से बिहार जा रही 400 लीटर स्प्रिट इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय थाना के समीप इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर पुलिस ने गुरुवार की रात बोलेरो जीप जेएच 09 जे 3321 पर लदा हुआ ब्लू रंग के 10 प्लास्टिक जार में 400 लीटर स्प्रिट को जब्त किया है।






इसी वाहन से हुआ बरामद और जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी।

इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गुरुवार की रात करीब 11 बजे इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही थी। तभी छतरपुर की ओर से आ रही उक्त बोलेरो जीप चालक ने पुलिस को देखकर चेकपोस्ट से पहले मेन रोड से पूरब दिशा में जीप ले जाने लगा। शक होने पर पुलिस बोलेरो के पास पहुंची। हालांकि पुलिस को नजदीक आता देख कर चालक बोलेरो छोड़ कर फरार हो गया। बाद में तलाशी लेने के उपरांत उसपर लदा स्प्रिट तथा बोलेरो को जब्त कर थाना लाया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि संभावना है कि जब्त स्प्रिट को बिहार में शराब बनाने तथा लोकसभा चुनाव में दुरुपयोग के लिए ले जाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि शराब व हथियार तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस अभियान में थाना प्रभारी के अलावा एसआई अविनाश कुमार, सतीश कुमार गुप्ता, नव प्रोन्नत एस आई देवेन्द्र कुमार सिंह व पुलिस बल शामिल थे।

# पांकी विस क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर लगेगी महापुरुषों की प्रतिमा : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा क्षेत्र में डॉ भीमराव अंबेडकर के 51 मूर्ति स्थापित करने के लिए घोषणा की थी। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि कुछ दिन पहले डेढ़ दर्जन से अधिक मूर्ति स्थापित करने के लिए वितरण किया था। उन्होंने कहा कि तरहसी प्रखंड के ग्राम धुमा में दो मूर्ति की स्थापना की जायेगी।

इस बावत संबंधित ग्रामीणों को दो मूर्ति उपलब्ध करा दिया गया है। इसमें एक प्रतिमा डॉ भीमराव अंबेडकर का और दूसरा गौतम बुद्ध का वितरण किया गया है। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमा लगायी जायेगी ताकि आनेवाली पीढ़ी इन महापुरूषों से प्रभावित होकर प्रेरणा ले सके। कहा कि महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलकर ही सभ्य व शिक्षित समाज का स्थापना हो सकता है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र झारखण्ड ही नहीं पूरे देश में अव्वल हो, एक मिशाल बने इसे ध्यान में रखकर विकास कार्य किया जा रहा है। कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे इसके लिए प्रयासरत्त हैं। मौके पर कई लोग शामिल थे।





### अज्ञात महिला ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के निमियां गांव स्थित बीसफुटा पुल के समीप रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है। अज्ञात महिला का शव रेलवे ट्रैक पर कटा हुआ पाया गया। पुलिस ने आशंका जतायी है कि यह महिला ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है या कोई और घटना घटी है। इसकी जांच की जायेगी। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पायी है।

### पूर्व डीआइजी के आजसू महासचिव बनने पर बधाई



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के मूल निवासी सह सेवानिवृत्त डीआइजी संजय रंजन को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव बनने पर वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई दी है। पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि श्री रंजन के अनुभव को हमारी पार्टी झारखंडी जनता की सेवा में उपयोग करेगी। आजसू में शामिल होने से हमारे कार्यकर्ताओ में खुशी है। बधाई देनेवालों में विकेश शुक्ला, इम्तियाज अहमद नजमी, विजय मेहता, बबलू गुप्ता, केंद्रीय सदस्य तुलसी शुक्ला, जिला कार्यकारी अध्यक्ष संतन मेहता हैं।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल



**पाटन पलामू।** प्रखंड के धनगाई निवासी अंजनी मिश्रा बाइक दुर्घटना में घायल हो गये। अंजनी किशुनपुर बीआरसी में आदेशपाल हैं। बीते शाम वे किशुनपुर बीआरसी में आठवीं कक्षा कि प्रश्न-पत्र को रखवा कर मेदिनीनगर लौट रहे थे। उसी क्रम में महेंद्रा मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक के साथ उनकी टक्कर हो गयी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवक को ईलाज के लिए मेदिनीनगर अस्पताल भेजा गया है।

### नौडीहा में होली मिलन समारोह का आयोजन



**मनातू पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के प्रखंड मनातू के नौडीहा में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। सांस्कृति कार्यक्रम का उद्घाटन कर मनातू के विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव ने कार्यक्रम कमेटी को सहयोग राशि दी। कहा कि होली आपसी सौहार्द्र व एकता का प्रतीक है। होली में लोग गिले शिकवे भूलकर गले लगते हैं। उन्होंने लोगों से होली शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। मौके पर मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, मुखिया बंधु भारती, गुड्डू खलीफा, छोटू यादव, कार्यक्रम कमेटी के सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता थे।

## जिप सदस्य व मुखिया ने रखी तुरी पंचायत सचिवालय भवन निर्माण की आधारशिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** जिला परिषद सदस्य मंजू देवी तथा मुखिया संदीप यादव ने शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के तुरी पंचायत सचिवालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पहले जीप सदस्य तथा मुखिया ने विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ा। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि पंचायत सचिवालय बनने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। वहीं मुखिया ने पंचायतवासियों के लिए खुशी का मौका बताया। मौके पर जिप प्रतिनिधि सह समाजसेवी राजेश राम, पंसस पति मिथलेश यादव, वार्ड सदस्य जितेंद्र कुमार, उमा यादव, कुंदन यादव, सरोज यादव, सतेन्द्र यादव, ओमप्रकाश यादव, विजय यादव, उपेंद्र भुइयां, दशरथ भुइंया, गुड्डू यादव, शिवनाथ यादव, ललन यादव, विजय, संजय सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिले में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से पांकी विधानसभा में मॉक ड्रील आयोजित

■ 2019 के लोकसभा चुनाव में पांकी विधानसभा के सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर काल्पनिक मतदान का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव में 80% से अधिक मतदान सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप अंतर्गत कई गतिविधियां चल रही हैं। इसी क्रम में पांकी विस क्षेत्र के लेस्लीगंज, तरहसी व पांकी के 5 बूथों पर काल्पनिक मतदान कराया गया। यहां बूथ पर प्रीजाडिंग ऑफीसर के रूप में फ्यूचर वोटर को तैनात किया गया था। उन सभी ने बूथों पर मतदान करने आये स्थानीय वोटर का नाम मतदाता सूची से मिलान किया इसके बाद संबंधित मतदाता के उंगली पर स्याही लगायी गयी जिसके बाद ईवीएम के कटआउट पर मतदान कराया गया। इस दौरान सभी से वास्तविक मतदान दिवस के दिन मतदान आवश्यक रूप से करने की अपील की। उन्होंने मतदान करने आये सभी लोगों से दूसरे लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने की बात कही।



## पलामू कांग्रेस की ऐतिहासिक धरती

■ इंडिया गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी को कार्यकर्ता भारी मतों से जितायेगी : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को पलामू कांग्रेस कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू कांग्रेस की ऐतिहासिक धरती रही है। यहां के कांग्रेसी जनों में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्सुकता है जिसे मजबूती के साथ जगाए रखना है। केंद्रीय कांग्रेस का एजेंडा है कि लोकसभा चुनाव में प्रखंड स्तर पर बूथ कमेटी तक पार्टी का योजना विचारधारा को मजबूती से आम जनता के बीच रखना है ताकि हम अपने कांग्रेस प्रत्याशी को भारी से भारी मतों से जीत दिला सके।

## अंचल के आदेश की अवहेलना का आरोप

**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना निवासी प्रेम कुमार ने पाटन सीओ व बीस सूत्री अध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रेम ने दिये गये आवेदन में कहा है कि मेरे जमीन एक एकड़ का सीमांकन हेतु अंचल द्वारा 11 मार्च को निर्गत कर निर्धारित तिथि दिया गया था। जिसमें अंचल के द्वारा हल्का कर्मचारी व अंचल निरीक्षक स्थल पर उपस्थित होकर मूल कागजात की जांच कर जमीन के मापी का आदेश अमीन को दिये थे। लेकिन अंचल अमीन सीओ के आदेश की भी अवहेलना की।

## दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात संकेत और स्पीड ब्रेकर की मांग

अनूप कुमार

**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ में नाग बाबा मंदिर से लेकर सोनबरसा मोड़ तक पिछले कुछ दिनों में सड़क पर कई दुर्घटनाएं हुई हैं। बीते एक महीने में आधा दर्जन से अधिक सड़क दुर्घटना हुई है। जिसमें तीन मौत और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहीं बीते तीन-चार साल में सैकड़ों दुर्घटनाएं हुई हैं। जिसमें भी कई लोगों की जान गयी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इसका प्रमुख कारण यातायात संकेतक एवं स्पीड ब्रेकर का न होना है। जिससे वाहन तेज गति से निकलते हैं और दुर्घटनाएं होती हैं। लोगों का कहना है कि वाहनों को नियंत्रित नहीं किया गया तो दुर्घटना दोबारा होगी और फिर किसी के घर का चिराग बुझेगा। लोगों ने मुख्य सड़क मार्ग पर जरूरत के अनुसार यातायात संकेतक और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।



# आमसभा का आदर करें अधिकारी

## कामत गांव की महिला को मिलेगा इंसाफ : विधायक

■ हुसैनाबाद स्थित विधायक आवास पर फरियाद लेकर पहुंची महिलाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के कामत गांव की महिलाएं शुक्रवार को हुसैनाबाद स्थित विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यालय में पहुंच बाल विकास परियोजना हुसैनाबाद की मनमानी का आरोप लगाया है। शकुंती उरांव ने कहा कि 29 नवंबर 2023 को आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए आमसभा की गयी थी। उसमें उनका ही चयन हुआ था। चयन पत्र मांगने पर बाल विकास परियोजना हुसैनाबाद की पर्यवेक्षिका किरण कुमारी ने कहा कि चयन पत्र बाद में मिल जायेगा। चयन पत्र आज तक नहीं मिला। पुनः 12 मार्च को गांव में पर्यवेक्षिका व अन्य पदाधिकारी आकर बोले कि आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए आमसभा करनी है। आमसभा में काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। पुनः उन्हीं (शंकुती उरांव) का चयन हुआ। शकुंती का आरोप है कि अधिकारी जिसे चयन करना चाहते थे, उनका चयन नहीं होने पर वह गुस्से में आकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गली गलौज करने लगे।



आमसभा में मौजूद लोग और विधायक (इनसेट)।

**शकुंती को मिलेगा इंसाफ : विधायक-** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शकुंती उरांव को इंसाफ मिलेगा। उन्होंने मामले की जांच का जिम्मा डीएसडब्ल्यूओ को दिया है। कहा कि प्रखंड के विभागों के अधिकारियों के खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही है। बीडीओ एवं सीओ दफ्तर में दलालों का जमावड़ा है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि जनता का काम समय पर करें। भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी बक्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने कामत के ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनके रहते उन्हें कोई दबा नहीं सकता। हुसैनाबाद की जनता का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। विधायक कार्यालय में एनसीपी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू ने महिलाओं की समस्या सुनी व उनसे बात करायी।

# ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर लगाया अबुआ आवास में घूस मांगने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** सरकार का महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास में रिश्वत मांगने का आरोप पाटन प्रखंड अंतर्गत सुंठा पंचायत के खैर दोहर के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव अमीन हसन अंसारी पर लगाया है।

सुंठा पंचायत के खैर दोहर निवासी कसीदा बीबी पति सलीम मियां रशीदा बीबी पति लालम मियां समीला बीबी पति हदीस मियां कसीदा बीबी राजा मियां तासो बीबी पति सरफुद्दीन अंसारी शबाना प्रवीण पति सदाम अंसारी ने बताया कि सुंठा पंचायत के पंचायत सचिव अमीन हसन अंसारी के द्वारा हमलोगों से बीस बीस हजार रुपये अबुआ आवास देने के नाम पर मांगा गया था।

हमलोगों के द्वारा इतनी बड़ी राशि देने से असमर्थ जतायी जिसके फलस्वरूप हमलोगों को अबुआ आवास कि चयनित सूची में नहीं रखा गया। जबकि जिन लोगों ने पंचायत सचिव को रिश्वत दिया उसको चयनित कर आवास दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी लिखित शिकायत पाटन बीडीओ को दिया गया है पाटन बीडीओ ने एक सप्ताह के अंदर जांच करवाने का आश्वासन दिया था परन्तु अभी तक जांच नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उपायुक्त पलामू से करने की बात कही है।



घूस लेने का आरोप लगाने वाले लोग और उनका परिवार।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
16.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 243



14 अमिताभ बच्चन की एंजियोप्लास्टी

इफ्तार : शाम 5.59 (14 मार्च)
सेहरी : भोर 4.42 (15 मार्च)







इफ्तार : शाम 5.59 (14 मार्च)
सेहरी : भोर 4.42 (15 मार्च)

# 2024 के चुनावी महासंग्राम का आयोग आज करेगा ऐलान

## इसीआइ का 3 बजे प्रेस कांफ्रेंस, देश भर में आदर्श आचार संहिता हो जायेगा प्रभावी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान शनिवार 16 मार्च को दोपहर 3 बजे किया जायेगा। इसकी जानकारी खुद चुनाव आयोग की तरफ से सोशल मीडिया एक्स हैंडल के जरिये दी गयी। इससे पहले चुनाव आयोग की शुक्रवार को करीब 45 मिनट तक बैठक हुई जिसमें चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गयी। चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। इसे इसीआई के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइवस्ट्रीम किया जायेगा। चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लग जायेगी। साल 2019 में लोकसभा चुनाव 7 चरणों में संपन्न हुए थे।

### सभी दलों को एक जैसे अवसर

मंत्री और अन्य अधिकारी चुनाव की घोषणा होने के बाद निधि से अनुदान या भुगतान को मंजूरी नहीं दे सकते हैं। चुनाव के दौरान सरकारी विमान, वाहन, मशीनरी और कर्मियों सहित सरकारी परिवहन का इस्तेमाल सत्तारूढ़ दल के हितों को आगे बढ़ाने के लिए नहीं किया जा सकता है। चुनावी रैलियां आयोजित करने के लिए मैदान और हवाई उड़ानों के लिए हेलीपैड जैसे सार्वजनिक स्थान सभी दलों और उम्मीदवारों के लिए समान नियमों और शर्तों पर उपलब्ध होने चाहिए। चुनाव आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार, विश्राम गृहों, डाक बंगलों या अन्य सरकारी आवासों पर सत्तारूढ़ दल या उसके उम्मीदवारों का एकाधिकार नहीं होना चाहिए। किसी भी पार्टी द्वारा चुनाव प्रचार के लिए प्रचार कार्यालय के रूप में या सार्वजनिक बैठकें आयोजित करने के लिए उनका उपयोग करना प्रतिबंधित है।



### दोनों नये चुनाव आयुक्तों ने संभाला कार्यभार

इससे पहले नवनियुक्त चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आयोग के मुख्यालय में शुक्रवार को ही कार्यभार संभाला। इसके बाद चुनाव आयोग की अहम बैठक हुई, यह बैठक करीब 45 मिनट तक चली। इसी बैठक में चुनावों की तारीखों को लेकर अहम फैसला लिया गया। आयोग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन सदन में नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों के लिए आगामी 12 सप्ताह अति व्यस्त और चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। राजीव कुमार ने आम चुनाव और चार राज्यों के विधान सभा चुनाव से ठीक पहले आयोग में दोनों चुनाव आयुक्तों के शामिल होने को महत्वपूर्ण बताया।

### क्या है आदर्श आचार संहिता

जब भी कहीं चुनाव हो रहे होते हैं तो जिस दिन तारीखों की घोषण की जाती है, उसी समय से आदर्श संहिता लगा दी जाती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए अपने संवैधानिक अधिकार के तहत चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता विकसित की है जो राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए मानदंड स्थापित करती है। इसका उद्देश्य सभी दलों को चुनाव लड़ने के लिए एक जैसे ही अवसर देना है।

### ये सब बदलाव हो जायेंगे

सबसे पहले सरकार द्वारा की जाने वाली घोषणाओं पर रोक लगा दी जाती है। चुनाव पैनल के दिशानिर्देशों में कहा गया है कि चुनाव की घोषणा होने के बाद मंत्रियों और अन्य अधिकारियों को किसी भी वित्तीय अनुदान की घोषणा करने या उसके वादे करने से प्रतिबंधित किया जाता है। वहीं, लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद, सिविल सेवकों को छोड़कर, मंत्रियों या नेताओं को शिलान्यास करने या किसी भी प्रकार की परियोजनाओं या योजनाओं को शुरू करने से भी प्रतिबंधित कर दिया जाता है। सरकारी या सार्वजनिक उपक्रमों में एड हॉक नौकरियां जो सत्तारूढ़ दल के पक्ष में मतदाताओं को प्रभावित कर सकती हैं, उस पर भी रोक लग जाती है।

## न्यूज डायरी

### मोदी के रोड शो को कोर्ट से मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में पीएम मोदी के होने वाले रोड शो को हाई कोर्ट से मंजूरी मिल गयी है। मद्रास उच्च न्यायालय ने 18 मार्च को रोड शो निकालने की आज इजाजत दे दी। इससे पहले स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कोयंबटूर में रोड शो निकालने पर रोक लगा दी थी। इस मामले में पुलिस के आदेश को चुनौती देते हुए भाजपा की तमिलनाडु यूनिट ने मद्रास एचसी का रुख किया था। अदालत की ओर से फैसला सुनाया गया जो भाजपा के पक्ष में रहा। कोयंबटूर पुलिस का कहना था कि यहां पर रोड शो करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। इसे लेकर मुख्य रूप से 4 कारणों में सबसे प्रमुख सुरक्षा मामला था

### भारत ने सीएए पर अमेरिकी बयान को खारिज किया

**नयी दिल्ली।** भारत ने नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) को लेकर अमेरिका के विदेश विभाग के बयान को पूरी तरह से खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि यह भारत का आंतरिक मामला है। भारत ने अमेरिकी बयान को अपूर्ण जानकारी पर आधारित गलत एवं अनुचित करार दिया। साथ ही कहा कि यह कानून भारत की समावेशी परंपराओं एवं मानवाधिकारों के प्रति उसकी प्रतिबद्धताओं पर आधारित है।

### संदेशखाली की पीड़िताओं की राष्ट्रपति से गुहार

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हिंसा से पीड़ित लोगों का एक समूह शुक्रवार को राजधानी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिला। उन्होंने राष्ट्रपति को अपनी आपबीती सुनायी। उनसे अपनी सुरक्षा की गुहार भी लगायी। राष्ट्रपति को एक ज्ञापन दिया जिसमें उत्पीड़न की शिकार अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय की सुरक्षा के लिए हस्तेक्षप की मांग की गयी है।

# बागेश्वर सरकार को देखने-सुनने उमड़ी भीड़

## बाबा बैजनाथ की पूजा कर शुरू किया प्रवचन कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**देवघर।** बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बाबा बैद्यनाध की पूजा करने के बाद संतसम्मेलन में भाग लेने देवघर कॉलेज मैदान पहुंचे। यहां पर लगभग तीन घंटे का उनका आध्यात्मिक प्रवचन चला। प्रवचन को सुनने और धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को देखने के लिए देवघर ही नहीं पड़ोसी जिला दुमका और बिहार के बांका, जमुई के साथ साथ सीमावर्ती पश्चिम बंगाल से भी लोग भारी संख्या में यहां उमड़ पड़े थे। बाबा बागेश्वर के प्रवचन को देखने और सुनने के लिए गुरुवार से ही लोग जुटने लगे थे। वहीं इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये थे।

**देवघर में जोरदार स्वागत**

दोपहर को बाबा बागेश्वर के देवघर आगमन पर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की अगुवाई में उनका स्वागत किया गया। देवघर एयरपोर्ट से बाबा बागेश्वर सीधे बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने पूरे विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। मंदिर प्रांगण में पुजारी के द्वारा रीति-रिवाज के साथ बाबा बैद्यनाथ की पूजा करायी गयी। धीरेंद्र शास्त्री जैसे ही बैद्यनाथ धाम मंदिर परिसर पहुंचे, उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को संभालने के लिए पुलिस बल को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। बागेश्वर बाबा ने अपने हाथ जोड़कर लोगों की भीड़ का अभिवादन किया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच वो मंदिर परिसर से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे।

## पूर्वी सिंहभूम को सीएम ने दिये दो डिग्री कॉलेज, कहा

# शिक्षा में सुधार और स्मार्ट गांव का सपना करेंगे साकार

- डिग्री कालेज छात्रों को होगी सहूलियत
- हर खेत में पानी पहुंचाना हमारा लक्ष्य
- 131 योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाकुलिया।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही है। श्री सोरेन शुक्रवार को चाकुलिया में डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब राज्य में बुनियादी व्यवस्थायें मजबूत और सक्रिय होगी। तभी स्मार्ट गांव बनाने की परिकल्पना पूरी होगी। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की केंद्र सरकार झारखंड के साथ हमेशा भेदभाव करती है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग अपने हक और अधिकार को पहचानें। यह आपकी सरकार है। आपकी सरकार के साथ भेदभाव करनेवालों को सबक भी सिखायें। इस मौके पर सीएम ने अपनी कर्मभूमि पूर्वी सिंहभूम के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में दो डिग्री कॉलेज का उपहार देते हुए अपने हाथों से शिलान्यास किया। ये डिग्री कॉलेज चाकुलिया और पोटका जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र को मिला है।

(शेष 11 पर)



### केंद्र-भाजपा सरकार ने हमेशा उपेक्षा की

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा पर आदिवासी राज्य झारखंड की हमेशा उपेक्षा करने का आरोप लगाया। दोनों ने साजिश रचकर हेमंत सोरेन को बिना किसी गुनाह के जेल में डाला है। इसका बदला आगामी चुनाव में वोट के द्वारा लेना है। सीएम ने कहा कि झारखंड धनी प्रदेश के रूप में जाना जाता है, लेकिन, यहां के आदिवासी तथा मूलवासियों को व्यवस्थाओं से दूर रखा गया था। झारखंड बने 24 साल हो गए लेकिन आज तक यहां के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए कोई पहल नहीं हुई। पूर्व की डबल इंजन सरकार ने यहां के शिक्षा के मंदिरों को जमींदोज करने का काम किया। सीएम ने कहा कि जहां आज डिग्री कॉलेज खुलने जा रहा है वहां, सोना का खदान और यूरेनियम की खान है, जिससे यहां के बच्चे अपने घर में रहकर माड़ भात खाकर भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।

### नक्सलियों की साजिश नाकाम, 10 आइइडी बरामद

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र के वनग्राम जिम्कीइकीर-बागान के पास के जंगल से बुधवार को सुरक्षा बलों ने 10 आइइडी (विस्फोटक) और गोइलकेरा थाना क्षेत्र से दो स्पाइक होल बरामद किया। इनमें 3-3 किलो के आठ, पांच किलो का एक और चार किलो का एक आइइडी शामिल है। सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए आइइडी को प्लांट किया गया था। एसपी आशुतोष ने बताया कि बरामद सभी आइइडी और स्पाइक होल को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया। प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को यह सफलता मिली। सुरक्षा बलों ने गोइलकेरा के हाथीबुरु व लोवाबेड़ा के आसपास पहाड़ी क्षेत्र में रास्ते पर दो स्पाइक होल बरामद किया। ज्ञात हो कि नक्सलियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते के सदस्यों के साथ कोल्हान में सक्रिय है। इसकी जानकारी मिलने के बाद पश्चिमी सिंहभूम पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर व सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियन की टीम संयुक्त अभियान चला रही है।

## पटना पुलिस हजारीबाग में छात्रों से कर रही पूछताछ

- बिहार शिक्षक नियुक्ति परीक्षा मामला, अबतक की सबसे बड़ी रेड

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना, हजारीबाग।** बीपीएससी की ओर से आयोजित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा प्रश्न पत्र मामले की जांच को लेकर आर्थिक अपराध शाखा की पटना टीम हजारीबाग पहुंची है। यहां पर कई छात्रों को अपने कब्जे में ले कर उनसे पूछताछ पूछताछ की जा रही है। ये देश की सबसे बड़ी रेड मानी जा रही है क्योंकि इससे पहले राजस्थान में छापेमारी में 40 से 50 छात्रों को डिटेन किया गया था। हजारीबाग पुलिस द्वारा बरही और नगवां टोल प्लाजा के पास से लगभग 7 बस भी जब्त किया गया है। इन्हीं बसों से छात्रों को परीक्षा के लिए बिहार ले जाया जा रहा था। उन्हें हजारीबाग ले आकर पहले तैयारी करायी गयी थी। इसकी भनक बिहार सरकार को लग गयी थी। हजारीबाग बिहार का सीमावर्ती जिला है। इस कारण छात्रों को हजारीबाग लाया गया। फिलहाल आर्थिक अपराध इकाई की पटना टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। (शेष 11 पर)

**हजारीबाग में करायी जा रही थी तैयारी :** दो दिन पहले छात्रों को बिहार से हजारीबाग लाया गया था। निजी होटल में लगभग 200 से अधिक छात्र रुके हुए हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें बंद कमरे में प्रश्न पत्र दिया गया और तैयारी भी करायी जा रही थी। 15 मार्च शुक्रवार को परीक्षा आयोजित थी। छात्र हजारीबाग से बस के जरिये परीक्षा देने के लिए निकले थे। इस दौरान हजारीबाग पुलिस और बिहार सरकार को कुछ इनपुट्स मिले। इन गुप्त सूचना के आधार पर यह ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### चुनावी बांड, मोदी का बड़ा वसूली रैकेट : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड को लेकर पीएम मोदी पर सीधा हमला किया। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉन्ड का जो डाटा सार्वजनिक किया गया है उससे साफ हो गया है कि मोदी चुनावी बांड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा रैकेट चला रहे हैं। श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, नरेंद्र मोदी चुनावी बांड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट चला रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावी बांड योजना को जबरदस्ती पैसा लूटने तथा लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाली नीति करार दिया। उन्होंने कहां यह बहुत बड़ा घोटाला है और इस घोटाले की उच्चतम न्यायालय की देख-देख में उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए । इस बीच कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा है कि 2018 से कुल 22,217 बांड जारी किए गये थे लेकिन वेबसाइट पर केवल 18,871 बांड हैं। वेबसाइट पर 3,346 बॉन्डों का विवरण उपलब्ध नहीं है। एसबीआइ ने 3,346 बॉन्डों का विवरण उपलब्ध नहीं कराया है। सवाल है कि वे कौन लोग हैं जिन्हें मोदी सरकार बचाने की कोशिश कर रही है।

## मां भद्रकाली की पूजा-अर्चना कर कार्यकर्ताओं से बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

# तीसरी ही नहीं चौथी बार भी प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** इटखोरी में शुक्रवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। रक्षा मंत्री ने पीएम मोदी के नेतृत्व को हर मोर्चे पर सफल बताया। उन्होंने कहा कि भगवान की इच्छा है तो नरेंद्र मोदी न सिर्फ तीसरी बार बल्कि चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनके नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। दस वर्ष के शासनकाल में नरेंद्र मोदी ने देश को करिश्माई नेतृत्व दिया है। उनके शासनकाल में दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। देश का कद ऊंचा हुआ है। आर्थिक मामले में भारत पांच टॉप देशों में शामिल हो गया है। सभा को संबोधित करने के पहले राजनाथ सिंह ने इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने सहस्त्र शिवलिंग पर जलार्पण भी किया। जनसभा में भाजपा सांसद आदित्य साहू, सुनील सिंह और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं और भाजपा समर्थकों में उत्साह भरते हुए गांव-गांव जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों और कार्यों से अवगत कराने की अपील की। पीएम मोदी ने देश को करिश्माई नेतृत्व दिया है। दुनियाभर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। देश का कद ऊंचा हुआ है। आर्थिक मामले में भारत टॉप फाइव देशों में शामिल हो गया है। राजनाथ सिंह कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में जी जान से मेहनत कर पार्टी के प्रत्याशी को जीतने की अपील की। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी, सांसद सुनील कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास, पांकी के विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया। (शेष 11 पर)

### झारखंड सरकार पर भी हमला

राजनाथ सिंह ने झारखंड की मौजूदा सरकार पर भी जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने झारखंड का बेड़ागर्क कर दिया है। पूरी सरकार जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मेहमाननवाजी में लगी हुई है। विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के अब तक के शासन काल की सराहना करते हुए कहा कि अब तक किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। जनता को धोखा देना भाजपा के चरित्र में नहीं है। हम लक्ष्य तय कर के काम करते हैं। जनता के भरोसे को नहीं तोड़ते हैं, देश बनाने के लिए राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि भाषणों से भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं किया जा सकता है इसके लिए सिस्टम में बदलाव की जरूरत होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमलोग यह संकल्प लें कि नरेंद्र मोदी तीसरे बार नहीं चौथी बार देश का प्रधानमंत्री बने।

### केजरीवाल को कोर्ट से झटका, समन पर रोक नहीं

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत के समन आदेश के खिलाफ दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाओं पर सुनवाई के बाद शुक्रवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। एसीएमएम अदालत ने कथित आबकारी शुल्क नीति मामले से संबंधित धनशोधन मामले में समन का पालन नहीं करने की इडी की शिकायत पर पहले केजरीवाल को शनिवार को अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया था। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल ने ईडी और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद दोनों पुनरीक्षण याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्यमंत्री ने नयी दिल्ली के राउज एवेन्यू स्थित अदालत के समक्ष एसीएमएम अदालत के समन आदेश के खिलाफ दो आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाएं दायर की थीं।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 61300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 7600 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख



# चुनावी शंखनाद...

देश में 18 वीं लोकसभा चुनाव की तिथियां आज घोषित कर दी जायेंगी। देश के इतिहास में ऐसा कम ही हुआ है जब सत्ताधारी भाजना नीति राजग पहले से ही 400 पार का नारा लगा रहा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का गठबंधन बुरी तरह विखरा हुआ दिख रहा है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में जिसका आधार सामान्यतः शहरी वोटर होते हैं उसमें राजग को 400 से अधिक सीटें मिलती दिखायी जा रही है। इन स्थितियों के बीच वर्तमान केन्द्र सरकार को सबसे बड़ा लाभ विखरें विपक्ष से मिल रहा है लेकिन विखरे विपक्ष के क्षेत्रिय दलों का पलड़ा भी कई राज्यों में भारी है। राम मंदिर के निमार्ण और वर्तमान सरकार के विकास की योजनाओं के प्रचार से जो माहौल बन रहा है उसके आगे कांग्रेस सहित उत्तर भारत के क्षेत्रिय दलों को कठिनाई हो रही है। फिर भी पंजाब में केजरीवाल, बंगाल में ममता बनर्जी, बिहार में तेजस्वी सहित केरल आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में भाजपा को कड़ी चुनौती मिलेगी जहां कई राज्यों में उसकी उपस्थिति नगन्य है। मीडिया के सर्वे राम मंदिर का असर और मोदी की विकास की योजनाओं के प्रचार के बीच देश में बचत का कम होना यह संकेत दे रहा है कि आर्थिक विकास के दावे सीमित और जीडीपी ग्रोथ के दावे पूंजी के असमान वितरण जैसी बड़ी समस्या को आमंत्रित कर रहें हैं। वैसे चुनाव परिणाम अक्सर चौकाते है क्योंकि चुने गये आधे सांसद हर चुनाव में हार जाते हैं। चुनाव के पूर्व ईवीएम के खिलाफ मामले को सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर चुनाव की विश्वसनीयता पर मुहर लगा दी है। चुनाव प्रचार में पीएम मोदी 10 से अधिक राज्यों का दौरा कर अपने आप को आगे रख चुके हैं अब आरोप प्रत्यारोप के बीच चुनाव परिणाम की उत्सुकता बनी रहेगी। निश्चित ही चुनाव शांतिपूर्ण हो और लोकतांत्रिक मूल्य जीते यह बड़ी बात होगी।

# सैन्य बलों में महिला

अब भारतीय सेना ने देश सेवा का सपना देख रही युवतियों-महिलाओं के लिए महिला सैन्य पुलिस में सैनिकों के रूप में भर्ती का अवसर मिलेगा। अभी तक शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए सेना की मेडिकल, सिग्नल, एजुकेशन और इंजीनियरिंग कोर में भर्ती की जाने वाली महिलाओं को सीधे मोर्चे पर लड़ाकू भूमिका में भेजने से परहेज था। पूछा जाता था कि क्या महिलाएं दुश्मन से मोर्चा लेने के लिए सरहद पर जाने और सीमा पर वापस आते ताबूतों को देखने के लिए तैयार हैं (संदर्भ- पिछले वर्ष सेना प्रमुख बिपिन रावत का बयान)। महिलाओं की दृढता पर सवाल उठाती आशंकाओं का ही प्रतिफल है कि थल सेना में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 3.80 फीसद, वायु सेना में 13.09 फीसद और नौसेना में 6 फीसद है। करीब 14 लाख सशस्त्र बलों के 65 हजार अफसरों के कैडर में देखें तो थल सेना में 1500, वायु सेना में 1600 और नौसेना में मात्र 500 महिलाएं हैं। बेशक, सेना में महिलाओं को अब से दो की बजाय दस शाखाओं में परमानेंट कमीशन देने पर तो सहमति है, लेकिन उन्हें कमांड भूमिकाओं में अब भी नहीं लाया जाएगा। तात्पर्य यह कि महिलाओं को किसी यूनिट के नेतृत्व का मौका नहीं मिलेगा। कमांडिग अफसर बनने की बजाय परमानेंट कमीशन मिलने के बावजूद कर्नल के पद तक ही पहुंच सकेंगी। वैसे हर साल सशस्त्र सुरक्षा बलों की तीनों शाखाओं में करीब 3300 महिलाओं की भर्ती होती है, लेकिन वे सीधे दुश्मन से नहीं भिड़ती हैं। महिलाओं को लड़ाकू भूमिका नहीं देने को लेकर कुछ बाधाओं की बात कही जाती रही है। लेकिन वर्तमान समय में उनकी बहादुरी और होशियारी के साथ विश्व के विकसित देशों में जिस प्रकार की उन्हें जिम्मेदारी दी जा रही है उसकी चर्चा कम ही होती है। आज भारतीय परिवेश में उनकी भी एक समृद्ध परम्परा है।

# भारत की मुक्त व्यापार के लिए दूरगामी सोच





-डॉ मयंक चुतुर्वेदी

> यह पहली बार है और बड़ी उपलब्धि भी कि भारत एक साथ चार विकसित देशों जिनमें स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन शामिल हैं, के साथ यह हस्ताक्षर करने में सफल हुआ है । जिसमें कि यह सुनिश्चित किया गया है कि 100 बिलियन डॉलर के निवेश और एक मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार की बाध्यकारी प्रतिबद्धता रहेगी।

**भारत** इस समय दुनिया के तमाम देशों के साथ आर्थिक क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर चल रहा है और एक देश के बाद दूसरे देश के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने में सफल हो रहा है। भारत की इस सफलता ने आज देश में शुरू हुए स्टार्टअप्स को एक नई उड़ान दे दी है। यह समझौते मेक इन इंडिया को बढ़ावा देनेवाले तथा युवा एवं प्रतिभाशाली श्रमबल को अनेक नए अवसर प्रदान कर रहे हैं । इस दिशा में भारत-यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता ( टीईपीए ) पर हस्ताक्षर भारत की आर्थिक क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी।

इससे पूर्व भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी के समझौते पर दस्तखत किए गए। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब डॉलर सालाना से बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। सेवाओं का व्यापार 15 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। वाणिज्य मंत्रालय का यह आंकड़ा भी है कि भारत के कपड़ा, दवा, जवाहरात, गहनों और प्लास्टिक के उत्पादों, ऑटो और चमड़ा, प्रोसेस्ड कृषि और डेयरी उत्पादों, हस्तशिल्प, फर्नीचर, खाद्य और पेय पदार्थों, इंजीनियरिंग जैसे ज्यादा श्रम वाले उद्योगों में 10 लाख नए रोजगार पैदा होंगे। इसी तरह से भारत के सबसे महत्वपूर्ण एफटीए भारत के पूर्व में स्थित देशों आसियान, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। जिसके परिणाम स्वरूप आज प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से देश की कुल जनसंख्या में से करोड़ों लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

वस्तुतः मोदी सरकार जिस तरह से एक-एक योजना पर गहराई से कार्य कर रही है, उसे देखते हुए अब लगने लगा है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्था जल्द ही बन जाए। एक-एक बिन्दु पर कार्य की गहराई इसी से समझी जा सकती है कि पिछले 16 साल की मशक्कत के बाद सरकार ने यूरोपीयन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (टेपा) करने में सफलता प्राप्त की है। यानी कि पिछले 10 साल कांग्रेस की सरकार जो करके नहीं दिखा पाई उसे लोकसभा चुनाव के पूर्व मोदी सरकार लगातार के अपने प्रयासों के परिणाम स्वरूप करने में सफल हो गई।

देश में आज हर रोज हजारों नए व्यापारिक प्रतिष्ठान खुल रहे हैं, कंपनियों द्वारा बनाए माल की खपत यदि नहीं होती है तो कंपनी को दिवालिया होने से कोई रोक नहीं पाता, ऐसे में हर कंपनी को उसकी निर्माण वस्तु के हिसाब से मार्केट मिले यह आवश्यक है। आज यह अच्छी बात है कि केंद्र की भाजपा सरकार इस कार्य को पूरा करती हुई दिखाई दे रही है। हालांकि यह भी सच है कि कुछ देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा अधिक है, जिसमें कि चीन का जिक्र अक्सर आता है, किंतु इसके साथ ही यह भी सच है कि दुनिया के तमाम देशों के साथ जो पिछले 10 सालों में मोदी सरकार के प्रयासों से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) हुए हैं, उनमें भारत आज लीडर की भूमिका में पहुंच गया है। अभी जो भारत - यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन ने व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता ( टीईपीए ) पर हस्ताक्षर किए हैं, यदि उसके ही लाभ देखें तो लगता है कि देश के कितने अधिक लोगों को एक साथ रोजगार मिल जाएगा।

यह पहली बार है और बड़ी उपलब्धि भी कि भारत एक साथ चार विकसित देशों जिनमें स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन शामिल हैं, के साथ यह हस्ताक्षर करने में सफल हुआ है । जिसमें कि यह सुनिश्चित किया गया है कि 100 बिलियन डॉलर के निवेश और एक मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार की बाध्यकारी प्रतिबद्धता रहेगी। पहले 10 सालों में 50 अरब डॉलर तो बाद के पांच सालों में 50 अरब डॉलर का निवेश किया जाना तय किया गया है । समझौते से फार्मा, टेक्सटाइल जैसे सेक्टर के साथ सर्विस सेक्टर में भी इन चार देशों के बाजार में भारत की पहुंच आसान हो जाएगी।

यहां अच्छा यह भी है कि इस समझौते से भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोप के बड़े बाजार में पहुंच सहज होगी। जिसका कि बड़ा लाभ यह है कि यूपोरीय यूनियन के सर्विस सेक्टर में स्विट्जरलैंड की बड़ी हिस्सेदारी है और अब सर्विस सेक्टर से जुड़ी भारतीय कंपनियां स्विट्जरलैंड में अपना आधार बना कर यूरोप के बाजार में प्रवेश कर सकेंगी। इससे आईटी, बिजनेस, शिक्षा, मनोरंजन, ऑडियो-विजुअल सेक्टर के सर्विस को प्रोत्साहन मिलेगा। स्विस चाकलेट्स, घड़ी एवं अन्य सामग्री भारतीयों को सस्ते दाम पर उपलब्ध हो जाएंगी। इस अनुबंध से वस्तु निर्यात से लेकर सेवा निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रीन एनर्जी, केमिकल्स, मशीनरी जैसे क्षेत्र में निवेश कई गुना बढ़ जाएगा।

कहना होगा कि यह टीईपीए बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी, विनिर्माण, मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, परिवहन और लॉजिस्टिक्स, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं और बीमा जैसे क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करके ₹मेक इन इंडिया₹ और आत्मनिर्भर भारत को गति देगा। इसके साथ ही टीईपीए भारत में अगले 15 वर्षों में व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण के लिए बेहतर सुविधाओं सहित भारत के युवा महत्वाकांक्षी कार्यबल के लिए बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष रोजगारों के सृजन में तेजी लाएगा।

यह तो हुई इस अनुबंध की बात लेकिन इससे पहले भारत ने जो अनुबंध दूसरे देशों से किए हैं, उससे किस तरह भारत पिछले साल 2023 में दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बना है, वह हम सभी ने देखा है। इसी के साथ बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दावा करते हुए कहा था, ह्यह्यमैं देश को... विश्वास दिलाता हूं कि हमारे तीसरे कार्यकाल में भारत, शीर्ष 3 अर्थव्यवस्था में पहुंच कर रहेगा और ये मोदी की गारंटी है ह्लह्ल निश्चित ही यह गारंटी आज अपना कार्य सफलता से पूरा करती हुई दिखती है।

## खास बात

# सड़क दुर्घटना

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

एक ओर दुनिया के देशों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आने लगी है। पिछले दिनों देश में चार ई कंसेप्ट पर चर्चा भी आरंभ हुई है पर उसका परिणाम अभी भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है। वैश्विक आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो 2010 से 2021 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारण मौत के आंकड़ों में 5 प्रतिशत की कमी आई है। ठीक इसके विपरीत हमारे देश में दुर्घटनाओं के कारण मौत का आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। देश में प्रति घंटा 53 दुर्घटनाएं और 19 मौत हो रही है। सबसे चिंतनीय तो यह है कि 60 प्रतिशत मौत 18 से 35 वर्ष के लोगों की हो रही है। 2022 के आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो देश में चार लाख 50 हजार दुर्घटनाएं हुईं और इन दुर्घटनाओं के कारण एक लाख 68 हजार लोग मौत के मुंह में समा गये। आंकड़ों के अनुसार दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत और मौत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। इस सबसे जीडीपी में 3.14 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। देश में 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत की रफ्तार को आधी करने के लक्ष्य को लेकर चलने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं और मौत का आंकड़ा दोनों में ही कमी नहीं आ रही है। हालांकि पिछले दिनों भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के आंकड़े को 2030 तक आधा करने के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए चार ई का फामूर्ला दिया है। चार ई में इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, एजुकेशन और इमरजेंसी मेडिकल सुविधा शामिल है। सही भी है सड़क बनाते समय थोड़ा सा ध्यान नहीं देने से एक्सिडेंट स्पॉट रह जाते हैं और वह आये दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

देश में सबसे अधिक दुर्घटना का कारण इस तरह के एक्सिडेंट स्पॉट ही हैं। हालात यहां तक है कि इस तरह के एक्सिडेंट स्पॉट गली कूचे की सड़कों से लेकर विशेषज्ञों द्वारा गहन चिंतन मनन से तैयार रोडमैप से बनने वाली एक्सप्रेस हाइवे तक में मिल जाती है।

# संसारिक जीवन

## धर्म-प्रवाह

**महर्षि अरविंद**

**पात्रता** के अभाव में सांसारिक जीवन में किसी को शायद ही कुछ विशेष उपलब्ध हो पाता है। अपना सगा होते हुए भी एक पिता मूर्ख गैर जिम्मेदार पुत्र को अपनी विपुल सम्पत्ति नहीं सौंपता। कोई भी व्यक्ति निर्धारित कसौटियों पर खरा उतरकर ही विशिष्ट स्तर की सफलता अर्जित कर सकता है। मात्र मांगते रहने से कुछ नहीं मिलता, हर उपलब्धि के लिए उसका मूल्य चुकाना पड़ता है। बाजार में विभिन्न तरह की वस्तुएं दुकानों में सजी होती हैं, पर उन्हें कोई मुफ्त में कहां प्राप्त कर पाता है? अनुनय विनय करने वाले तो भीख जैसी नगण्य उपलब्धि ही करत लगत कर पाते हैं। पात्रता के आधार पर ही शिक्षा, नौकरी, व्यवसाय आदि क्षेत्रों में भी विभिन्न पात्रता विकसित हो जाने पर बिना मांगें ही वे साधक पर बरसती हैं। उन्हें किसी प्रकार का अनुनय विनय नहीं करना पड़ता है। दैवी शक्तियां परीक्षा तो लेती हैं, पर पात्रता की कसौटी पर खरा सिद्ध होने वालों को मुक्तहस्त से अनुदान भी देती हैं। यह सच है कि अध्यात्म का, साधना का चरम लक्ष्य सिद्धियां-चमत्कारों की प्राप्ति नहीं है, पर जिस प्रकार अध्यवसाय में लगे छात्र को डिग्री की उपलब्धि के साथ-साथ बुद्धि की प्रखरता का अतिरिक्त अनुदान सहज ही मिलता रहता है, उसी तरह आत्मोत्कर्ष की प्रचण्ड साधना में लगे साधकों को उन विभूतियों का भी अतिरिक्त अनुदान मिलता रहता है, जिसे लोक-व्यवहार की भाषा में सिद्धि एवं चमत्कार के रूप में जाना जाता है। पर चमत्कारी होते हुए भी ये प्रकाश की छाया जैसी ही हैं।

**दुनिया** भर के गंजों को समर्पित.. आज से 40 साल पहले जब मैं मुंबई फि ल्मों में अपनी कि स्मत आजमाने आया था तो मेरे बाल झड़ रहे थे और अस्त व्यस्त थे। लोग इसे मेरी किस्मत कहते थे और मैं इसे अपनी खासियत कहता था।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

आजादी के 77 वर्षों बाद भी, पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा उपेक्षित पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड में आज एक डिग्री कॉलेज का शिलान्यास किया। इस कॉलेज से ना सिर्फ छात्रों को सुविधा होगी, बल्कि हमारी उन बेटियों को भी उच्च शिक्षा में मदद मिलेगी। **- चंपई सोरेन, सीएम**





**दुनिया** की आबादी सात अरब से ज्यादा है। इसमें से कोई भी कष्ट उठाना नहीं चाहता और न ही कोई समस्याओं का सामना करना चाहता है। इसके बावजूद हम कई सारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं जो खुद हमने खड़ी की हैं।

**-दलाई लामा, बौद्ध धर्म गुरु**

# झारखंड में सूखे और जल संकट की गहराती समस्या

**मनोज कुमार सिन्हा**

## समस्या

**बीते** वर्ष सामान्य से कम बारिश होने के कारण झारखंड सरकार ने राज्य के 17 जिलों के 158 ब्लॉकों को सूखा प्रभावित घोषित कर दिया है. वर्ष 2023 में मानसून के दौरान राज्य के केवल चार जिलों में सामान्य बारिश हुई और बाकी जिलों में सामान्य से कम. इस प्रकार, राज्य में मानसून के दौरान कुल मिलाकर औसत से 38 फीसदी कम बारिश दर्ज की गयी. तेईस वर्ष पहले एक राज्य के तौर पर अस्तित्व में आने के बाट से झारखंड को 10 बार सूखाग्रस्त घोषित किया जा चुका है. यहां हर तीन या चार वर्ष में सूखा पड़ता था, परंतु 2022 और 2023 में लगातार दो वर्ष चरम मौसमी घटनाएं दर्ज हुईं. वर्ष 2022 भी राज्य के 22 जिलों के 226 ब्लॉक को सूखा प्रभावित घोषित किया गया था

भारत में जल संकट एक गंभीर मुद्दा है जो देश भर के लाखों लोगों को प्रभावित करता है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, औद्योगीकरण और जलवायु परिवर्तन के कारण पानी की मांग बढ़ रही है जबकि उपलब्ध जल संसाधन घट रहे हैं। यह भारत में जल संकट के कारणों, परिणामों और संभावित समाधानों का पता लगाएगा।

सबसे पहले, भारत में जल संकट का एक मुख्य कारण जल संसाधनों का कुप्रबंधन और अत्यधिक दोहन है। तेजी से शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण भूजल भंडार में कमी आई है और सतही जल निकायों में प्रदूषण हुआ है। बाढ़ सिंचाई और अत्यधिक भूजल पम्पिंग जैसी अकुशल कृषि पद्धतियों ने भी जल संसाधनों की कमी में योगदान दिया है।

दूसरे, जलवायु परिवर्तन वर्षा के पैटर्न में बदलाव और सूखे और बाढ़ की आवृत्ति और तीव्रता को बढ़ाकर भारत में जल संकट को बढ़ा देता है। अनियमित मानसूनी बारिश से देश के कई हिस्सों में पानी की कमी हो जाती है, खासकर उन क्षेत्रों में जो कृषि के लिए वर्षा पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

भारत में जल संकट के परिणाम दूरगामी और गंभीर हैं। पानी की कमी न केवल पेयजल आपूर्ति बल्कि कृषि, उद्योग और पर्यावरण को भी प्रभावित करती है। किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जिससे फसल बर्बाद हो जाती है और आजीविका का नुकसान होता है। उद्योगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे आर्थिक वृद्धि और विकास में बाधा आती है। इसके अलावा, पानी की कमी के कारण विभिन्न उपयोगकर्ता समूहों, जैसे किसानों, उद्योगों और शहरी निवासियों के बीच संघर्ष होता है।

भारत में जल संकट को दूर करने के लिए कई उपाय करने की जरूरत है। सबसे पहले, वर्षा जल संचयन, वाटरशेड प्रबंधन और कुशल सिंचाई तकनीकों सहित बेहतर जल प्रबंधन प्रथाओं की आवश्यकता है। जल संसाधनों के संरक्षण के लिए भूजल निकासी का विनियमन और प्रदूषण नियंत्रण उपाय भी आवश्यक हैं। इसके अतिरिक्त, पानी की बबार्दी को कम करने और स्थायी जल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जनता के बीच जल संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है।

**निष्कर्षतः,** भारत में जल संकट कई कारणों और परिणामों वाला एक जटिल मुद्दा है। इस संकट से निपटने के लिए स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को लागू करने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है।

जल संसाधनों के प्रबंधन और संरक्षण के लिए सक्रिय उपाय करके, भारत जल संकट के प्रभावों को कम कर सकता है और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




युद्ध और आतंक के शिकार ...

## लेटर टू एडिटर

### ममता की नीति

**ममता** बनर्जी ने यह सब मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत किया है। ऐसे नेता जो देश में विकास करने की जगह हिंदू-मुस्लिम करने की कोशिश करते हैं, इनसे देश कैसे उम्मीद रख सकता है? हमारे नेताओं को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए। भारतीय कानून ने भले ही मतदान के वैयक्तिक अधिकार दिए हों, परन्तु व्यवहार में ऐसा नहीं होता है। ममता बनर्जी को नीति बदलना ही होगा।

**-रविकांत झा, खूंटी**

### महिलाओं का उत्पीड़न

**परिवार** और समाज के अन्य सदस्य, जिसे मतदान करते हैं, उसी को मतदान करने के लिए अन्य सदस्यों पर दबाव डालते हैं। हाल ही में झारखंड में एक महिला द्वारा अपने मनचाहे प्रत्याशी को मतदान करने पर उनके परिजनों ने प्रताड़ित किया। ऐसे कृत्यों पर रोक लगाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। साथ ही, ऐसा किए जाने से मतदाताओं का किसी खास जाति-धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण पर भी रोक लगेगी। **-रवि, रांची**

# साइबर अपराध के बुरी तरह फंसते आज के युवा

**मृत्युंजय प्रसाद**

## अपराध

कंप्यूटर और इन्टरनेट के माध्यम से किये जानेवाले सभी प्रकार के गैर - कानूनी और धोखाधड़ी की एक्टिविटीज साइबर क्राइम की श्रेणी में शामिल किये जाते हैं । सूचना तकनीक के रूप में कंप्यूटर, मोबाइल और इन्टरनेट के बढ़ते प्रयोग के फलस्वरूप साइबर क्राइम का दायरा भी बड़ी तेजी से बढ़ता जा रहा है। किसी यूजर के कंप्यूटर से इन्टरनेट की मदद से उनके पर्सनल डाटा की चोरी से लेकर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के कॉपीराइट का गैरकानूनी प्रयोग, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, बुल्लियंग (डराना और ब्लैकमेलिंग), वित्तीय धोखाधड़ी से लेकर कई अन्य अपराध भी साइबर क्राइम के अंतर्गत आते हैं । इसके अतिरिक्त स्पैम मेल के द्वारा अपने वस्तु और सेवा का प्रमोशन करना, फिशिंग के माध्यम से किसी यूजर के प्राइवेट डाटा में सेंध लगा कर बैंकों से धन की निकासी करना, ड्रग ट्रैफिकिंग करने के अतिरिक्त कई अन्य गैरकानूनी कार्य भी साइबर अपराध की केटेगरी में सम्मिलित की जाती हैं । आज हम टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट के उस स्टेज पर पहुँच चुके हैं जहाँ पर हम इन्टरनेट और कंप्यूटर के बिना अपना काम बिलकुल नहीं चला सकते हैं ।

लिहाजा यह अनिवार्य है कि जब हम कंप्यूटर और इन्टरनेट का यूज कर रहे हों तो हमें कुछ ऐसी सावधानियों का अवश्य ध्यान रखना चाहिए जिससे हम साइबर क्राइम की घटनाओं से खुद की रक्षा कर पायें

**अपने कंप्यूटर के लिए एक स्ट्रौंग पासवर्ड सबसे अनिवार्य**

वैसे तो यह सामान्य - सी बात है कि जब आप अपने कंप्यूटर पर इन्टरनेट चला रहे हों तो आप अपने पीसी को एक स्ट्रौंग पासवर्ड से सिक्योर कर लें । किन्तु जब भी आप अपने कंप्यूटर को किसी पासवर्ड से सिक्योर करें तो इस बात का ध्यान रखें कि पासवर्ड हमेशा ही स्ट्रौंग होना चाहिए । पासवर्ड का क्रिएशन लेटर्स, सिम्बल्स और नुमेरल्स का मिक्सचर हो तो यह बहुत इफेक्टिव माना जाता है ।

इसके साथ-साथ आप पासवर्ड के लिए लोअर केस लेटर्स और अप्पर केस लेटर्स का भी यूज कर सकते हैं। यदि आप एक से अधिक एकाउंट्स का यूज कर रहे होते हैं तो आपको उन सब एकाउंट्स के लिए एक कॉमन पासवर्ड का यूज कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसी स्थिति में साइबर क्राइम का खतरा बढ़ जाता है । आप अपने मोबाइल नंबर, व्हीकल नंबर, हाउस नंबर, बर्थडे जैसे नंबर्स का भी यूज अपने पासवर्ड के लिए नहीं करें क्योंकि इस प्रकार के पासवर्ड को गेस करना कठिन कार्य नहीं होता है ।

**सोशल मीडिया के यूज के बारे में आपकी सतर्कता जरुरी**

सोशल मीडिया के रूप में फेसबुक, ट्विटर, ब्लॉग इत्यादि के यूज के बारे में हमें सावधान रहने की जरुरत है । सोशल मीडिया के इन साइट्स पर कुछ भी अपलोड करने पर वे सभी दुनिया भर के यूजर्स के लिए हमेशा के लिए पोस्ट हो जाते हैं । इसीलिए हमेशा इस बात की सावधानी रखनी चाहिए कि हम ऐसा कुछ भी पोस्ट नहीं करें जो हमारे लिए बेहद प्राइवेट और सेंसिटिव इनफार्मेशन वाला हो और जिनके लीक हो जाने पर हमें किसी खतरे का सामना करना पड़े।

**सेंसिटिव और पर्सनल इनफार्मेशन का प्रोटेक्शन जरुरी**

कई बार हमें ऑनलाइन शॉपिंग के अतिरिक्त इन्टरनेट बैंकिंग के यूज के लिए कई पर्सनल इनफार्मेशन शेयर करनी होती है ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# फुसरो शहर की सडकों से धूल साफ करने के लिए खरीदी मशीन चाट रही धूल : पूर्व सांसद

▸▸ फॉगिंग के नाम पर नप के अधिकारी और कर्मचारी खानापूर्ति कर रहे है : दिनेश

▸▸ 4 करोड़ में खरीदी थी 2 स्वीपिंग मशीन, अब पड़ी बेकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** फुसरो शहर को स्वच्छ व सुन्दर रखने के लिए नगर परिषद ने वर्ष 2023 मे 4 करोड़ में 2 स्वीपिंग मशीन खरीदी थी ,अब यह मशीन खुद नगर परिषद में धूल चाट रही है। खरीदने के कुछ दिन बाद से ही खड़ी है। पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि सडकों पर नियमित सफाई नहीं होने के कारण सडक पर धूल जमा हो गई है। जिसके कारण वाहन चालकों व सडक किनारे दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना फिर से करना पड़ रहा है। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि फुसरो के नया रोड में

## फुसरो के नया रोड में स्ट्रीट लाइट की दरकार : प्रकाश



स्ट्रीट लाइट की दरकार है जहां पर शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, जिसके कारण लोगों को अंधेरे में गलियों से निकलने में परेशानी होती है। इसके बाद भी सीसीएल और नगर परिषद फुसरो द्वारा स्ट्रीट लाइट नहीं लगवाई जा रही है। कहा कि यदि स्ट्रीट लाइट लगा दी जाती तो लोगों को काफी हद तक रात में होने वाली परेशानी से निजात दिलाई जा सकती है। लेकिन न तो अधिकारी इस ओर ध्यान दे रहे हैं न ही कर्मचारी काम करना चाह रहे हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के बोकारो जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि फुसरो में डेंगू का कहर बढ़ता जा रहा है, लेकिन मच्छरों को भगाने के लिए सरकारी इंतजार फेल हो रहे हैं। फुसरो नगर परिषद के अधिकारियों की तरफ से फॉगिंग कराने में ठीक से दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। अधिकारी सिर्फ कागजों पर फॉगिंग कराने में मस्त हैं। मच्छर के आतंक से न सिर्फ जनता बल्कि शहर के नेता भी परेशान हैं। कहा कि फॉगिंग के नाम पर नप के अधिकारी और कर्मचारी खानापूर्ति कर रहे है।

## पेटरवार के विशेश्वर धाम पहुची जिला परिषद, लिया मंदिर परिसर का जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बोकारो जिला स्थित पेटरवार प्रखंड के पेटरवार ब्लॉक स्थित श्री श्री विशेश्वर धाम मंदिर के दरवार मे बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी पंहुची। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने मंदिर परिसर मे घूम कर मंदिर के क्षेत्र का जायजा ली। जायजा के दौरान सुनीता देवी ने कहा की मंदिर बहुत ही सुन्दर जगह पर स्थित है यहाँ आने के बाद मन की शांति मिलती है वहीं मदिर समिति के लोगो ने अध्यक्ष महोदय को समिति के द्वारा एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के द्वारा समिति के लोगो ने मांग की की मंदिर परिसर मे बने तालाब का जीर्णोद्धार कर सुंदुरिकरण किया जाये। वही इसके अलावा तालाब मे छठ घाट का निर्माण, तालाब के चारो ओर पथवें का निर्माण के साथ खुला जीम का निर्माण हो। साथ ही महिलाओ के लिए बाथरूम का निर्माण की मांग रखी। वही अध्यक्ष महोदय ने कहा की मैं इसे जल्द करवाने की कोशिश करूंगी। वहीं भाजपा ओ बी सी मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा की आपकी ये मांग मैं जिला परिषद अध्यक्षिका से कहकर जरूर पास कराने का काम करूँगा। वहीं इस मौके पर पूजा सिन्हा, बबिता देवी, स्वरूप सहाय, पंकज कुमार सिन्हा, आचार्य राजेश गुरु, अजित कुमार लोहानी, मनोज करमाली, संतोष कुमार, उत्तम कुमार, बुधराम करमाली, संतोष करमाली सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### रमजान के पहले जुमा की अदा की नमाज



**साहिबगंज।** रमजान के पाक महीने के पहले जुमा पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने देश की तरक्की व अमन-चैन की दुआ मांगी। जमा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती अंजर हुसैन कासमी ने बताया कि रमजान का महीना मोकद्दस महीना है। रोजा रख जो कोई भी दुआ करेगा उसकी दुआ बारगाहे इलाही में जरूर सुनी जाएगा। बताया कि रमजान इबादत का महीना है। सच्चे दिल से इबादत करने वाले की हर मुराद पूरी होती है।

### व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

तालझारी थाना क्षेत्र के छोटी भग्यामारी में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी आत्म लीला समाप्त कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के छोटी भग्यामारी निवासी जयप्रकाश सिंह के पुत्र शंभू सिंह ने फांसी लगा लिया। परिजनों के द्वारा जिसकी सूचना तालझारी थाना पुलिस को दी गई। मौके पर थाना के एसआई अनिल यादव एवं एएसआई नंदकिशोर डेहरी ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल साहिबगंज पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

### स्वीप के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**उधवा।** प्रखण्ड उधवा के विभिन्न विद्यालय में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थी के बीच चित्रकला प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, चुनाव पाठशाला, चुनाव संवाद का आयोजन किया गया। मॉडल विद्यालय, जोंका, मध्य विद्यालय, पियारपुर, मध्य विद्यालय जोंका, उच्च विद्यालय राधानगर, उच्च विद्यालय सूतियारपरा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, उधवा सहित अन्य विद्यालय में आयोजन किया गया। इस दौरान स्वीप नोडल सह बीपीओ सुमित कुमार, दीपक मंडल, बैद्यनाथ ठाकुर, समशुल कबीर, द्विजेन्न मंडल, सहित सभी बीएलओ और अन्य उपस्थित थे। कोई भी मतदाता नही छूटे, सभी वोट करें इसे लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

### मुआवजा की मांग को लेकर रैयतों ने किया सड़क जाम

**बोकारो/तालगड़िया।** ईएसएल वेदांता में मुआवजा व नियोजन की मांग को लेकर अलकुसा धन डाबर समेत अन्य गांवों के रैयतों ने अलकुशा में सड़क जाम कर दी। इसके कारण चास तालगड़िया मुख्य सड़क भी जाम हो गई। जाम से दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं वहीं प्रथम पाली के सभी कर्मचारी फंस गये।

## मंजूरा में कुएं से मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के मंजूरा गांव निवासी अनिल महतो के 20 वर्षीय पुत्र सोमर महतो का शव घर से आधा किमी दूर खेत स्थित कुएं से बरामद हुआ है। मौके पर पहुंची कसमार थाना पुलिस एएसआई रंजन कुमार सिंह एवं मो मोजउल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु तेनुघाट भेज दिया है। उक्त युवक कुछ दिन पूर्व आंध्रप्रदेश से मजदूरी कर लौटा था। घर लौटकर तीन-चार दिनों से पगार टांड़ टोला निवासी टिंकू महतो का ट्रैक्टर में बतौर चालक का कार्य कर रहा था। सोमवार को कार्य पर जाने के बाद देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजन लगातार खोजबीन कर रहे थे। इस बीच खेत के कुएं में किसी ने चप्पल तैरता देखा और इसकी सूचना युवक के पिता अनिल महतो को दी। चप्पल की पहचान के आधार पर कुएं में झागर डाला गया तो शव मिल गया। स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज मुखिया पति ममता देवी पंसस बसंती देवी को सूचना दी गई। एकलौता पुत्र की मौत पर माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## आतंकी घटना में 150 लोगों के रक्षक कमांडो प्रवीण 18 को चंद्रपुरा में



**बोकारो/चंद्रपुरा।** 26 नवंबर 2011 की मुंबई की आतंकी घटना में डेढ़ सौ लोगों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रवीण तेवतिया आगामी 18 मार्च को बोकारो जिले के डीवीसी चंद्रपुरा फुटबॉल ग्राउंड में एक दिवसीय योग शिविर में शामिल होंगे। शौर्य चक्र से सम्मानित व आयरन मैन के नाम से इस मार्कोस कमांडो प्रवीण तेवतिया ने मुंबई के ताज होटल में आतंकी घटना में शामिल कसाब व उनके दोस्तों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका फेफड़ा कान व पैर चोटिल हो गया था। योग का सहारा लेकर पुन: स्वास्थ्य और आयरन मैन का पुरस्कार जीते। विदित हो कि आयरन मैन वही बन सकता है, जो 17 घंटे के अंदर समुद्र में 4 किलोमीटर तैर सकता है। 142 किलोमीटर साइक्लिंग कर सकता है करने के बाद 42 किलोमीटर दौड़ सकता है।

## शादी शुदा महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

▸▸ मायके वालों ने पुलिस वाले को कहकर करवाया पोस्टमार्टम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

राजमहल थाना क्षेत्र के कन्हैया स्थान अन्तर्गत, पत्थरचट्टी के रहने वाली गुड़िया देवी, पति-सागर मंडल ने अपने ससुराल में बृहस्पतिवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। ससुराल वालों ने आनन-फानन में इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लेकर आया, तब तक महिला की मृत्यु हो चुकी थी, अंततः डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। तब तक पुलिस पहुंच कर छानबीन शुरू रहा था इसी बीच उनके ससुराल वालों ने मृत शरीर को गांव ले आया।जब मायके वालों को इसकी जानकारी मिली तो वो लोग पुलिस को पोस्टमार्टम करवाने के लिए कहा, तब गांव से गुड़िया देवी के मृत शरीर को राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया और तब पोस्टमार्टम हुई। पोस्टमार्टम करवाकर ससुराल वाले एवं मायके वाले मिलकर अंत्येष्टि के लिए मृत शरीर को श्मशानघाट ले गया। इधर पुलिस वाले अपने छानबीन में जुटे हैं ज्ञकि महिला का मृत्यु कैसे हुई।

## टोटो और कार में हुई जबरदस्त टक्कर जिसमें नौ घायल तीन को रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरहेट।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचकठीया रांगा के समीप टोटो और कार में हुई जबरदस्त टक्कर। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टोटो और कार एक ही दिशा से बरहेट की ओर आ रहे थे वही टोटो संख्या JH 18 M6457 जो रांगा से बरहेट की ओर जा रहा था उसी दिशा में पीछे से कार संख्या JH 18BD 0781 तेज रफ्तार से आ रहे थे। वही टोटो को पीछे से धक्का मार दीया। बताया जा रहा है कि 9 घायलों एक ही गांव के रहने वाले हैं वहीं सड़क दुर्घटना में घायल मंजू देवी उम्र (40) छाती में चोट, चांद मुनि उम्र (30) सिर पर चोट, शोभा बेवा उम्र (60) दोनों पैर टूट चुका है। गीता देवी उम्र (30) पैर पर चोट, रंजित ठाकुर उम्र (35) सिर पर चोट, मंजू देवी उम्र (30) चेहरा में चोट, शिल्पा कुमारी उम्र (8) सिर पर चोट, बाबूलाल तुरी उम्र (28) हाथ ओर पैर पर चोट। वही घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना के थाना प्रभारी पवन कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर टोटो और कार को अपने कब्जे में ले लिया और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट लाया गया। जहां डा. तापस मुर्मू ने घायलों का इलाज उपचार करने के बाद तीन गंभीर रूप से घायल हुए। मंजू देवी, चंदमुनि देवी, शोभा बेवा, इन तीनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस इस मामले के लेकर छानबीन में जुट गई है।

## एक नजर में

### ग्रामीण महिलाओं से रोटरी मिडटाउन ने की पारिवारिक सामंजस्य पर चर्चा



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ने ऐतबार बस्ती बोकारो में सामाजिक दायित्व के तहत लगभग 50 परिवारों की सास बहू ननद और घर की महिलाओं के बीच पारिवारिक सामंजस्य और संबंधों पर परिचर्चा की। अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को अपने परिवार के सभी सदस्यों से मिलकर और सम्मान पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। लड़ाई झगड़े से दूर रहने से महिलाएं मानसिक रूप से स्वस्थ रहती हैं और उनमें रचनात्मकता आती है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हमारे समुदाय में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने का एक प्रयास है। सचिव मिनी कपूर ने बताया कि इस कार्यक्रम में हमने स्थानीय ऐतबार बस्ती बोकारो की गरीब महिलाओं की समस्याओं को समझ कर उन्हें पारिवारिक सामंजस्य का पाठ पढ़ाया है।

### अनिल अग्रवाल के अथक प्रयास से पुत्र अभिषेक कुमार की हुई वतन वापसी : पुष्पा देवी



**बेरमो।** जारीडीह बाजार स्थित गुरुद्वारा गली निवासी अभिषेक कुमार पिता स्वर्गीय घनश्याम प्रसाद थाना गांधीनगर जिला बोकारो के निवासी अभिषेक कुमार मानसिक रूप से विक्षित थे। विगत चार पांच 2018 को अपने गांव जरीडीह बाजार से लापता हुए थे। इसकी काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिला जिसकी सूचना स्थानीय गांधीनगर थाना में भी दर्ज कराई गई थी। उनके पिता स्व घनश्याम प्रसाद काफी हताश थे। उसे वापस लाने के लिए इसी बीच बांग्लादेश से एक सूचना आई कि वह बांग्लादेश के जेल में बंद है। इसी बात को लेकर समाज सेवी सह राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के स्टेट सेक्रेटरी अनिल अग्रवाल से मिलकर उक्त मामले पर अपनी मदद मांगी। अनिल अग्रवाल ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए स्थानीय बोकारो एसपी और डीसी के साथ-साथ झारखंड के गवर्नर सहित केंद्रीय मंत्रियों से संपर्क कर उनकी वतन वापसी के लिए मार्ग प्रशस्त कराया और हाई कमिशन में भी उनकी लगातार वार्ता होती रही। जिसका परिणाम है कि अभिषेक कुमार की सकुशल आज वतन वापसी हो पाई है। इससे परिवार के लोग काफी खुश है,लेकिन उनकी मानसिक हालत कुछ ठीक नहीं है। उन्हें इलाज के लिए रांची ले जाने की तैयारी की जा रही है। अभिषेक कुमार की मां ने कही कि अभिषेक कुमार के वतन वापसी का श्रेय सिर्फ और सिर्फ अनिल अग्रवाल को जाता है। उनके अथक प्रयास से यह इतना बड़ा काम संभव हो पाया है। मैं और पूरा परिवार अनिल अग्रवाल जी को अपनी ओर से धन्यवाद देती हूं। इस मामले पर श्री अग्रवाल ने बताया कि इनके पिता से घनश्याम दास जी अपने बेटे के रिहाई के गुहार लगाई थी। जिसके तहत हमने काफी अधिकारियों से संपर्क किया और आज अभिषेक कुमार सकुशल घर वापस आया। इसके लिए भारत सरकार और बांग्लादेश सरकार को मैं बधाई देता हूं और तमाम अधिकारियों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस कार्य में मदद किया। मौके पर ओमप्रकाश कश्यप, मुकेश सिन्हा, पंकज साव, निरल कुमार, जितेंद्र रजक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने पाक कला में दिखाई अपनी प्रतिभा



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित अंतर सदन डीपीएस बोकारो स्टार शेफ नामक पाक कला प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छह सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए शाकाहारी खाद्य पदार्थों में पोषण युक्त आहार पर विशेष बल देते हुए भांति भांति के व्यंजन बनाकर पाक शास्त्र में अपनी निपुणता का परिचय दिया। जूनियर और सीनियर दोनों समूह में 12 टीमें थीं और हरेक टीम में तीन विद्यार्थी शामिल हुए। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए फायरलेस कुकिंग और 11वीं के लिए इंडक्शन आधारित कुकिंग थीम रखी गई थी। देश के विभिन्न राज्यों की रेसिपी तैयार कर उन्होंने भारत की पाक विविधता को दशार्या। वहीं चाइनीज इटालियन मुगलई जैसी रेसिपी भी सराहनीय रही। बच्चों ने अपने व्यंजनों को अपना अनूठा नाम भी दिया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में पाक विशेषज्ञ मनीषा श्रीवास्तव एवं रवि कुमार गुप्ता शामिल थे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में विद्यालय के इस प्रयास को सराहनीय बताया। इस प्रकार की प्रतियोगिता को महत्वपूर्ण बताते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि पाक शास्त्र में भारत की अपनी एक वैश्विक पहचान है।

### स्पेशल ड्राइव कार्यक्रम के तहत मध्यस्थता कर समझौता करने में सफल

2 वर्ष से अलग रह रहे पति-पत्नी के बीच, संजय उपाध्याय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के प्रयास से स्पेशल ड्राइव कार्यक्रम के तहत मध्यस्थता कर समझौता करने में सफल रहे और दोनों पक्षों के अभिभावकों ने न्यायालय कक्ष में गले मिलकर पूर्व के गिला शिकवा भुलकर एक हुए। बरपक्ष ने न्यायालय में कहां की मंगलवार को केलाबाड़ी निवासी वधू प्रतिमा कुमारी को सो सम्मान विदा कर ले जाएंगे।

## महिला मोर्चा के तत्वाधान में चूल्हा प्रमुखों की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



तालझारी प्रखंड के जमुनी फाटक के निकट दुर्गावती के आवास पर शुक्रवार को आजसू पार्टी महिला मोर्चा के तत्वाधान में चूल्हा प्रमुखों की बैठक आयोजित कि गई। जिसकी अध्यक्षता महिला प्रखंड अध्यक्ष माला हांसदा ने द्वारा किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडेय शामिल हुए। वहीं प्रखंड के सभी पंचायत से चूल्हा प्रमुख की उपस्थिति में चूल्हा प्रमुख के कार्यों पर चर्चा की गई। इसी दौरान अध्यक्ष चतुरानंद पांडेय ने बताया कि 10 घरों पर एक चूल्हा प्रमुख जो उन घरों की सारी समस्याओं की जानकारी और उनके समाधान का कार्य करने का दायित्व चूल्हा प्रमुखों पर सुनिश्चित है चूल्हा प्रमुख के निर्माण से समाज में एक नई क्रांति का जन्म हुआ है और समाज में महिलाओं की प्रधानता दिख रही है। प्रमुखों को विशेष रूप से चुल्हा के समय बूथ कमेटी के सहयोगी के रूप में कार्य करेगी। चूल्हा प्रमुख कमेटी के प्रशिक्षण का कार्य सभी पंचायत में अप्रैल माह की अंत तक करने का निर्णय लिया गया है। वहीं महिला मोर्चा की सभी कार्यकताओं के बीच यह सर्वेसहमति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड के सभी पंचायत में महिला मोर्चा के संगठन को और मजबूत एवं सशक्त बनाकर चूल्हा प्रमुख की संख्या में इजाफा किया जाएगा। जिला प्रमुख के नेतृत्व में गांव कि समस्या को लेकर समय-समय पर जिला के पदाधिकारी प्रखंड के पदाधिकारी को इसकी सूचना दी जाएगी। समस्या का समाधान समय पर नहीं होने पर धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। हर परिस्थिति में चूल्हा प्रमुखों द्वारा अपने क्षेत्र के सभी सदस्यों पर संपर्क को मजबूत किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला महिला मोर्चा की सुनैना देवी, जिला सचिव दुर्गावती देवी, जिला उपाध्यक्ष मेरी माल्टो, केंद्रीय सदस्य कुसुम देवी हांसदा, पूनम देवी, किरण देवी, सुनीता देवी, कविता देवी, कलावती मुंडा, पूर्णिमा मुंडा, बेबी मुंडा, सूची देवी, विवा मुंडा, सूरज मुनि, कविता देवी, पूजा मुंडा, काजल मुंडा, दुलारी मुंडा, मीणा देवी, ज्योति देवी, आरती देवी, चंद्रमुखी देवी, नूतन देवी, संगीता देवी, पायल देवी, रश्मि देवी, आरती देवी, नीलम देवी, रेखा देवी, संजू पासवान, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामप्रवेश यादव एवं मणिकांत मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रहरी मेला में आयोजित डांस कार्यक्रम में झूमे लोग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर में आयोजित सात दिवसीय प्रहरी मेला में आयोजित डांस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रांची और जमशेदपुर के प्रसिद्ध नृत्यांगनाओं अलीशा खुशबू माही बेबो व शशि ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक रात भर जमे रहे। एंकर जूनियर जॉनी लीवर उर्फ राजू ने भी दर्शकों को खूब हंसाया और गुदगुदाया। इससे पहले खैराचातर के पूर्व मुखिया व मेला कमेटी ल व्यवस्थापक रामसेवक जायसवाल अध्यक्ष घनश्याम महतो सचिव रणदेव कुमार मुर्मू संस्थापक सदस्य किशोर कांत संयोजक पंकज कुमार जायसवाल, अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार कपरदार, राजेश कुमार राय, सिंहपुर पंसस विनोद कुमार महतो, अशोक कुमार वर्मा आदि ने स्वर्गीय जायसवाल की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर सामूहिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर रामसेवक जायसवाल ने कहा कि यह मेला हम सभी को बढ़ चढ़कर समाज सेवा करने को प्रेरित करता है। मौके पर रणदेव कुमार मुर्मू भस्की मुखिया मंटू मरांडी संजय जायसवाल अनिरुद्ध जायसवाल नीरज भट्टाचार्य, डॉ संतोष कुमार, सुंदरलाल घांसी, जयप्रकाश जितेंद्र जायसवाल, उमेश मेहता आदि मौजूद थे।

## आचार संहिता संबंधी विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुआ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आज दिनांक 15/03/2024 को पुराना समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री जिशान कमर की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित आदर्श आचार संहिता संबंधी विषयों पर चुनाव अवधि में किये जाने वाले कार्यों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री जिशान कमर ने आदर्श आचार संहिता को लेकर चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि चुनावों की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी तथा सभी होर्डिंग्स, पोस्टर और बैनर तत्काल प्रभाव से हटाए जाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होते ही सभी सरकारी भवनों और परिसरों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, झंडे और राजनीतिक नेताओं के फोटोयुक्त कैलेंडर एवं अन्य प्रचार सामग्री 24 घंटे के भीतर, विभिन्न सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड और दीवारों आदि से 48 घंटे के भीतर और विभिन्न निजी परिसरों से 72 घंटे में हटानी होंगी। इसके अलावा सरकारी वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म से भी राजनीतिक नेताओं के फोटो तुरंत हटा दिए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी से अपने-अपने विभागों, परिसरों और कार्यक्षेत्रों में लगी सामग्री की सूची अभी से ही तैयार कर लेने का निर्देश दिया, ताकि चुनाव की घोषणा होते ही इन्हें तुरंत हटाया जा सके।

# बिहार टीआरइ-3 परीक्षा मामले में 200 से अधिक छात्रों को रोका

## पेपर लीक की आशंका : हजारीबाग पुलिस सभी से कर रही पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **पुलिस ने शहर के दो-तीन होटलों में की छापेमारी, ओएमआर शीट प्रश्न पत्र व अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद किया**
- **बिहार पुलिस से किया जा रहा है संपर्क, जल्द पूरे मामले का किया जायेगा उद्भेदन : एसपी**



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले म पुलिस ने 200 से अधिक छात्रों को पेलावल थाना क्षेत्र के कोहिनूर होटल में रोका। सभी छात्र बिहार में आयोजित परीक्षा में हिस्सा लेने जा रहे थे। तभी इसकी भनक हजारीबाग पुलिस को लग गयी। प्रशासन ने दो गाड़ियों में छात्रों को रोका है। नगवां टोल प्लाजा के पास कुछ गाड़ियों को रोका गया है। सभी छात्रों से पूछताछ की जा रही है।

अभ्यर्थियों से पैसे लेकर परीक्षा दिलाने वाले सॉल्वर गैंग पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने शहर के दो-तीन होटल में छापेमारी की। पुलिस ने शहर के रोमी स्थित कोहिनूर बैंक्विट हॉल में छापामारी की, जिसमें परीक्षा संबंधित ओएमआर शीट प्रश्न पत्र और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि बिहार पुलिस से इस संबंध में संपर्क किया जा रहा है। इसके बाद पूरे मामले का उद्भेदन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रों से पूछताछ की जा रही है। पूरा मामला प्रश्न पत्र लीक से जुड़ा हुआ है। अब यह जांच का विषय है कि जो प्रश्न पत्र छात्रों से बरामद किया गया है, वह प्रश्न क्या परीक्षा में आए हैं या नहीं। जानकारी के मुताबिक, बिहार में शुक्रवार को हो टीआरई-3 परीक्षा आयोजित है। इसी परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को हजारीबाग लाया गया था। बताया जा रहा है कि छात्रों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया गया था और पिछले दो दिनों से उन्हें पढ़ाया जा रहा था। शुक्रवार को छात्र अलग-अलग बस से परीक्षा स्थल के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान पुलिस को इनपुट मिली, जिसके आधार पर या ऑपरेशन चलाया गया। यह पूरा मामला बीपीएससी टीटीई-3 से जुड़ा हुआ है। इधर बरही और पदमा में भी दो बसों को पकड़ा गया है जिसमें छात्र मौजूद थे। इन मामले में पर पदमा थाना प्रभारी ने कहा कि वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर कार्रवाई की गयी है। मामले में पूछताछ की जा रही है।

# आपका उम्मीदवार कमल का फुल

- **भदानीनगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले मनीष जायसवाल,कहा-मुझे जिताने की जिम्मेदारी आपकी ही है**






**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गुरुवार को भदानीगनर मंडल के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मिले। कुरसे फोरलेन स्थित हवेली रेस्टोरेंट में परिचय बैठक हुई। इसका शुभारंभ मनीष जायसवाल, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू, रंजन सिंह फौजी व राधे श्याम अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी व संचालन महामंत्री मोतीनारायण सिंह ने किया। मनीष जायसवाल ने कहा कि आपकी 80 प्रतिशत ओपिनियन मेरे पक्ष में होने के कारण ही मुझे उम्मीद्वार बनाया गया है। मुझे जीताकर भेजने की भी जिम्मेवारी अब आपकी ही है। उन्होंने कहा कि आपका उम्मीदवार कोई व्यक्ति नहीं कमल का फुल है। श्री जयसवाल ने कहा कि अपने सभी विचारधारा वालों का एक-एक मत कमल के पक्ष में लाने का प्रयास करें और मोदी जी के गारंटी को गारंटी दें। भाजपा जो कहती है उसे गारंटी के साथ करती है। उन्होंने कहा कि मैं केवल सेवा भाव से काम किया हूं, अपनी पार्टी से कोई गुटबाजी नहीं करता। पार्टी की संरचना में काम करता हूं। मेरा मकसद भाजपा सशक्त हो और एक-एक कार्यकर्ता सशक्त बने। मौके पर जिला मंत्री सुरेंद्र करमाली, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा, मंडल मंत्री अनिल सिंह खरवार, मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, मंडल मंत्री राजेश महतो, आशीष शर्मा, राजेंद्र कुशवाहा, परमेष्वर चंद्र चैधरी, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र मुंडा, फुलेश्वर तुरी, लोकेश्वर बेदिया, झांगो बेदिया, रामबालक बेदिया, रामजतन बेदिया, छोटू बेदिया, टिकेश्वर बेदिया, कपील दांगी, बालेश्वर राम, राकेश सिन्हा, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, सुभाष बेदिया सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

## 25 करोड़ के विकास योजनाओं की अंबा प्रसाद देंगी सौगात



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सांढ़ पंचायत अंतर्गत दुफेड़वा आम बैजनाथ महतो के घर से धर्मेंद्र प्रसाद के घर होते हुए शमशान घाट तक एवं चैता महतो के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय होते हुए जोधी महतो के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण लगभग तीन करोड़ की लागत से, गरसुल्ला पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय से ग्राम बिहड़ के आंगनबाड़ी केंद्र तक पीसीसी पथ लगभग एक करोड़ की लागत से, केरेडारी प्रखंड के बेलतू पंचायत अंतर्गत बाजारटांड़ से उर्दू स्कूल तक पीसीसी पथ लगभग 1 करोड़ 82 लाख की लागत से, केरेडारी में कुंजल साव के घर से कुर्मी बांध तक पीसीसी पथ निर्माण एक करोड़ 17 लाख की लागत से व केरेडारी पीडबलुडी रोड से सीएचसी जाने वाले रास्ते में तालाब तक पीसीसी पथ का निर्माण 34 लाख की लागत से होगा।

# समय पर लाभुकों को दें राशन : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आपूर्ति विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई।

उपायुक्त ने रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न पैक्सों व एफपीओ को गोदाम उपलब्ध कराने के मद्देनजर जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खाली पड़े सामुदायिक भवन आदि से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में धान अधिप्राप्ति के तहत किसानों को राशि उपलब्ध कराने के तहत हुए कार्यों की भी समीक्षा की गई। खाद्य आपूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पतरातू एवं दुलमी प्रखंड में डोर स्टेप डिलीवरी के तहत कार्यों पर असंतोष जाहिर करते हुए दो दिनों के अंदर कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने दो दिनों के उपरांत भी संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने पर संबंधित सहायक गोदाम प्रबंधक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया।

खाद्य आपूर्ति योजनाओं के तहत जिले में लाभुको को दिए जा रहे हैं लाभ की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ससमय लाभुकों को राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत ससमय लाभुकों को राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने रामगढ़ जिला अंतर्गत सफेद राशन कार्ड धारियों का आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दियां। साथ ही उपायुक्त ने विभिन्न खाद्य आपूर्ति योजनाओं के सभी लाभुकों का मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान वर्तमान रिक्तियों के आधार पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर आपूर्ति विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए लोगों को राशन कार्ड के लाभ से लाभांवित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## टाटीझरिया के खैरा में एग्री स्मार्ट का प्रशिक्षण संपन्न

**टाटीझरिया।** खैरा पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज के अध्यक्षता में एग्री स्मार्ट ग्राम योजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें कई कृषको ने भाग लिया प्रशिक्षण की अवधि 10 दिनों तक की थी। प्रशिक्षण में कृषकों को कृषि विशेषज्ञ द्वारा कृषि से सबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। एग्री ए स्मार्ट ग्राम योजना का संपूर्ण विभाग से सभी कृषकों को जानकारी देकर कृषकों को विकास की ओर ले जाना है इसी उद्देश्य से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा ग्राम उत्थान का एक महत्वपूर्ण अनोखा पहल है, प्रशिक्षण में कृषि पशु पालन बागवानी आदि की प्रशिक्षण किसानों ने लिया। समापन के दौरान मौके पर सहायक निदेशक उद्यान हजारीबाग निकिता कुमारी, खैरा मुखिया कुमारी माधुरी, अरविंद केशरी, बीओ सुधीर राय, बीटीएम अमित मोहन ,सीआरपी अरुण कुमार ,जनसेवक अनिल राणा , प्रदान से कृषि विशेषज्ञ नीतीश कुमार यादव एग्री स्मार्ट के सभी सदस्य ग्राम खैरा के सभी महिला पुरुष किसान शामिल थे।

# धनबाद में अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट

- **रामगढ़ ने खूंटी को 540 रनों से हराया, देवेश गोयल ने बनाया 346 रन**



**रामगढ़।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में धनबाद में आयोजित अंतर जिला अंडर -14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 रामगढ़ जिला ने शुक्रवार खूंटी के खिलाफ खेलते हुए एक नया कृतिमान बनाया है। मैच में एक नहीं टूटने वाला निजी स्कोर खड़ा किया है देवेश ने। मैच में खूंटी जिला टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया और रामगढ़ जिला को बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। देवेश गोयल एवं अरशद अंसारी ने रामगढ़ के लिए पारी की शुरूआत की। पहले विकेट फर्स्ट ओवर में अरशद अंसारी आउट हो गए। जिसके बाद देवेश का साथ देने आए कप्तान सचिन कुमार सिंह। इस दौरान देवेश गोयल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। देवेश गोयल ने सिर्फ 115 बॉल खेलकर 22 छक्के एवं 42 चौक के सहायता से 346 रन बनाएं। जबकि सचिन कुमार सिंह 111 रन बनाकर नवाद रहे। आलोक केसरी ने 83 रन बनाए। मैच में रामगढ़ जिला की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 578 रन बना डाला। जवाबी पारी खेलते हुए खूंटी की पूरी टीम 14.5 ओवर में मात्र 38 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी और रामगढ़ 540 रन से जीतकर नेट रन रेट की सहायता से अंडर 14 टूर्नामेंट वर्तमान सत्र में प्रथम स्थान पूरे झारखंड में प्राप्त किया। मैच में गेंदबाजी करते हुए आलोक केसरी ने 1.5 ओवर में पर खुटी की तीन विकेट प्राप्त किएं पीयूष कुमार 6 ओवर 18 रन देकर तीन विकेट, चिरागनाथ 6 ओवर 15 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। देवेश गोयल द्वारा रिकार्ड 346 रनों की पारी खेलने पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू ,सीनियर उपाध्यक्ष सुबोध पांडेय, उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, मानद सचिव अरुण कुमार राय, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, सहसचिव रोहित कुमार, वीरेंद्र पासवान ,सुभाजित दत्ता ,महेंद्र राणा ,उपेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## स्पीड न्यूज

### डीसी-एसपी ने जेल का किया निरीक्षण



रामगढ़। उपकारा रामगढ़ में कैदी द्वारा मोबाइल इस्तेमाल किए जाने के गुप्त सूचना मिलने के बाद गुरुवार रात को उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के साथ उपकारा का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपकारा से दो मोबाइल फोन एवं नशीले पदार्थ जब्त किए गए। मौके पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, थाना प्रभारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### कुरैशी ने बिजली विभाग को सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़।** समाज सेवी आरिफ कुरैशी ने गुरुवार को बिजली विभाग रामगढ़ कार्यालय को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग किया है कि शहर सहित जिलाभर में विद्युत आपूर्ति में सुधार किया जाए, विद्युत बिल में गड़बड़ी को दूर किया जाए, उपभोक्ताओं की परेशानियों को दूर करने के लिए शिविर का आयोजन किया जाए। इसके अलावे जहां जहां भी पोल और तार जर्जर हो चुके हैं उन्हें दुरुस्त किया जाए। ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### कुजू में लगातार हो रही चोरी : जदयू



**कुजू।** कुजू क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार चोरी-डकैती हो रही है। केबीगेट, ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू कोलियरी, शिवपुरी कॉलोनी, कुंदरियाबांध, डटमा मोड़, शांति नगर के तोपा, सांडी, रांची रोड में भी भीषण चोरी व डकैती हुई है। लेकिन अभी तक मामलों का उद्भेदन नही कर पाना ओर बढ़ते मामलो से पुलिस के लिए सरदर्द बना हुआ है। जदयू जिलाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने हो रहे घटनाओं पर निंदा की। बुधवार की रात्रि कुजू के प्रसिद्ध हार्डवेयर व्यवसायी अर्जुन मेहता के आवास में हुई डकैती पर पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चोरी व डकैती की घटनाए हो रही है। जिले में ट्रांसफार्मर होकर काफी काबिल ऑफिसर आये हुए है। हमे पूरा विश्वास है कि उनके द्वारा जल्द से जल्द मामले का उदभेदन कर संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

### फर्जी नंबर से पुत्र की हत्या की धमकी

**कुजू।** फर्जी मोबाइल नंबर से धमकी देकर पैसे मांगने को लेकर ओरला निवासी मुन्नी देवी पति भुनेश्वर करमाली ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है, उन्होंने कहा है कि सुबह में मेरे मोबाइल पर 8016199809 से फोन आया। साथ ही बातचीत करते हुए उसने बोला कि तुम्हारा पुत्र ने एक बच्ची का बलात्कार कर दिया है। जिसको लेकर थाना में एक लाख रुपए जमा करना होगा। जब मैं इसकी जानकारी मांगने लगी तो कॉल को कट कर दिया। फिर 9849722217, 7047752657, 9704656846 से लगातार कॉल आना चालू हो जाता है और तरह-तरह के धमकी दिया जाने लगा। फोन पर व्यक्ति द्वारा पैसे नहीं देने पर पुत्र की हत्या करवा दिया जायेगा। इसके बाद मैने हजारीबाग में पढ़ाई कर रहे पुत्र विजय करमाली को से बातचीत किया तो वह अपने हॉस्टल में सुरक्षित है। उन्होंने पुलिस से छानबीन कर कार्रवाई की मांग की है।

### वैश्य मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन 29 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित कार्यालय में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश लाल सिंदूरिया एवं संचालन प्रखंड महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। बैठक में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, संगठन सचिव लखन अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य राजाराम प्रसाद एवं जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बसंत प्रसाद साहु बतौर अतिथि उपस्थित थे। बैठक में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफ करने, वैश्य समाज की लूटी गयी जमीन वापस दिलवाने, बलकुदरा छाई डैम के विस्थापित ग्रामीणों को उचित मुआवजा एवं नौकरी आदि मांगों पर विचार विमर्श किया गया। महेश्वर साहु ने कहा कि अब तक किसी की भी सरकार रही हो, हमेशा वैश्यों के साथ छल किया गया है। बैठक में मद्धेश्वर केशरी, कैलाश साव, अशोक साव, देवकुमार पड़ित, संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश साव, भरत केशरी, जीवन गुप्ता, अजय कुमार, गीता देवी राणा मौजूद थे।

### विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास

हजारीबाग। चलकुशा प्रखंड के अंतर्गत लगभग पांच करोड़ की लागत की से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य सविता सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया। योजना के तहत ग्राम पंचायत अलगडीहा के छोटी नगरी से पंचायत भवन अलगडीहा एवं ग्राम पंचायत चौबे एवं पंचायत खरगू के बैडमकी तक सड़क निर्माण किया जाएगा। इस दौरान विधायक एवं जिप सदस्य ने कहा कि बनने वाली सड़कों में किसी भी तरह की अनियमित पाए जाने पर संवेदक को बक्सा नहीं जाएगा। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने किया जा रहा है। शिलान्यासमें सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया सुखदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक बर्णवाल, मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, मुखिया कुमार अंशु, मुखिया अंजना देवी, मुखिया प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह, बासुदेव यादव, रामजीत रजक, सीताराम पंडित, भुवनेश्वर दास, सुबोध चौधरी, इंद्रदेव चौधरी, शंकर ठाकुर, श्याम सुंदर यादव, मोहसिन कमाल, अशोक यादव इत्यादि लोग शामिल थे।

## एक नजर में

### बड़कागांव में टीपीसी ने सड़क निर्माण में लगे दो वाहनों को फूंका, धमकी भरा पर्चा छोड़ा



**बड़कागांव।** । बलोदर से गोबरदहा सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी और एक ट्रैक्टर को टीपीसी उग्रवादियों ने जला दिया। घटना गुरुवार देर रात की है। उग्रवादियों ने पोस्टर भी चिपकाया है। पोस्टर में धर्मवीर ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है। पोस्टर में लिखा है कि बलोदर से गोबरदहा तक सड़क के कालीकरण में टीएसपीसी संगठन को अनदेखा किया जा रहा है। बिना संगठन से बात काम चालू नहीं होना चाहिए। अनदेखा करने पर फौजी कार्रवाई की जायेगी और इसका जिम्मेदार टीएसपीसी नहीं खुद ठेकेदार होगा। घटना की जिम्मेदारी धर्मवीर लेते हैं। उग्रवादियों ने जाते समय फायरिंग भी की। स्थानीय पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

### प्लस उच्च विद्यालय के जीर्णोद्धार का शिलान्यास



**कटकमसांडी।** पंचायत कंडसार स्थित +2 उच्च विद्यालय कंडसार के जीर्णोद्धार एवं पीसीसी पथ का शुक्रवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल के कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा एवं कंडसार पंचायत के मुखिया वीना देवी ने शिलापट्ट का अनावरण कर और शिलान्यास कर किया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में अज्ञानता रूपी अंधकार को मिटाया जा सकता है। इस स्कूल परिसर में डीएमएफटी योजना के तहत बाउंड्री वॉल, कॉमन टॉयलेट और सभी तीन नया बिल्डिंग ,भवनों का रिपेयर कार्य करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से होना है। मौके पर विशेषरुप से उपस्थित कटकमसांडी भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, कंडसार मुखिया वीना देवी ,मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### मनीष जायसवाल का किया गया अभिनंदन



**हजारीबाग।** अनुसूचित जाति समाज, हजारीबाग लोकसभा द्वारा हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल का अभिनंदन शुक्रवार को डाक बंगला स्थित होटल पैराडाइज रिसॉर्ट सभागार में हुआ। इसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा के अनुसूचित जाति समाज के हजारों महिला- पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेषरूप से हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, बरकट्ठा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व जिप सदस्य रामस्वरूप पासवान, राजेंद्र वाल्मिकी, समाज के रामगढ़ जिला अध्यक्ष विनोद राम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। अध्यक्षता राजेंद्र वाल्मिकी ने, मंच संचालन विशाल वाल्मिकी और रोहित राम ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन विनोद राम ने किया । मौके पर संबोधित करते हुए भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि आपका बेटा और भाई जायसवाल के साथ रहेगा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड मतों से कमल खिलाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह समेत अन्य ने समाज की राजनीतिक चेतना की प्रसंशा की । मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विस्तारक प्रभारी दिनेश वाल्मिकी, करण जायसवाल, आलोक कुमार, रंजन चौधरी, आशीष सोनी, विक्रमादित्य, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सुभाष रजवार, सचिन कोटवार, जिला लाल राजवार, गिरधारी रजक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### दोपहिया वाहन सवार की दर्दनाक मौत

विष्णुगढ़। बेड़ाहरियारा पंचायत के खरना रोड में गुरुवार की देर रात बिजली के खंभे से टकराने से दोपहिया वाहन सवार राजेश कुमार पिता हेमलाल महतो उम्र 25 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक प्रखंड के भेलवारा पंचायत के उरगी गांव के रहने वाला था। दुर्घटना के वक्त मौजूद लोगों के अनुसार युवक राजेश कुमार दोपहिया वाहन पर सवार होकर सियारी से पड़वापोखर होते हुए सातमिल मोड़ की ओर आ रहा था। इसी दौरान खरना रोड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समीप वाहन अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। जिससे युवक के सिर पर गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाने को दी गई विष्णुगढ़ पुलिस घटनास्थल पहुंचकर युवक के शव को लेकर विष्णुगढ़ सीएचसी पहुंची। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अंत:परीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

### इचाक बीडीओ को स्थानांतरित करने की मांग

इचाक। हिन्दू युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधमंडल के द्वारा ईचाक के बीडीओ संतोष कुमार की स्थानांतरण की मांग की उपायुक्त से की गयी है। इस मामले पर प्रतिनितधमंडल ने उपायुक्त को एक आवेदन दिया है जिसमें लिखा है की बीडीओ संतोष कुमार का घर कोडरमा लोकसभा के अंतर्गत आता है। उनका घर गिरिडीह है जिला है जो कोडरमा लोकसभा के अंतर्गत आता है। इसलिए लोकसभा या विधानसभा चुनावों में बीडीओ इचाक सन्तोष कुमार द्वारा चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है। नियम यह है की कोई भी पदाधिकारी अपने गृह जिला या गृह चुनाव में नही रह सकते हैं। तत्काल मे कई पदाधिकारी को गृह चुनावी क्षेत्र से हटाकर दूसरे जगह स्थांतरित किया गया है। उसी आधार पर इचाक बीडीओ सन्तोष कुमार को दूसरे जगह पर स्थांतरित किया जाय। मौके पर मनोज कुमार हिन्दू युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष, सुजीत कुमार, रूपेश कुमार, अनुज कुमार, अजय कुमार पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

### महिलाओं ने डीलर के खिलाफ दिया धरना



**कटकमसांडी।** बेलरगडडा की सैकड़ो महिलाएं ने शुक्रवार को प्रखंड आपूर्ति पदाअधिकारी शौकत सरवर को आवेदन दिया है।मामला है राशन डीलर संजय सिंह द्वारा जनवरी और फरवरी माह का राशन वितरण नही किया । महिलाएं ने आरोप लगाई की अंगूठा लगा लिया जाता है पर राशन डीलर संजय सिंह द्वारा बोला जाता है की राशन बाद में दिया जायेगा परन्तु बाद में भी नहीं दिया गया है अभी तक ।उत्कल मेल संवाददाता मिथलेश राणा ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से इस मामले में जानकारी ली तो एम० ओ ० द्वारा बताया गया की यह मामला पूर्व में भी एक बार हुआ है ।यह दुबारा इस तरह का मामला संज्ञान में आया है और महिलाएं द्वारा आवेदन प्राप्त है जिसमे आगे की करवाई के लिए संबंधित पदाधिकारी को सूचित कर दिए है जल्द से जल्द इसके के खिलाफ करवाई होगी। आवेदन देने वाले तेतरी देवी,घमनी देवी, रमनी देवी, नीतू देवी,मालती देवी, झुमरी मोसोमात, मिसनी देवी, हेमंती देवी,मंजू देवी,बसंती देवी,शांति देवी, जिरवा देवी,किरण देवी,भागिया देवी,मीना देवी एवम अन्य सैकड़ों महिलाएं थी।

### रक्षा मंत्री पहुंचे इटखोरी, कार्यकर्ता सम्मेलन सभा को किया संबोधित

# भाजपा ने जो कहा वह कर के दिखाया: राजनाथ




मां भद्रकाली की पूजा अर्चना करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य, मंदिर परिसर में पौधरोपण करते रक्षा मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा/इटखोरी।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को चतरा जिले के इटखोरी पहुंचे। यहां उन्होंने मां भद्रकाली की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप रूद्राक्ष का पौधा लगाया। राजनाथ सिंह पौधा रोपण के बाद सहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर में भी जलाभिषेक किया। मंदिर पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मौके पर मौजूद प्रतिपक्ष के नेता अमर बावरी, स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास, पांकी के विधायक शशि भूषण मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह समेत कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। पूजा के बाद राजनाथ सिंह ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सत्ता के लिए सरकार नहीं बनाना चाहती, देश बनाने के लिए सरकार बनाना चाहती है। भाजपा ने अपने संकल्प को पूरा किया, जो कहा वह किया है। हमारे संकल्प पत्र देख सकते हैं। आज भारत दुनिया का ताकतवर देश बन चुका है। हमने जो कहा है वह करके दिखाया। उन्होंने कहा हम जनता को अपना भगवान मानते हैं और उनके लिए काम करते हैं। हमारी सरकार का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है और हम देश बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम जनता के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं और उन्हें सशक्त बनाने के लिए योजनाएँ बना रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि हम जो कहते हैं वह करते हैं। राम मंदिर और धारा 370 इसके उदाहरण हैं। 1951 में धारा 370 हटाने का संकल्प लिया था। उसे मोदी सरकार ने हटाकर संकल्प पूरा किया। यह साबित किया जो हमने कहा वह पूरा किया। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रतिपक्ष के नेता अमर बावरी, स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास, पांकी के विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए संयम और विनम्रता आवश्यक है। भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का विकास हो रहा है। चंद्रयान मिशन की सफलता का श्रेय वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री को जाता है। अब विश्व में भारत एक सशक्त राष्ट्र है। मोदी के रूप में एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला जिसका दुनिया भर में सम्मान से नाम लिया जा रहा है।

**मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकाला बाहर :** रक्षा मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीबी उन्मूलन का वादा करती थी, लेकिन सफल नहीं हो पाई। मोदी सरकार ने 9 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। मोदी सरकार ने हर गरीब का सपना पूरा किया। हर घर में क्या गैस चूल्हा किसी ने सोंचा था। सचमुच में इसे पूरा करने का काम हमारे प्रधानमंत्री ने किया। किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को हर साल 6000 रुपये मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्ध है। पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार ने झारखंड के विकास के लिए कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया है।

उन्होंने कहा की राजीव गांधी मानते थे की भ्रष्टाचार रोकना उनके बस का नहीं है, राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए लाचारी व्यक्त की थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब आज पैसा भेजते हैं तो 100 का 100 पैसा लोगों तक पहुंचता है।

**राजनीति इंसाफ और इंसानियत की होनी चाहिए :** रक्षा मंत्री ने कहा कि राजनीति मन की नहीं, इंसाफ और इंसानियत की होनी चाहिए। उन्होंने विपक्षी दल के नेताओं से राजनीति में इंसाफ और इंसानियत लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजनीति में इंसाफ और इंसानियत लाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

**भारत में होगी राम राज्य की स्थापना :** रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत में राम राज्य की स्थापना के लिए राम मंदिर का निर्माण किया गया है। राम मंदिर का निर्माण भाजपा के नेतृत्व में हुआ है। राम मंदिर के निर्माण से भारत में राम राज्य की स्थापना होगी।

## राजनाथ सिंह की सभा में सांसद सुनील सिंह का हुआ भारी विरोध

**इटखोरी।** इटखोरी में राजनाथ सिंह की सभा में सांसद सुनील सिंह को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। राजनाथ सिंह की सभा के दौरान लोगों ने सांसद सुनील सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उस समय चौंक गए जब उनके ही सामने भाजपा कार्यकताओं ने चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह का विरोध करने लगे। कार्यकताओं ने सुनील कुमार सिंह वापस जाओ और सुनील कुमार सिंह मुदार्बाद के नारे लगाए। सांसद सुनील कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ता और जनता को सम्बोधित कर रहे थे लेकिन इसी बीच भारी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने सांसद मुदार्बाद के नारे लगाते हुए सांसद को भला बुरा कहने लगी। हालांकि कुछ उनके समर्थकों ने सांसद जिंदाबाद का नारा भी लगाया। सांसद सुनील कुमार सिंह मुदार्बाद के नारे लगाए जाने के बाद बीजेपी पार्टी के लिए यह काला दिन साबित हो रहा हैं।

## टंडवा- सिमरिया मुख्य सड़क में कोलवाहन से भीषण सड़क हादसा, दो लोगों की मौत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा- सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित सियानी उर्फ मधवापुर के समीप शुक्रवार शाम को भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शाम लगभग 7 बजे तब हुई ओमनी में सवार होकर सिमरिया की ओर से केरेडारी के ओम शांति नामक धार्मिक संस्था की 10 महिलाओं का समूह लौट रहे थे।इसी दरम्यान कोलवाहन ट्रक जेएच 02 एएन 7392 ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे दो लोगों की दर्दनाक मौत मौके पर हीं हो गई।विभत्स हादसे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर लगते हीं दो क्षत- विक्षत शव सड़क में जहां-तहां फैल गया। सूचना पाकर घटनास्थल में स्थानीय प्रशासन आम्रपाली पिकेट प्रभारी शंभू साहु पहुंचे जहां गंभीर रूप से तीन घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। जानकारी के अनुसार टक्कर मारकर भाग रहे कोलवाहन को तेलियाडीह में ग्रामीणों द्वारा पकड़ लिया गया है।

**आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क किया जाम :** बगैर मुआवजा दिये लाश को अपने कब्जे में लेने आई पुलिस को आक्रोशित परिजनों के साथ स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञासेन व सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा ने कड़ा विरोध करते हुवे शव के सामने हीं सड़क पर बैठ गये। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में चट्टी बारियातु कोल परियोजना से तमाम विरोधों के बावजूद दरकिनार कर हो रहे परिचालन को बड़ा कारण माना जा रहा है। समुचित मुआवजा तथा आम सड़क से कोल ट्रांसपोटिंग पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। उक्त घटनास्थल में लगभग आधा घंटा पूर्व हीं स्वीफ्ट डिजाइनर जेएच 01ईई 0133 ने सूखे पेड़ में टकराकर पलट गई। जिसमें चालक बाल- बाल बच गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER WAYS DIVISION,HAZARIBAG**
Office Email Id-eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

**Very short notice inviting e-quotation No:-**
**WRD/WWDivision Hazaribag/QUOT-04/2023-24**
**Date 15.03.2024**

Quotations are hereby invited from Reputed Agency/firm have experience in similar nature of work for supply item of work as mention Annexure-1 for Inspection bungalow. Details of I.B. material and its specifications are available on the website www.jharkhandtenders.gov.in. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of I.B. materials online from 16.03.2024 at 2.00 P.M. to 23.03.2024 at 4.00 P.M.

The quotation will be opened on 26.03.2024 at 2.00 P.M. The quotation is invited to as certain an access the rate of materials as per with lowest market rate.

Note:- Further detailed T&C can be seen on website www.jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer Water Ways Division,
Address-Water Ways Division, Hazaribag,
Mobile Number-9608234736
Email Id:- eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

PR.NO.322863 Water Resource(23-24):D


# निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करायें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के द्वारा आगामी 17 मार्च 2024 को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 आयोजित की जायेगी। इस हेतु शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिये प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं।

बैठक में जेपीएससी परीक्षा को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र पर सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को अपने-अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करेंगे। उपायुक्त द्वारा केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। 17 मार्च को आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर जिले में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं, जिसमें कुल 7752 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली में 10 से 12 बजे, वहीं दूसरी पाली में 2 से 4 बजे तक परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा कदाचार मुक्त कराया जा सके, इसके लिए सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गयी है। इस बार शौचालय के बाहर एक कर्मी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, एसी पूनम कुजुर, एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ जीतवाहन उरांत, डीएसओ अविनाश पुरेंदु, सभी बीडीओ, सीओ, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी आदि लोग मौजूद थे।

## मुखिया संघ की बैठक संपन्न

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के डाक बंगला परिसर में शुक्रवार को सिमरिया मुखिया संघ का बैठक संपन्न हुआ। बैठक का अध्यक्षता मुखिया संघ संख्या प्रखंड अध्यक्ष विनोद महतो ने किया। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना में हुए घर अनियमित पर चर्चा किया गया। मौके पर उपस्थित सभी मुखिया गण ने एक स्वर में कहा कि संवेदक के द्वारा पुराने चापानल में समरसेबल डाल दिया गया और चापानल का ऊपरी भाग खोल दिया गया। संवेदक के द्वारा अब तक इसे चालू नहीं किया गया। लोगों के घर में नल लगाए महीना बीत गया है। लेकिन आज भी लोग एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।मौके पर मुखिया अनीता देवी, नरेश साव,इफ्तेशाम प्रवीण, नितेश कुमार सिंह उर्फ सीकू सिंह आदि लोग मौजूद थे।


**कार्यालय,**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 109/23–24.

1. विभाग का नाम :–उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :–विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :–दिनांक 22/03/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :–दिनांक 23/03/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 23/03/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची./विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
8. निविदा खोलने का स्थान :–विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | साईबर फॉरेंसिंग प्रयोगशाला–सह–प्रशिक्षण केन्द्र, अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार, रॉंची मे 05 अदद वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,62,538=00 | 750=00 | 10,000=00 | 28 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची

PR 322812 (Energy)23-24*D


## एक टेम्पु समेत 550 लीटर स्प्रिट बरामद




खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह मरकच्चो मुख्य मार्ग पर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक टेम्पु जेएच21एच/1592 को पानी की बोतल में स्प्रिट ले जाते हुए जप्त किया है। इस संबां में थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया गुप्त सूचना के आाार एक टेम्पु में पानी की बोतल में स्प्रिट होने की सूचना मिली थी। वहीं बरियारडीह से मरकच्चो की ओर आ रही टेम्पु चालक ने पुलिस को देख टेम्पु छोड़ कर भागने लगा। वहीं टेम्पु की जांच करने पर टेम्पु में 29 बोतल में स्प्रिट पाया गया, जिसे जप्त कर थाना लाया गया। वहीं उन्होंने बताया कि जप्त किए गए स्प्रिट बोतल में लगभग 550 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान में थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, एसआई विशाल कुमार व पुलिस जवान शामिल थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत में संचालित जेएसएलपीएस के महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 15 मार्च को धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत फिता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।मुख्य अतिथि गिद्धौर पंसंस सरिता देवी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। जहां कई अन्य अतीत के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएफ के अध्यक्ष शीला कुमारी ने किया। संचालन सीसी सुनील पासवान ने किया। कार्यक्रम के तहत एक से बढ़कर एक नृत्य डांस गीत संगीत भाषण भी किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 1908 ई से अमेरिका के न्यूयॉर्क से एक महिला के द्वारा शुरूआत किया गया था।

## अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकरायी, बाल-बाल बचे चालक व युवती



**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियारडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित मुर्कमनाय अम्बाटांड ईद्गाह के समीप बेलेनो कार जेएच01डीभी/2906 अनियंत्रित होकर पेड़ में जा टकरायी। जिसमें बेलेनो कार के परखच्चे उड़ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का एयरबैग फट गया एवं कार में बैठे एक लड़की व एक युवक मामूली रूप से घायल हो गये। वहीं राहगीरों ने बताया कि वाहन चालक नशे में ुत था और गाड़ी काफी तेज रफ्तार में थी। युवक तेज रफ्तार गाड़ी को नियंत्रित नही कर पाया और गाड़ी पेड़ से जा टकरायी। मिली जानकारी के अनुसार युवक गिरिडीह जिला के राजानवार का बताया जा रहा है। मरकच्चो थाना क्षेत्र स्थित बरियारडीह निवासी महादेव दास के घर आया था और खाना पीना खा कर मरकच्चो की ओर जा रहा था।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

Short Term e-Procurement Notice — Date – 15-03-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/31/ 2023-24 | Renovation of Joint Agriculture Director Office Building Ranchi in the Campus of Krishi Bhawan Kanke Road, Ranchi | 6036800.00 | Four Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/32/ 2023-24 | Renovation of Conference Hall & Construction of Dining Hall and Kitchen at Existing Open Space in 4th Floor at Krishi Bhawan, Ranchi | 6916100.00 | Four Month |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/33/ 2023-24 | Renovation of Seed Test Laboratory and Qu ality Control (Fertilizer First Floor) Laboratory in Campus of Krishi Bhawan Kanke Road, Ranchi | 6176500.00 | Four Month |
| 4 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/34/ 2023-24 | Construction of Fountain Boundary Wall Paver Block Side Landscaping Screen Partition of Boundary Wall Signage and miscellaneous Work for Main Building ATI Campus Ranchi. | 6788700.00 | Four Month |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 27-03-2024 at 02.00 PM | |
| 6 | Date/Time of Opening of Bid | | 28-03-2024 at 03.00 PM | |
| 7 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 8 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |

Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in

Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department Building Division No. 1, Ranchi

PR 322930 (Building)23-24*D


# प्रवासन से पूर्व निबंधन कराना जरूरी : रामान यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह समापन समारोह के अवसर पर सुरक्षित पलायन में महिलाओं की भूमिका विषय पर बसुनरा गार्डन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य सतगावां नीतू देवी, पीओएनआईसी अर्चना ज्वाला एवं गणमान्य अतिथिओं के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। वहीं स्वागत गान से बाल मंच के सदस्यों ने अतिथों का स्वागत किया। वहीं विषय प्रवेश संस्थान के सचिव मनोज दांगी ने किया। कार्यकम में बाल मंच जमटोटो, जगदीशपुर भ्रूण हत्या एवं सोशल मीडिया के कुप्रभाव पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज की कुरितिओं को समाप्त करने का आह्वान किया। वहीं शिवानी ने एकल गीत प्रस्तुत किया। वहीं दिव्यांग कमली कुमारी ने अपनी सफल कहानी बतायी कैसे लाचार कमली से सक्षम व्यपारी बनी कमली लोगो के लिए प्रेरना श्रोत है। वहीं नंदनी, स्वीटी, प्रिया, रिया, सुलोचन का जीवन कैसे आरजेएसएस के पहल से सुरक्षित बचा है और अपना जीवन गढ़ने में लगा हुआ है, सभी ने बारी-बारी से दर्शकों को भावुक कर दिया। वहीं मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रामान यादव ने कार्यशाला को संबोाित करते हुए कहा की राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान के प्रयास से हजारों महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। जहां तक सुरक्षित पलायन में महिलाओं की भूमिका की बात है तो नारी शक्ति जगेगी सारी विपदा भागेगी का नारा को शतप्रतिशत चरितार्थ करना होगा और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से लोगो तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना होगा। वहीं आर्चना ज्वाला ने कहा की नारी किसी से कम नहीं, अगर शिक्षा रूपी हथियार नारी के साथ हो सभी क्षेत्रों में नारी अपनी पहचान बना रही। वहीं नीतू देवी ने राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान की सराहना करते कहा की इस प्रकार के कार्यक्रमों में आज सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां के पिछड़े गावं राजाबर, कोठियार के बाल मंच का गठन कर कोडरमा के वसुंारा गार्डन में उत्कृष्ट प्रदर्शन काफी सराहनीय है। वहीं जिप सदस्य शान्ति प्रिया ने कहा की महिलाओं के सम्मान में संस्थान जो कार्य कर रही है काबिले तारिफ है। जिसका कामिली साक्षात उदाहरण है। दिव्यांगता के बाबजूद आज आपना रोजगार कर रही है और समाज के लिए उदाहरण है। संस्थान के द्वरा किये जा रहे प्रयास से बने चेंज मेकर को देख कर मन में गर्व हो रहा है। कार्यक्रम में एक से बढ़ कर एक गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन निर्भय कुल के द्वारा किया गया।


**कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़**

**नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अल्पकालिन आमंत्रण सूचना**

अति अल्पकालिन सूचना संख्या –NIT/RGH/NP/04/2023-24(3rd CALL)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा निकालने वाले पदाधिकारी | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़। |
| 2 | निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक: 16.03.2024 |
| 3 | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि | :– | दिनांक: 23.03.2024 अपराहन 04:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट | :– | केवलई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान | :– | दिनांक: 23.03.2024 अपराह्न 4:30 बजे तक। |
| 6 | मद का नाम | :– | शहरी परिवहन |
| 7 | हेल्पलाईन नं0 | :– | 9962405690 9110072039 |

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलितराशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्यकरने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 28 | Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 28 | 3480700.00 | 69614.00 | 10000.00 | 120दिन |

नोट:–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटरशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।
7. अनुभव प्रमाण–पत्र, संबंधित कार्य का 60%, होना चहिये
8. Audit Report last 3 FY with balance sheet,
9. EPF Registration with Submitted last Three Month Return file Challan Copy

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 322832 District(23-24)#D

## स्पीड न्यूज

### मोटरसाईकिल से गिरकर युवक घायल रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के बनियों ग्राम के पास शुक्रवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गौतम कुमार रजक उम्र 40 वर्ष पिता खेदन रजक ग्राम टमटमटोला थाना बालूमाथ निवासी हेरहंज से बालूमाथ की ओर आ रहा था। इसी दौरान तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया।

### 253 दिन बाद काम पर लौटे स्वयं सेवक संघ


स्वयं सेवक संघ।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के स्वयं सेवकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी को आवेदन सौंप व बुके भेंट करते हुए 253 दिन बाद सभी काम पर वापस लौट गए। ज्ञात हो की 8 जुलाई 2023 से राज्य स्तरीय स्वयं सेवकों द्वारा स्वयं सेवक का नाम बदल कर पंचायत सहायक करने सहित अन्य प्रमुख मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरना पर चले गए थे। जिसमे 12 मार्च को प्रोजेक्ट भवन की बैठक मे संघ की कुछ मांगो को पूरी कर दी है। जिससे सभी स्वयं सेवक काम पर लौट गए। स्वयं सेवक को को धरना मे जाने के बाद पंचायत वार सम्बंधित कार्यों मे परेशानी हो रही थी। मौके पर लवकुश यादव, पूनम देवी, मनोज ठाकुर, कृष्णा प्रसाद,अजय यादव, अजय गंझु, कुलदीप गंझु, सरफराज अहमद, उर्मिला देवी, रुपैन कृस्फोटा, सुमन सिन्हा, अमन यादव, सरिता देवी, किरण देवी, शैलेश उरांव सहित राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव के अलावे अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### आदर्श आचार संहिता को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक आज


जानकारी देते बीडीओ।

**बरवाडीह।** लोकसभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुपालन हेतु बरवाडीह प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आज दिन शनिवार को प्रखंड कार्यालय में समय 11 बजे से आहूत की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने प्रखंड के सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से उक्त बैठक में ससमय शामिल होने की अपील की है। आदर्श आचार सहिता को लेकर आज शनिवार को होने वाली बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड, भारतीय कमयूनिष्ट पार्टी, झारखंड विकास मोर्चा, आजाद पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित होंगे।

### चंदवा बीपीओ ने सदर प्रखंड में अतिरिक्त प्रभार का पद ग्रहण किया, किसी प्रकार की समस्या हो तो कार्यालय आयें

# मनरेगा मजदूरों को रोजगार दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता: रतन कुमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


लातेहार बीपीओ का प्रभार लेती बीपीओ रतन कुमारी।


केतन गुप्ता अतिरिक्त प्रभार मनिका।

**लातेहार।** लातेहार जिले अंतर्गत सभी प्रखंडों में विगत कई वर्षों से दर्जनों विभाग प्रभार पर चल रहे है। इधर मनरेगा के प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारियों की कमी का दंश भी लातेहार जिला झेल रहा है। फिलहाल जिले में चार प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी पदस्थापित है। जबकि जिले में 9 प्रखण्ड कार्यालय है। इधर पिछले दिनों जिले के चार प्रखण्ड कार्यालय में पदस्थापित मनरेगा बीपीओ को अतिरिक्त प्रखण्ड कार्यालय का प्रभार सौंपा गया है। यह अधिसूचना जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह के द्वारा पिछले दिनों 12 मार्च को जारी की गई है। जिसमें दूसरे प्रखंडों में पदस्थापित मनरेगा बीपीओ को अन्य प्रखंड कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया हैं। इसके पूर्व बीपीओ के रिक्त पद पर रोजगार सेवकों को बीपीओ का प्रभार सौंपा गया था। बता दें कि चंदवा ब्लॉक में पदस्थापित बीपीओ रतन कुमारी को लातेहार प्रखंड कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं बालूमाथ में पदस्थापित मुजफ्फर कमाल को हेरहंज प्रखंड का प्रभार महुआडांड के सुखदेव साहू को गारू का अतिरिक्त प्रभार और बरियातू के केतन गुप्ता को मनिका प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### सदर प्रखंड में मनरेगा के बीपीओ ने योगदान किया

सदर प्रखंड में मनरेगा के बीपीओ रतन कुमारी ने योगदान किया। लातेहार सदर प्रखंड के प्रभारी बीपीओ कुंदन कुमार से प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि मनरेगा की योजनाओं का संचालन स-समय हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने मनरेगा की योजनाओं का स-समय निष्पादन सुनिश्चित करने के साथ मनरेगा मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार दिलाना तथा उनका समय से भुगतान सुनिश्चित करना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही प्रखंड वासियों को जागरूक होने का संदेश देते हुए कहा कि मनरेगा संबंधित किसी भी कार्य को लेकर समस्या होती है तो मेरे से बात करें बिचौलिया एवं दलाल के चक्कर में ना रहे। वही इन्होने बताया कि मैं चंदवा प्रखंड में कार्यरत हू तथा मुझे अतिरिक्त प्रभार में लातेहार प्रखंड दिया गया है। प्रखंड के सभी गांव का विकास हो इसके लिए सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार विकास के सभी कार्य धरातल पर हो इसे लेकर लगातार मेरे द्वारा प्रयास किया जाता है और आगे भी किया जाता रहेगा।

### चंदवा में नही है डिग्री कॉलेज, इंटर मीडिएट के बाद उच्च शिक्षा से महरूम हो रहे हैं विद्यार्थी

# इंटरमीडिएट के बाद छूट जाती है पढ़ाई, भविष्य अंधकारमय



कॉलेज की बिल्डिंग।

➲ 70 लाख की लागत से बनी कॉलेज की बिल्डिंग बनी पशुशाला, कोई नही देखने वाला

**कॉलेज का बिल्डिंग बना पशुशाला, कोई नही देखने वाला:** शहर के पश्चिम छोर में जगराहा डैम के किनारे अवस्थित कॉलेज का बिल्डिंग आज के समय में पशुशाला बन चुका है। आसपास के रहने वाले निवासी वहां अपना पशु रखते हैं। बिल्डिंग में गंदगी का अंबार है।

**कमलेश प्रसाद**

**चंदवा।** प्रखंड में छात्र- छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना चुनौती बन गया है। एक तरफ छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा कई कवायदें की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ माध्यमिक व इंटरमीडिएट शिक्षा प्राप्त करने के बाद उच्च शिक्षा यानी कि डिग्री की पढ़ाई लिए विद्यार्थियों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। क्योंकि चंदवा प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है जहां बच्चे पढ़ सके। फलतः विद्यार्थियों को माध्यमिक और इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा ग्रहण करने के बाद आगे की पढ़ाई करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। लड़के तो किसी तरह अपना प्रबंध कर बड़े शहरों में पढ़ने को चले जा रहे हैं। लेकिन यहां की लड़कियों के साथ बहुत सी परेशानियां है। जिसके कारण इंटरमीडिएट पास होने के बाद आगे की पढ़ाई उनकी बंद हो जाती है।

### सांसद समेत जनप्रतिनिधियों ने नहीं की कोई पहल

हर चुनाव में शिक्षा और बेरोजगारी को अहम मुद्दा बनाया जाता है। वर्तमान सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों ने इन दोनों ने ही कॉलेज खुलवाने की दिशा में किसी प्रकार की कोई पहल नहीं की, नतीजा यह रहा कि 10 सालों में भी यह कॉलेज शुरू हो इस दिशा में कोई काम नही हुआ। लोगों का कहना है कि यहां के जनप्रतिनिधि का यहां के बच्चों से कोई जुड़ाव ही नहीं है। इस कारण यहां के बच्चों का दर्द नहीं समझ पाते हैं।

### बिल्डिंग बनकर पड़ा है बेकार

चंदवा प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना तत्कालीन सांसद इंदर सिंह नामधारी ने की थी। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाला यह जगतमोहन जगधात्री नाथ महाविद्यालय में लगभग 70 लाख की लागत से कुल 4 भवन बने थे, इसमे जिला परिषद सदस्य, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और वर्तमान सांसद आदि मदो से यह बिल्डिंग बनकर तैयार हुआ था, जो अब जर्जर व वीरान हो गया।

# बीडीओ ने की अबुआ आवास व मनरेगा की समीक्षा, दिए निर्देश

➲ एक सप्ताह के अंदर ले आउट करते हुए आवास निर्माण कार्य में लाएं तेजी: रेशमा रेखा मिंज


बैठक में कर्मियों को निर्देशित करती बीडीओ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास और मनरेगा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। जहां बीडीओ ने अबुआ आवास की प्रथम किस्त प्राप्त सभी लाभुकों को विभागीय मार्ग दर्शिका के अनुसार एक सप्ताह के अंदर ले आउट करते हुए आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने सभी पेंडिग कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश संबधित पंचायत सेवक और रोजगार सेवकों को दिए। बीडीओ ने कहा कि बिरसा हरित आम बागवानी की योजना को 261 एकड़ में लगाने का लक्ष्य प्राप्त है। उन्होंने इसके लिए सभी पंचायतों में भूमि का चयन कर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए है। इस दौरान बीडीओ ने सर्वधन कूप योजना के कार्य को पूरा करने के साथ शहीद पोटो हो खेल मैदान योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अमृत वाटिका योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में 70 पेड़ लगाए गए है। जिसकी देखभाल की जा रही है या नहीं, तथा कितने पौधे जीवित है, इसकी सूची कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा बीडीओ ने मनरेगा में आधार सीडिंग के गैप को पूरा करने के भी निर्देश दिए और मनरेगा पोषण वाटिका की जानकारी रोजगार सेवकों से ली। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए अधूरे पड़े आवास को पूरा करने के निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि जो लाभुक आवास को पूरा करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे वैसे लाभुकों को नोटिस करें इसके बावजूद आवास को ससमय पूरा नहीं करने वाले लाभुकों पर कारवाई के लिए लिखा जायेगा। बैठक में सभी पंचायत की मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक मौजूद थे।

### विधायक ने किया हर घर-नल जल योजना का विधिवत शुभारंभ

# स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हम सब के लिए बहुत जरूरी है : रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करते विधायक रामचंद्र सिंह।

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल कार्यों का उदघाटन शुक्रवार को राज्य के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण कर, पानी की टंकी का फीता काटकर और नल को चालू करके किया। कार्यक्रम के दौरान सभा का आयोजन बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर पंचायत अंतर्गत हंसराज टोला में किया गया। जहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हम सब के लिए बहुत जरूरी है। सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल से हम होने वाले बीमारियों को मात देकर मानव जीवन को स्वस्थ रखने में सफल होंगे। वहीं उन्होंने जल बचाने तथा जल के महत्व के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। विधायक ने कहा कि गर्मी का मौसम आ गया है। फिलहाल सभी घरों में पानी पहुंच रहा है, बावजूद पानी सप्लाई में किसी प्रकार की गड़बड़ी होती है, तो ग्रामीण अपने पंचायत के मुखिया, पीएचडी विभाग या हमें भी जानकारी दे सकते है। समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने पीएचडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पर अविलंब कारवाई होनी चाहिए क्योंकि जनहित की योजनाओं पर जनता का पूरा हक है।

### समस्याओं को अविलंब दूर करने का किया जाएगा प्रयास : दीपक महतो

कार्यक्रम में उपस्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिला कार्यपालक अभियंता दीपक महतो ने कहा कि पिछले दिनों हमने जिले के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना के कार्यों का निरीक्षण किया था। जहां देखा कि कई जगहों पर ग्रामीण पाइप को काटकर अपने खेतों में पानी पटा रहे है, जो कि गलत है। इसलिए लोगों से हमारी अपील है कि यह योजना आपके घरों में शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा चलाई गई है, इसका दुरुपयोग करने से बचें और विभाग का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर विभाग से संपर्क करें समस्या को अविलंब दूर किया जाएगा।

#### कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग

कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिला समन्वयक नरोत्तम कुमार, प्रधान सहायक धर्मराज पाठक, सहायक अभियंता प्रशांत पाण्डेय, कनीय अभियंता महेंद्र राम, राजकिशोर पासवान, छिपादोहर पंचायत की मुखिया वेरोनिका कुजूर, उप मुखिया दीपा देवी, केड़ पंचायत की मुखिया अनिता देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, छिपादोहर विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, युथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, नजाम अंसारी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, मनोज जयसवाल, दीपू तिवारी, श्रवण सिंह, युथ कांग्रेस अध्यक्ष नरेश सिंह, सुरेश मिश्रा, अनिल कु.गुप्ता, दीपक प्रसाद और कृष्णा गुप्ता समेत सैकड़ो कार्यकर्ता तथा गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### होली मिलन समारोह मनाने को लेकर की गई बैठक

**हेरहंज।** प्रखंड के बिदीर ग्राम मे अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति कि बैठक जिला अध्यक्ष राजेंद्र भुईयां की अध्यक्षता में हुई। जिसमे आगामी 20 मार्च को हेरहंज मे होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष प्रेम भुईयां, बारियातु प्रखण्ड अध्यक्ष विजय भुईयां, तुलसी राम रामदेव भुईयां, दिनेश भुईयां, अर्जुन भुईयां, प्रभु भुईयां, महेंद्र भुईयां, रामबृक्ष भुईयां, बृजमोहन भुईयां सहित भुईयां समाज के कई लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### गौ तस्करी कर रहे युवक चालक गिरफ्तार


ट्रक में भरा गया पशु।

**लातेहार।** शहर के जुबली चौक में द कार्निवाल के समीप गुरुवार की देर रात्रि एक ट्रक में लदा 14 गौवंशियों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर मोहम्मद मुर्तजा पिता स्व. शाहिद अंसारी ( चान्हो, रांची) का रहने वाला है। बताया जाता है कि लातेहार शिवरात्रि मेला से पशु लेकर बालूमाथ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गुरुवार को देर रात बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक ट्रक में अवैध तरीके से गौवंशियों की तस्करी करने की सूचना थाना को दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ पहुंचकर मौके पर उक्त ट्रक के चालक से सबंधित कागज प्रस्तुत करने की मांग की गई। लेकिन चालक के द्वारा कोई भी कागज प्रस्तुत नहीं किए जाने का बाद वाहन को जब्त कर लिया गया। हालांकि कुछ समय बाद लातेहार मेला से पशु खरीद संबंधित कागजात प्रस्तुत किया गया। इधर, थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक में 14 पशु लदे हुए थे। जिसमें सात गाय, छह बछड़ा और एक बैल था। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कर्रवाई की जा रही है।

### बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा आन गांव में लगाया गया नेत्र जांच शिविर



**चंदवा।** पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा सामुदायिक विकास (सीडी) गतिविधियों के तहत शुक्रवार को बनहरदी कोयला खनन परियोजना के रेलवे लाइन क्षेत्र के अंतर्गत आने ग्राम आन स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीवीयूएनएल की मेडिकल टीम की देखरेख में आन ग्राम समेत चेतर पंचायत अंतर्गत कई गावो के 158 ग्रामीणों ने नेत्र जांच कराया। शिविर में न केवल आवश्यक नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गई, बल्कि विशेषज्ञ के जांच के आधार पर चश्मे की उपलब्धता और संभावित मोतियाबिंद की सर्जरी के जरूरतों का पता लगाने की सुविधा भी प्रदान की गई। जिन व्यक्तियों को चश्मा की आवश्यकता पाई गई है उन्हे शीघ्र ही परियोजना द्वारा चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजन भगत, विशेषज्ञ डॉक्टर, मणिकांत (महाप्रबंधक) बनहरदी परियोजना, एम चंद्रसेगर (अपर महाप्रबंधक), सिद्धार्थ शंकर (उप महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राउल (उप महाप्रबंधक), विनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर) अबीर नाथ, शुभंकर मंडल, कार्यपालक का सराहनीय योगदान रहा।

### बीस सूत्री अध्यक्ष ने जेएसएलपीएस के नए बीपीएम को दिए निर्देश


जेएसएलपीएस बीपीएम से वार्ता करते बीस सूत्री अध्यक्ष।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में जेएसएलपीएस के नवनियुक्त प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अरुण कुमार ने शुक्रवार को प्रखण्ड बीस सूत्री कार्यालय में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी से मुलाकात की। जहां नसीम अंसारी ने जेएसएलपीएस द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं की जानकारी ली और रुके हुए कार्यो का निष्पादन बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। नसीम अंसारी ने कहा कि निर्वतमान बीपीएम अभय कुमार के द्वारा योजनाओं को बेहतर ढंग से उतारने का काम किया गया है, जिसे पूरी तन्मयता से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि आपसी समन्वय के साथ सरकार की योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से धरातल पर उतारने का काम करें। किसी प्रकार की परेशानी आने पर आप बीस सूत्री के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते है। जहां बीपीएम अरुण कुमार ने आश्वत करते हुए कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की शिकायत नही आयेगी। वह निरंतर कर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें इसके लिए निर्देशित कर रहे है। मौके पर मंगरा पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, राजेश्वर सिंह, बंशी सिंह, मनोज सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### बीएलओ के साथ बीडीओ सह सीओ ने की बैठक


बैठक करते पदाधिकारी व अन्य।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे राजनीतीक दल व बीएलओ के साथ बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम की अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे उपस्थित बीएलओ को एएसडी से संबंधित जानकारी देते हुए बताया की अफसेंट वोटर जो इट भट्ठे या कोई मजदूरी कार्य हेतु दो तीन माह के लिए बाहर गया हो, शीफ्टेड यानि यहां वोटर लिस्ट में नाम हो और हमेशा के लिए दूसरे जगह स्थानांतरित हो गए हो, डेथ वोटर यानि मृत वोटर को मतदाता सूची से नाम हटाने, दिव्यांग व वरिष्ठ वोटर जिनका उम्र 85 वर्ष से अधिक हो उक्त सभी सभी अध्यतन रिपोर्ट एक दिन मे सौंपन का निर्देश दिया गया। वहीं बूथ स्तर पर पानी, विजली सहित अन्य बुनियादी सुविधा मुहैया कराने जोर दिया गया। मौके पर प्रधान सहायक कपलिदेव सिंह, विजय, अलोक दुबे, प्रकाश कुमार, चंदन कुमार के अलावे बीएलओ सबिता कुमारी, अनिता कुमारी, देवांति देवी सुषमा देवी रेखा सहित कई बीएलओ उपस्थित थे। इधर राजनीतीक दल के कार्यकत्ताओं की बैठक में नंद कुमार राम मे चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने के बाद अचार सहिंता के संबंध मे नियम नीति के बारे जानकारी दिया।

### एस्सार प्लांट की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी के साथ चोरों ने की जमकर मारपीट, सात कर्मी घायल

# पूर्व में भी कई मर्तबा चोर गिरोह सुरक्षा प्रहरियों को बना चुके हैं निशाना

➲ अभिजीत व एस्सार प्लांट में स्क्रैप कटिंग शुरू होने के बाद से बढ़ा चोर गिरोह का आतंक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा के चतरो अनगड़ा में लंबे समय से बंद पड़े एस्सार पावर प्लांट के लिक्विडेशन में जाने व स्क्रैप कटिंग का कार्य शुरू होने के बाद से ही स्क्रैप माफिया व चोर गिरोह सक्रिय है। चोरी में बाधक बन रहे सुरक्षा प्रहरियों को स्क्रैप चोर गिरोह के द्वारा निशाना बनाते हुए जानलेवा हमला व मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। गुरुवार की देर रात्रि भी चोर गिरोह के लोगो ने घात लगाकर एस्सार प्लांट की सुरक्षा में तैनात फ्रंटलाइन, साक्षी व एसआईएस सुरक्षा प्रहरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में शिव शंकर साहू पिता तिलक साहू (चतरो), कृष्णा तुरी पिता विजय तुरी (हिसरी) विजय प्रसाद पिता अशोक प्रसाद (बारियातू), रियाज अंसारी (बोदा), सुरेंद्र तुरी पिता बुधन तुरी अम्बा टांड, सकेन्द्र सिंह पिता बाघेश्वर सिंह परसाही गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद शुक्रवार की सुबह सहकर्मियों ने घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। एस्सार कंपनी के सिक्योरिटी ऑफिसर सुकरा उरांव ने बताया कि गुरुवार की देर रात्रि सुरक्षा प्रहरी अपनी-अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे, इसी क्रम में लेबर कॉलोनी के पास लगभग 2 दर्जन की संख्या में चोरों ने घात लगाकर हमला कर दिया। चोर गिरोह के लोग लाठी, डंडे, तलवार के साथ लैस थे व लगातार पत्थर बरसा रहे थे। जो भी सुरक्षा गार्ड चोरों के हाथ लगा उनके साथ जमकर पिटाई की गई। सुकरा उरांव ने बताया घटना के तुरंत बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी थी, साथ ही मामले को लेकर शुक्रवार को चंदवा थाना में लिखित आवेदन भी दिया है।

### पूर्व में कई बार चोरों का निशाना बने है सुरक्षा प्रहरी


घटना की जानकारी देते भुक्तभोगी कर्मी।

बता दें कि लंबे समय से बंद पड़े अभिजीत व एस्सार प्लांट के लिक्विडेशन में जाने व स्क्रैप कटिंग शुरू होने के बाद से ही चोर गिरोह सक्रिय है और चोरी की घटना को अंजाम देने को लेकर लगातार सुरक्षा कर्मियों पर जानलेवा हमला किया जा रहा है। पूर्व में सिक्योरिटी इंचार्ज उरांव के साथ भी मारपीट की घटना हो चुकी है साथ ही विगत 2022 के अक्टूबर माह में ही 3 अक्टूबर को फ्रंटलाइन कंपनी के सुरक्षा प्रहरी सुमंत प्रजापति व ठीक अगले ही दिन 4 अक्टूबर को हीं सुरक्षा प्रहरी सतीश कुमार के साथ भी बुरी तरह से मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। इधर सुरक्षा परियों पर लगातार हो रहे जानलेवा हमला से प्लांट की सुरक्षा में तैनात कर्मियों में भय का माहौल देखने को मिल रहा है।

**स्क्रैप के काम से जुड़े लोगो की भूमिका भी है संदिग्धः** अभिजीत व एस्सार प्लांट में स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होने के बाद पिछले 2 वर्षो से स्क्रैप चोरी का धंधा जोरों से चल रहा है, सूत्रों की आने तो स्क्रैप के नाम पर भारी मात्रा में लोहा व अन्य समान चोर अवैध तरीके से निकाल कर बेचे गए है। इधर मामले के संबंध में पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की गहनता से जांच की जाएगी, जांच उपरांत दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# 6 मार्च को चतुर्थ सेमेस्टर में साइंस व कामर्स का रिजल्ट

## आर्टस का आया 9 मार्च को, 11 मार्च को पांचवें सेमेस्टर में नामांकन व 18 मार्च से परीक्षा की तिथि

खबर मन्त्र संवाददाता


नामांकन के लिए कतार बद्ध खड़े विद्यार्थी

**गुमला।** शिक्षा जुगाड़ का विषय नहीं है जो पढ़ेगा वही ज्ञान अर्जित करेगा। लेकिन रांची यूनिवर्सिटी का खेल देखिये कि बिना पढ़े ही बच्चों से परीक्षा लिखने की तिथि निर्धारित कर दी गई है। बच्चों को एक माह भी पढ़ने का समय नहीं मिला। चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा खत्म होते ही 6 मार्च को चतुर्थ सेमेस्टर में साइंस व कामर्स का निकला रिजल्ट निकला जबकि आर्टस का 9 मार्च को रिजल्ट प्रकाशित किया जाता है और 11 मार्च को विद्यार्थियों को सेमेस्टर फाइव में नामांकन की अधिसूचना जारी करते हुए फार्म निर्गत कर दिया जाता है। बात यहीं खत्म होती तो कोई बात नहीं थी रांची यूनिवर्सिटी का कारनामा देखिए 16 मार्च तक नामांकन की अंतिम तिथि निर्धारित करते हुए 18 मार्च से परीक्षा की तिथि भी घोषित कर दी गई। अब बतायें विद्यार्थी पढ़ाई करे या कॉलेजों में नामांकन के लिए कतार लगायें। रांची यूनिवर्सिटी के इस काले फरमान के आगे विद्यार्थी नतमस्तक हैं। ज्ञान अर्जन के लिए जब विद्यार्थियों को अपनी नींदे हराम कर आधी रात को ही नामांकन के लिए लाइन लगाकर 6 से 7 घंटे खड़ा रहना पड़ा तो आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं की कलयुग में शिक्षा कितना मूल्यवान हो गया है। लेकिन समय पर नामांकन प्रक्रिया की अधिसूचना जारी होने पर इस मूल्यवान वस्तु को तार्किक व सरल बनाया जा सकता था और विद्यार्थियों को अपनी नींदे हराम नहीं करनी पड़ती। परीक्षा व नामांकन की तिथि का अंतराल मात्र दो दिन देखकर विद्यार्थी परेशान हो उठे और रात के अंधेरे में ही घर की दहलीज लांघकर छात्र-छात्रा कॉलेज गेट पहुंच गये। छात्रों की बात तो समझ में आती है कि वे रात में भी कतार लगाकर नामांकन करा सकते हैं लेकिन छात्राओं की सुरक्षा की गारंटी इस दौरान कौन उठाएगा यह सवालिया नशान कॉलेज प्रशासन पर खड़ा हो रहा है। छात्रा अनामिका कुजूर ने कहा कि रिजल्ट आते ही कौन अगले कक्षा की परीक्षा में शामिल होता यह सवाल शिक्षा जगत को झकझोर कर रख देगी। क्योंकि बिना पढ़े बच्चे परीक्षा में क्या लिखेंगे और उनका रिजल्ट क्या होगा। भगवान ही विद्यार्थियों का ऐसे में सहारा बन सकते हैं क्योंकि शिक्षक रूपी भगवान की कृपा उन्हें नहीं मिल पा रही है। छात्र लखन कुमार ने कहा कि कार्तिक उरांव महाविद्यालय व रांची यूनिवर्सिटी के बीच विद्यार्थियों का जीवन पीसकर रह जा रहा है। उनका भविष्य क्या होगा उन्हें भी पता नहीं चल रहा है।

### गरीब किसानों को खेती के लिए मिला जोड़ा बैल

**भंडरा।** प्रखंड के छोटे एवं सीमांत किसानों को खेती-बारी करने के लिए जोड़ा बैल दिया जा रहा है। जोड़ा बैल योजना के तहत शुक्रवार को प्रखंड के भौरो पंचायत के दो लाभुको को प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी व स्थानीय मुखिया सुमंती तिग्गा ने जोड़ा बैल वितरण किया । मौके पर पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रखंड प्रशासन ने प्रखंड के छोटे एवं सीमांत तीन किसानों के बीच जोड़ा बैल वितरण करने का लक्ष्य रखा था। जिसके तहत शुक्रवार को भौरो के एक व भीठा के पशुपालक किसान को जोड़ा बैल दिया गया । पशुपालन योजना के अंतर्गत, योजना का क्रियान्वयन 90% अनुदान राशि और 10 फीसदी लाभुक अंशदान की राशि देना था। तीन जोड़ा बैल वितरण करने की योजना के तहत लाभुकों का चयन पहले ग्राम सभा द्वारा किया गया था। इसके बाद प्रखंड स्तरीय चयन समिति द्वारा चयनित लाभुकों की अनुशंसा की . इस योजना में एसटी, एससी, आदिम जनजाति और दिव्यांग किसानों को प्राथमिकता दी जानी थी। लाभुक झारखंड का निवासी होना चाहिए।

## एक नजर में

### 9 सहायक अवर निरीक्षकों को मिला अवर निरीक्षक में पदन्नोति, एसपी ने पहनाया बैच

**गुमला।** सहायक अवर निरीक्षक से अवर निरीक्षक में प्रोन्नत हुए 29 अवर निरीक्षको को शुक्रवार को बैज लगाकर एसपी ने शुभकामना दी। एसपी ने कहा कि पदन्नोति के साथ उनका दायर व कर्तव्य भी बढ़ गया है। वे ईमानदारी पूवर्क अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आमजनों के हितों की रक्षा करें और समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने में अपना दायित्व निभाएं। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश कुमार यादव गुमला एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वीरेंद्र टोप्पो उपस्थित थे।

### झानद का केंद्रीय कन्वेंशन गुमला में 23 को

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 23 मार्च 2024 को शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर जिला मुख्यालय गुमला में केंद्रीय स्तर का कन्वेंशन आयोजित की जाएगी। कन्वेंशन में आगामी लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी पर चर्चा के अलावे केंद्र सरकार द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों पर हो रहे हमले का खिलाफत करने और राज्य के ज्वलन सवालों को कैसे लोकसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दा के बतौर उठाया जाए इस पर मुख्य रूप से विचार विमर्श की जाएगी। कन्वेंशन में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के सभी केंद्रीय समिति के पदाधिकारी व सदस्यों से भाग लेने की अपील की गई है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर, गुमला रेफर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के जंगाई निवासी मेदर एक्का व पंखरासियुस एक्का बाइक से गिरकर दोनों घायल हो गये। जिन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्रथमिकी उपचार कर गुमला भेज दिया गया। घटना के संबंध में घायल के परिजनों ने बताया कि दोनों लोग बाइक से मालम नावटोली से जंगाई आ रहे थे। तभी मालम पुल के समीप गाड़ी अनियंत्रित हो गया और वे गिरकर घायल हो गये।

### निशुल्क महिला चिकित्सा शिविर का आयोजन

**घाघरा।** वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला बेलाल अहमद के निदेर्शानुसार घाघरा प्रखंड के बड़ा अजियातू गांव में शुक्रवार को निशुल्क महिला चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का द्वारा 110 महिलाओं व बच्चियों का रक्तचाप, शुगर, मलेरिया, हीमोग्लोबिन ,आरबीसी, स्किल सेल इत्यादि की जांच की गई एवं जरूर हिसाब से दवाइयां का वितरण भी किया गया। दवा में मल्टीविटामिन, आयरन, हॉर्लिक्स कैल्शियम, अमोक्सी, डायसाइक्लोमीन, नैपकिन, आयरन, कफ सिरप इत्यादि वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन विभाग समन्वयक अनिरुद्ध चौबे,अभय प्रसाद ,सरस्वती कुमारी, संतोष राजवार,प्रियंका कुमारी, तेजू महतो, फूलचंद उरांव,अनीता देवी,राजमणि देवी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिलाएं बच्चियां शामिल थी।

### बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के बाघा गांव में भाजपा शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक बूथ अध्यक्ष की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से मौजूद भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लाल बिश्वजीत नाथ शाहदेव ने कार्यकर्ता को बूथ जितने का मूल मंत्र देते हुए कहा की आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अभी से कार्यकर्ता जुट जाए। ज्यादा से ज्यादा लोगो से जनसंपर्क चला कर पीएम मोदी के कार्यों की जानकारी दे। उन्होंने बताया कि किसी भी चुनाव में कार्यकर्ता पार्टी के मुख्य सिपाही होते है। इस बैठक में मण्डल महामंत्री विवेक चौहान, मण्डल उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह,नगर मण्डल के उपाध्यक्ष श्याम वर्मा, पंचायत के संयोजक नागेन्द्र पांडे, पंचायत अध्यक्ष आदर्श कुमार, बूथ अध्यक्ष सुनील महली, देवनाथ महली, दिलेशवर लोहरा, जयसिंह महली, भूनेशवर, बालगोविन्द, अखिलेश, बिरसु उराँव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीडीओ ने विभिन्न मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**भंडरा।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सोमवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांव में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भंडरा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 89, 90, 91, 92 93, 94, 95, 96, 102, 103, 104 का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार व्यवस्था की जांच की। इस दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बलसोत मतदान केंद्र के ग्रामीणों से मुलाकात कर मतदाता सूची में नाम अंकित की जानकारी लेते हुए निर्भीक होकर मतदान करने को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने स्थानीय मतदान केंद्र के पर्यवेक्षक व बीएलओ से मुलाकात कर स्वीप कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केंद्र में बिजली, पेयजल, शौचालय, लाइट, रैंप, नेटवर्क की जांच की। साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव में मतदान संपन्न कराने पहुंचने वाले मतदान कर्मियों के ठहराव के लिए गडरपो में बनाए गए क्लस्टर की भी जांच कर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। मौके पर सांख्यकी पदाधिकारी गौरिस गौरव,पंचायत सचिव तिवारी भगत आदि अन्य लोग मौजूद थे।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण में खनन व श्रम कानून की उड़ रही धज्जी


निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय


विद्यालय निर्माण स्थल पर तोड़कर रखा गया पत्थर

**गुमला।** खनन व श्रम कानून का उल्लंघन कर गुमला के सिलाफारी गांव में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में शामिल एकलव्य आवासीय विद्यालय है। लगभग 15 करोड़ की लागत से जी प्लस स्कूल व छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। एकलव्य आवासीय विद्यालय की कार्य एजेंसी बुलंद इंफ्रा कंपनी है। जबकि निर्माण कार्य पेटी पर लेकर ब्रीज एंड रूप एजेंसी कर रही है। पेटी में किसी कंपनी को काम मिलते ही कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्न चिह्न लगना आरंभ हो जाता है। क्योंकि जिस भी एजेंसी को काम दिया जाता है वह सरकार के नियमों के हिसाब से होता है लेकिन जब वह कार्य पेटी कांट्रेक्ट को मिल जाता है तो समझ लिजिए की कार्य एजेंसी अपने बचत के लिए गुणवता के साथ दो पांच करना आरंभ कर देती है। एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण में कार्य कर रही एजेंसी नदियों से स्थानीय ट्रैक्टर चालकों से मिली भगत कर अवैध रूप से बालू मंगा रही है और उसी बालू का उपयोग विद्यालय भवन निर्माण कार्य में कर रही है। वहीं जिस जमीन पर विद्यालय भवन का निर्माण चल रहा है वहां के पहाड़ों से निकले पत्थर चिप्स का प्रयोग भी विद्यालय निर्माण में किया जा रहा है। श्रम कानून की बात करें तो वहां स्थानीय मजदूरों से अधिक बाहर के मजदूर काम कर रहे हैं जबकि मजदूरों को मजदूरी दर ढाई सौ रूपये प्रदान किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर भवन निर्माण में बालू के साथ पत्थर चूर्ण का उपयोग निर्माण कार्य में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में लगी एजेंसी स्थानीय मजदूरों का शोषण करने के साथ-साथ सरकारी संपति का भी दोहन कर रही है।

### जिला स्तरीय पुस्तक मेला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

## बेहतर ज्ञान और मस्तिष्क के सही विकास के लिए किताबों का अध्ययन सबसे श्रेष्ठ रास्ता : डीसी



उद्घाटन करते डीसी, विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि बेहतर ज्ञान और मस्तिष्क के सही विकास के लिए किताबों का अध्ययन सबसे श्रेष्ठ रास्ता है। अ

ाज सोशल मीडिया के माध्यम से कई तरह की सामग्री हमें उपलब्ध होती है लेकिन वे विश्वसनीयने और सही कसौटी पर परखी नहीं होती हैं। किताबों से इतिहास, अर्थशास्त्र, अपने आसपास की चीजों को बेहतर ढंग से समझने का मौका मिलता है। किताब आपके व्यक्तित्व का सही तरीके से विकास करता है। सोशल मीडिया का ज्ञान सीमित होता है। उक्त बातें उपायुक्त ने आज समाहरणालय मैदान में आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक मेला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी का आज शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में कही।

इससे पूर्व उपायुक्त द्वारा मेला का शुभारंभ फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उपायुक्त ने कहा कि आज पुस्तक मेला के जरिये विद्यालयों के लिए बेहतर पुस्तक का चयन करने का अवसर आप सभी को मिला है। आज मेला में विभिन्न प्रकाशकों के द्वारा पुस्तकों की प्रतियां मेला में उपलब्ध करायी गई हैं। आप सभी इनमें से श्रेष्ठ पुस्तकों का चयन करें ताकि वे पुस्तकें आपके विद्यालय के पुस्तकालय में भेजी जा सकें। इसका लाभ आपके बाद पढ़नेवाले छात्र-छात्राओं को भी होगा। विज्ञान प्रदर्शन में बायोगैस का मॉडल को प्रथम स्थान : कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा पुस्तक मेला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी के सभी स्टॉलों का अवलोकन किया गया। दिये गये अंक के आधार पर विज्ञान प्रदर्शनी में उच्च विद्यालय बगड़ू जामनुटोली के निशांत उरांव एवं टीम को बायोगैस प्रणाली से मिथेन गैस बनाये जाने के पर ट्रॉफी देकर प्रथम पुरस्कार विजेता के रूप में पुरस्कृत किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में सभी प्रखण्डों से कक्षा 8-10 के कुल 14 टीमों ने भाग लिया। इसी प्रकार पुस्तक मेला में कुल 11 प्रकाशकों द्वारा स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलिन टोप्पो, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आंबुज्य पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, सपना सिंह, जितेंद्र मित्तल समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

## नाबालिक पुत्र ने पिता की लाठी से पीटकर की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक पुत्र ने अपने पिता 61 वर्षीय महाबीर लोहरा की लाठी डंडे से पीटकर बीते गुरुवार की रात्रि हत्या कर दी। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना घाघरा थाना को दिया। थानेदार तरुण कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जें कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। वहीं नाबालिक पुत्र को भी हिरासत में लिया गया है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि महावीर लोहार हमेशा शराब के नशे में रहता था। गुरुवार की रात नाबालिक पुत्र भी शराब का सेवन किये हुए था। इसी दौरान महावीर घर में पाले बत्तख को पैर से कुचल कर मार डाला। जिसे देख नाबालिक पुत्र ने पिता से कहा अनावश्यक काहे बत्तख को कुचल कर मार रहे हैं। जिसके बाद पिता ने चाकू लेकर अपने पुत्र को मारने के लिए दौड़ाया तो पुत्र ने डंडे से अपने ही पिता पर अंधाधुंध वार मौत की नींद सुला दी। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि घर में गिरने एक ग्रामीण की मौत हो गई है। जिसके बाद घटनास्थल जाकर देखा तो शव देखने से ऐसा प्रतीत हुआ कि गिरने से मौत नहीं हुआ है।

## इन्सान के लिए सबसे ज्यादा जरूरी रोटी कपड़ा और मकान की व्यवस्था हमने और हमारे विभाग ने किया : डॉ रामेश्वर

### विधायक मद से निर्मित पड़हा भवन व अखड़ा का उद्घाटन वित मंत्री ने किया

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचाशीन अतिथि, उद्घाटन करने जाते मंत्री

**कैरो।** लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड के नरौली ग्राम पंचायत एवं गजनी पंचायत के छोटका खण्डा में शुक्रवार को स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार में योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने विधायक मद से निर्मित पड़हा भवन व अखड़ा का उदघाटन विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ते हुए फीता काटकर किया। मंत्री सहित अभी अतिथियों का स्वागत ग्रामीणों द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ पारंपरिक अंदाज में ढोल नगाड़े के साथ किया। जिसके बाद आयोजक समिति द्वारा अंगवस्त्र व बुक्के देकर सभी अतिथियों का विधिवत स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जब मैं चुनाव के पहले क्षेत्र में घूमता था तो लोग कहा करते थे कि मुझे रासन नहीं मिलता, पेंसन नही मिलता और तरह तरह की समस्या बताते थे, जब मुझे आपलोगों ने विधायक बनाया और हम मंत्री बने तो सबसे पहले हमने भूख मिटाने का काम किया, फिर धोती, साड़ी का व्यवस्था किया। हमने खाद्य आपूर्ति विभाग से धोती लुंगी साड़ी का योजना लाया। पिछली सरकार भी चावल देती थी किन्तु दाल नहीं देती थी, किन्तु हमने दाल भी देना शुरू किया। अब मैंने सोयाबिन देने का भी काम किया, अब आपको दाल भात, सब्जी मिलेगा जिससे सभी को अच्छा भोजन मिलेगा, इसके बाद जिनके पास आवास नहीं था उनके लिए अबुवा आवास योजना लाई गई है इससे जिनके घर खपड़ा का है सबका अब पक्का घर होगा। इस तरह इंसान की तीन जरूरत रोटी कपड़ा और मकान का व्यवस्था हमने और हमारे विभाग द्वारा किया गया। मंत्री बनने के बाद हमने नहर निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री से बात की और आज 58 करोड़ की लागत से नहर निर्माण करवाया जा रहा है, इसके बाद यह क्षेत्र अन्य राज्यों से भी बेहतर होगा। एक पंचायत में 10 चापाकल का निर्माण करवाया जा रहा है। इस बार हमने 43 सड़क का शिलान्यास किया। हमने सिंचाई के लिए ट्रांसफार्मर दिलाने का काम शुरू किया है उसके लिए 30 किसानों को कनेक्शन लेना होगा ट्रान्सफार्मर तुरंत दिलवाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि संस्कृति की रक्षा के लिए हमने पढ़हा भवन, मांदर, नगाड़े का वितरण, अखड़ा में सोलर लाईट लगाने का भी कार्य करवा रहे हैं। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने मंत्री से नरौली रेलवे फाटक से अकासी तक जाने के लिए सड़क का निर्माण, खेल मैदान में एक भवन का निर्माण सहित मांग की। जिसपर उन्होंने नवनिर्मित पढ़हा भवन तक पीसीसी निर्माण करवाने की घोषणा किया। वहीँ छोटका खण्डा में अखड़ा का उद्घटान करते हुए ग्रामीणों की हर समस्या को दूर करने की प्रयाश करने के साथ ही किसी तरहः की समस्या होने पर सहयोग देने की बात कही। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव, पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव व विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल उरांव ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर कई मामलों को लेकर ततकाल सबंधित विभाग को कार्यवाही का निर्देश भी दिया। मौके पर स्थानिए विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री पुत्र सह समाजसेवी रोहित प्रियदर्शी उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, डॉ अजय नाथ शाहदेव, सकील अहमद, जिला आपूर्ती पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य, थाना प्रभारी नीरज झा, जीप सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद, 20 शुत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव, गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, सचिव तरुण गोप, मुन्नी उरांव, सुनीता उरांव, डीलर सुरेंद्र साहू, परवीन साहू, इंतखाब आलम, नाजिम अंसारी, नईम अंसारी, कुलदीप साहू, शंखनाद उरांव, सबिता उरांव सहित ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में जीप सदस्य सुखदेव उरांव द्वारा मंच संचालन किया गया।

### क्वार्टर फाइनल में रांची व चतरा की टीम रविवार को होगी आमने-सामने

**गुमला।** जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 बॉयज क्रिकेट टूनार्मेंट में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में रांची की टीम ने वेस्ट सिंहभूम को 7 विकेट से शिकस्त देकर ग्रुप ए के पॉइंट टेबल में अव्वल बनी। शहर के शहीद तेलंगा खडिया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला अंडर 14 के लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले में रांची के विरुद्ध वेस्ट सिंहभूम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पूरी टीम 18.5 ओवर में 43 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से वासुदेव सुंडी ने दहाई का आंकड़ा छूते हुए 10 रनों की पारी खेली। वहीं रांची की ओर से तनवीर अंसारी ने 8 ओवरों में 13 रन देकर 6 विकेट चटकाएं। शौर्य को 2 व रुद्रप्रताप को 1 विकेट मिला। जवाबी पारी खेलने उतरी रांची की टीम ने 11.4 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर विजयदायी आंकड़ा छू लिया। रांची के रुद्र प्रताप ने 16 और रुद्र कुमार व प्रांजल ने 8-8 रन की पारी खेली। गेंद के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रांची के तनवीर मैन ऑफ द मैच बने। मौके पर मौजूद जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह व एलओ आलोक रॉय ने संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच बने तनवीर को 5000 नगद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। रविवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रांची व चतरा की टीम आमने-सामने होगी।

### नाबालिग ने फंदा लगाकर किया आत्महत्या

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत अन्तर्गत कुंदगड़ी निवासी काशी महती की नबालिग पुत्री अजंती कुमारी ने घर मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि पूरे परिवार हैदराबाद में काम करते हैं जिसे घर मे देख रेख व पढ़ाई लिखाई के लिये पिता जी एक सप्ताह पूर्व घर लाया था घर मे बच्ची अपने दादी के साथ थी जो बकरी चराने गई थी। घर मे कोई नही रहने के कारण शाम करीब 4 बजे घर पर ही फांसी लगा कर आत्महत्या कर ल। वापस घर आने पर लड़की का पिता ने देखा कि बेटी फांसी लगा ली है जिसे फांसी का फंदा से उतार कर देखा तो नाबालिक बच्ची का मृत्यु हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह दल बल के साथ पँहुच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रतर करवाई में जुट गये हैं।

### कैरो के नए थाना प्रभारी बने नीरज झा

**कैरो।** थाना परिसर में शुक्रवार को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी शंखनाद उरांव को थाना परिवार व गण्यमान लोगों के द्वारा अंगवस्त्र, बुक्के व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवपदस्थापित थाना प्रभारी नीरज झा को भी अंगवस्त्र बुक्के व उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शंखनाद उरांव ने कहा कि मैं जहाँ भी रहा मेरी कोसिस रही कि किसी को मेरे कारण परेशानी न हो और ऐसे में कैरो थाना क्षेत्र के सभी लोग सहयोगी और सपोर्ट करने वाले हैं आज हमारी विदाई है एक तरफ खुशी तो दूसरी तरफ लोगों से दूर जाने का गम भी हो रहा है, किन्तु यह प्रक्रिया है जिसे सभी को स्वीकार करना पड़ता है। मौके पर प्रखंड सह अंचल अधिकारी छंदा भटाचार्या, प्रमुख श्रीराम उरांव, जीप सदस्य सुखदेव उरांव, लखन उरांव, विसेस्वर दिन, नाजिर आलम खान, दिलीप कुमार सिंह विकास भगत, सुमित्रा उरांव, चंद्रदेव उरांव सहित थाना परिवार, जनप्रतिनिधि, गण्यमान लोग मौजूद थे।

### प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के जरडा पंचायत के तेतरतोली गांव से प्रतिबंधित मांस के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जारी थाना को सूचना मिली कि तेतर टोली गांव में हैदर खान के घर मे प्रतिबंधित मांस काटा जा रहा था। इस पर एसडीपीओ अमिता लकड़ा, जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन ने गांव जाकर प्रतिबंधित मांस एवं आरोपी हैदर खान को गिरफ्तार किया है। साथ ही पशु डॉक्टर धर्म रक्षित विद्यार्थी ने घटना स्थल पर आकर जांच हेतु सैंपल लिया।

# सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी कैब ऐप आज झारखंड में होगा लांच

- लौहनगरी के कैब ऐप सुग्गा से बुक करिए कैब, ऑटो और बाइक राइड

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से 16 मार्च 2024 को कैब एग्रीगेटर सुग्गा : द ऑनेस्ट टैक्सी की शुरुआत हो रही है। कैब एग्रीगेटर की फील्ड में उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव और ड्राइवरों को केंद्र बिंदु में रखना कंपनी का प्रमुख विजन है। कंपनी के फाउंडर व डायरेक्टर विकास सिंह, अनुराग गौतम,विशाल मिश्रा, कनाडा निवासी राजीव झा व सुमित मेहरा है। हरजीत सिंह कंपनी के सीईओ है। सुग्गा : द ऑनेस्ट टैक्सी भारत के विभिन्न राज्यों में अपनी सेवाओं का विस्तार करेगी।

कंपनी के फाउंडर एवं लौहनगरी के नामी सामाजिक कार्यकर्ता सह उद्यमी विकास सिंह ने काशीडीह स्थित अपने आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन में सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी का सॉफटवेयर काफी आधुनिक है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से काम करता है।

सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी ऐप राइड पूरी होने पर ग्राहक को प्राइस ब्रेक अप डिटेल्स मिलेगा। इसमें टैक्सी ड्राइवर का हिस्सा, टैक्स और कैब ऐप का 5 प्रतिशत कमिशन आदि का डिटेल्स रहेगा। बड़ी कैब ऐप कंपनियां प्राइस ब्रेक अप डिटेल्स नहीं देती जिससे ग्राहक और ड्राइवर दोनों को नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि सुग्गा ऐप में ग्राहकों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। इसमें एक एसओएस बटन है जिसे दबा कर असुरक्षित स्थिति में कैब सवार मदद मांग सकते हैं। इस एसओएस को नजदीकी थानों और 27/24 सुग्गा नियंत्रण कक्ष से कनेक्ट रखा गया है।

## ड्राइवरों और ग्राहकों दोनों को शोषण से मुक्ति दिलायेगा सुग्गा ऐप

### ऐसे अस्तित्व में आया सुग्गा

**फाउंडर** (विकास सिंह, अनुराग गौतम, विशाल मिश्रा) के निजी अनुभवों ने उन्हें सुग्गा की शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया। फाउंडर विकास सिंह अपनी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए दिल्ली गए हुए थे। वापस लौटने की फ्लाइट भी उसी दिन थी। एयरपोर्ट से मीटिंग वेन्यू जाने के लिए उन्होंने कैब किया पर लगातार कैंब कैंसिलेशन के कारण उनकी मीटिंग बाधित हुई। वेन्यू पहुंचने में उन्हें देर हो गई और एक महत्वपूर्ण मीटिंग मिस हुई। ऐसे ही वे जब दिल्ली एयरपोर्ट से अन्य कैब एग्रीगेटर की गाड़ी में सफर कर रहे थे तो उन्होंने ड्राइवर से बातचीत की जिसमें पता चला कि आज के राइड के लिए 1200 रुपये जो उन्होंने कैब एग्रीगेटर कंपनी को दिए थे, उसमें से मात्र 650 रुपए ही ड्राइवर को मिले। प्राइस ब्रेकअप न मिलने के कारण उन्हें सारी जानकारी नहीं मिली। ड्राइवर ने उन्हें बताया कि उन्हें भी प्राइस ब्रेकअप डिटेल नहीं दिया जाता है। ड्राइवर से बातचीत में विकास ने पाया कि वह काफी दुखी है। इस दौरान फाउंडर अनुराग गौतम बेंगलुरु में कैब ड्राइवरों पर रिसर्च कर रहे थे। एक दिन अनुराग कैब से सफर कर रहे थे। उन्होंने ड्राइवर का हाल-चाल पूछा और उसकी कमाई और परेशानी जानने का प्रयास किया। ड्राइवर दुखी होकर रोने लगा और उसने बताया कि वह अच्छी कमाई के चक्कर में कैब एग्रीगेटर कंपनी के घालमेल में फंस गया है। वह गाड़ी की लोन भी नहीं भर पा रहा है जिससे वह बहुत दुखी है और उसकी स्थिति काफी खराब हो गयी है। इससे पता चलता है कि ड्राइवरों एवं रायडरो के साथ कैब एग्रीगेटरों की डीलिंग में ट्रांसपेरेंसी नहीं है। यह सब देखते हुए फाउंडरों ने तय किया कि एक ऐसी नई कैब एग्रीगेटर कंपनी चालू की जाए, जो ड्राइवरों को रिटायरमेंट सिक्योरिटी, ड्राइवर और रायडरों के लिए फेयर ट्रांसपेरेंसी, 24/7 सपोर्ट सर्विस, ड्राइवरों से सबसे कम कमीशन और दिन प्रतिदिन उनके आय में बढ़ोतरी, इंस्टेंट विथड्रावल ऑफ मनी की सुविधा दे ताकि ड्राइवरों के दैनिक जीवन में सुधार हो सके। जिससे रायडरों को अच्छी सर्विस मिले और ओवरऑल पूरे कैब एग्रीगेटर सर्विस में सुधार किया जा सके।




संवाददाता सम्मेलन में बायें से सुग्गा के सीईओ हरजीत सिंह, फाउंडर विकास सिंह और मशहूर अभिनेता व निर्देशक महेंद्र प्रसाद सिंह।

## सुग्गा के सहयोग से तुलसी भवन में आठवां भोजपुरी नाट्य महोत्सव कल से



भोजपुरी के नामी नाट्य निर्देशक सह कलाकार महेंद्र सिंह।

जमशेदपुर। आठवां भोजपुरी नाट्य महोत्सव 16 से 18 मार्च तक तुलसी भवन, जमशेदपुर में आयोजित किया जायेगा। आठवां भोजपुरी नाटक महोत्सव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से नयी दिल्ली की नाट्य संस्था रंग श्री द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी कैब ऐप और सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन का विशेष सहयोग है। नाटक देखने के लिए सुग्गा दी ऑनेस्ट टैक्सी ऐप से फ्री पास डाउनलोड किया जा सकता है। इसे मोबाइल से तुलसी भवन के गेट पर दिखा कर नाटक देखने जाया जा सकता है। सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी के संस्थापक विकास सिंह और रंगश्री के संस्थापक महेंद्र सिंह ने संयुक्त रुप से पत्रकारों को बताया कि 16 मार्च को सुरेश कंटक लिखित नाटक हाथी के दांत का मंचन महेंद्र प्रसाद सिंह के निर्देशन में दिल्ली की संस्था रंग श्री करेगी। यह नाट्य मंचन शाम 6 बजे से होगा जबकि इसी दिन शाम 7:30 बजे से अमन के रखवार नाटक का मंचन रंगश्री की ओर से किया जाएगा। इस नाटक के लेखक विशु बसु हैं जबकि निर्देशन महेंद्र प्रसाद सिंह का रहेगा। 17 मार्च को डॉक्टर रसिक बिहारी ओझा निर्भीक के लिखित नाटक लांस नायक खूब सिंह का मंचन अनुज प्रसाद के निर्देशन में शाम 6:00 बजे से होगा।

## स्पीड न्यूज



### बाहा पर सीएम ने पैतृक गांव में की पूजा अर्चना

**गम्हरिया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत स्थित अपने पैतृक गांव झिलिंगगोडा पहुंचे जहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत किया। इस दौरान सर्वप्रथम वे झिलिंगगोड़ा स्थित जाहेरथान में पूजा अर्चना कर बाहा पर्व में शामिल हुए।

### बादल की पुस्तक का मंत्री ने किया विमोचन

**जमशेदपुर।** शहर के साहित्यकार और उड़िया समाज के प्रखर लेखक बादल भैया की पुस्तक जणे प्रवासिर दृष्टि रे प्रगतिर ओडीशा और बीजेडी नामक पुस्तक का विमोचन उड़ीसा सरकार के पंचायती राज, वन एवं पर्यावरण, सूचना और जनसंपर्क विभाग के मंत्री प्रदीप कुमार अमात ने अपने आवासीय कार्यालय, भुवनेश्वर में किया।

### बागबेड़ा जलापूर्ति योजना पर नहीं हो सका निर्णय

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करता सुबोध झा ने कहा उपायुक्त महोदय के न्यायालय में मिस केस नंबर 21, 2022, 23 में आज 15 मार्च को माननीय उपयुक्त महोदय के न्यायालय में नहीं बैठने के चलते किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं हो सकी है।

### चांडिल : सुबह दस से चार बजे तक नहीं रहेगी बिजली

**चांडिल।** शनिवार को विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल चांडिल के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एक नंबर फिडर क्षेत्र में मरम्मती एवं रख रखाव के कार्य को लेकर सुबह दस से चार बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस बात की जानकारी चांडिल विद्युत सहायक अभियंता लालजी महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, थाने का घेराव

**गम्हरिया।** गुरुवार की रात गांजिया बराज के समीप सड़क दुर्घटना में नुवागढ़ के रिंकी महंती (20) की मौत के बाद शुक्रवार को मृतक के परिजनों के साथ ग्रामीणों ने गम्हरिया थाना का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया।

### ब्राह्मण नारी शक्ति ने मनाया फगुआ

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में ब्राह्मण नारी शक्ति ने बमार्माइंस स्थित देव भवन में फगुआ कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बतौर विमेंस कॉलेज की प्राचार्या त्रिपुरा झा, पुलिस उपाधीक्षक अरुणा मिश्रा, पुलिस निरीक्षक तरुणा मिश्रा मौजूद रहीं। त्रिपुरा झा ने ब्रह्मणत्व के साथ नारी शक्ति पर जोर देते हुए नारी संस्कार और और नारी सभ्यता का बोध कराते हुए ब्राह्मण महिलाओं को भी संगठित होने और एक दूसरे से मेल मिलाप कर ब्राह्मण समाज की प्रगति और उन्नति में मदद की अपील की।

### अनीश वर्मा की स्मृति में 165 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युतवरण महतो ने शुक्रवार को अनीश वर्मा की पुण्यतिथि पर अर्जुन स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में शामिल हुए। इस शिविर में 165 यूनिट रक्तदान हुआ। सांसद श्री महतो ने अनिष वर्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं क्लब के सदस्यों का इस सराहनीय प्रयास के उत्साहवर्धन किया।

### सुधीर ने उपाध्यक्ष पद पर किया नामांकन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने चुनाव 2024 के उपाध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। चुनाव कमेटी के अधिवक्ता अर्जुन सिंह, अधिवक्ता एनवी सिंह देव और बीरेंद्र शर्मा को प्रपत्र दिया।

# एनएमएल के नये निदेशक बने डॉ संदीप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को डॉ संदीप घोष चौधुरी ने सीएसआईआर एनएमएल (राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला) जमशेदपुर के नये निदेशक के रूप में कार्य ग्रहण किया। 56 वर्षीय डॉ संदीप घोष चौधुरी ने मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग में बीई किया है। उन्होंने 1989 में बंगाल इंजीनियरिंग कॉलेज से बीई और एमटेक (मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग) 1991 में आईआईटी, बॉम्बे से किया।

उन्होंने अपनी पीएचडी डिग्री सामग्री और धातुकर्म इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 1996 में आईआईटी, कानपुर से पूरी की। डॉ चौधरी 1996 में सीएसआईआर-एनएमएल में वैज्ञानिक-सी के रूप में शामिल हुए और 2015 में मुख्य वैज्ञानिक के वर्तमान पद पर पदोन्नत होने से पहले उन्होंने विभिन्न पदों पर काम किया।



डॉ संदीप घोष चौधुरी।

डॉ चौधरी की विशेषज्ञता के क्षेत्र मिश्र धातु विकास, चरण परिवर्तन, थर्मोमैकेनिकल प्रसंस्करण, क्रिस्टलोग्राफिक बनावट, विकास और सामग्री लक्षण वर्णन आदि हैं। डॉ चौधरी को मेटलर्जिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड, यंग इंजीनियर अवॉर्ड, डॉ बीआर निझावन पुरस्कार आदि कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वे भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी के फेलो हैं। डॉ चौधुरी ने राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 126 शोध पत्र प्रकाशित किये हैं और उनके नाम 20 पेटेंट हैं। उन्होंने दो पुस्तकें लिखी हैं और 07 पीएचडी और 25 स्नातकोत्तर छात्रों का मार्गदर्शन किया है। डॉ चौधरी का प्रमुख योगदान नये इस्पात के विकास और उनके प्रसंस्करण कार्यक्रम के क्षेत्र में है। उन्होंने हिमालय क्षेत्र में जलविद्युत स्टेशनों के पानी के नीचे के घटकों के लिए बेहतर गाद कटाव प्रतिरोध वाला एक कच्चा इस्पात विकसित किया है। डॉ चौधरी द्वारा उच्च बैलिस्टिक ताकत और फ्रैक्चर कठोरता के लिए एक नया वेल्डेबल स्टील डिजाइन और विकसित किया गया है। वह जर्मनी के अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट फेलोशिप के प्राप्तकर्ता भी हैं।

## श्रीलेदर्स ने 'श्रीशक्ति' अभियान का भव्य आयोजन के साथ किया समापन



श्रीमती नंदिनी श्रीवास्तव, गायिका श्रद्धा दास और माउंट एवरेस्ट विजेता प्रेमलता अग्रवाल के साथ श्रीमती ज्योत्सना डे।

- 50 शॉर्टलिस्ट प्रविष्टियों को एसएल- स्पोर्ट्सवियर टी-शर्ट से किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जश्न मनाते हुए श्रीलेदर्स ने अपने बिष्टुपुर 'के रोड' स्थित शोरूम में महिला ग्राहकों के लिए 'श्रीशक्ति' नामक अभियान का भव्य आयोजन के साथ समापन किया। महिलाओं को समर्पित 'श्रीशक्ति' अभियान 8 मार्च को प्रारंभ हुआ था जिसका शुक्रवार को बिष्टुपुर 'के रोड' स्थित शोरूम के बिप्लबी सुरेश डे भवन सभागार में भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पर्वतारोही पद्मश्री प्रेम लता अग्रवाल, सारेगामा लिटल चैंप्स फेम गायिका श्रद्धा दास और कॉमेडियन एंड डांसर नंदिता श्रीवास्तव उपस्थित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी सह श्रीलेदर्स की ज्योत्सना डे ने किया। मौके पर ज्योत्सना डे एवं मुख्यतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। मौके पर अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने को कहा।

# आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्गो का उत्थान सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र टीम**

**चाकुलिया/पोटका।** मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को चाकुलिया में डिग्री कालेज के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि आज यहां आप सभी लोग कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में स्थापित होने वाले डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम का गवाह बन रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस डिग्री महाविद्यालय के बन जाने से यहां के युवा वर्ग को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जमशेदपुर या किसी अन्य शहर में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड धनी प्रदेश के रूप में जाना जाता है परंतु यहां के आदिवासी तथा मूलवासियों को व्यवस्थाओं से दूर रखा गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के भीतर सभी जरूरतमंद तक रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करा रही है। यहां के आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय का उत्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों से राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

- गृह जिला पूर्वी सिंहभूम को सीएम ने दिये दो डिग्री कॉलेज
- चाकुलिया और पोटका प्रखंड में चंपई सोरेन ने किया डिग्री कॉलेज का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी लोग अपने हक और अधिकार को पहचानें। यह आपकी सरकार है। आपके हर दुःख-सुख में राज्य सरकार सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी। इसके बाद सीएम चंपई सोरेन शुक्रवार को पोटका पहुंचे। उन्होंने यहां पर 40 करोड़ की लागत से बनने वाले डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास किया। इसके अलावे परिसंपत्तियां का भी वितरण किया। इसके बाद सभा स्थल से तीन किलोमीटर दूर राधा गोविंद अखंड हरिनाम संकीर्तन का दीप जलाकर उद्घाटन किया। चम्पायी सोरेन लगभग दो बजे हेलीकॉप्टर से पोटका पहुंचे। उन्होंने यहां ऑन



लाइन 103 योजना कुल 119 करोड़ का शिलान्यास व उद्घाटन किया। कहा कि जिस जगह पर डिग्री कालेज के शिलान्यास किया जा रहा है वहां पर यूरेनियम भी ही तो सोना भी है। आजादी के 77 साल तथा झारखंड अलग राज्य के 24 साल बीत जाने के बाद भी झारखंड के विकास नहीं हुआ।

## भगवत भजन से मन को शांति मिलती है : चंपई सोरेन

**पोटका।** मुख्यमंत्री चम्पायी सोरेन ने पोटका पंचायत के ही बड़ा भूमड़ी गांव पहुंचे। वे यहां पर राधा गोविंद अखंड हरिनाम संकीर्तन का दीप जलाकर उदघाटन किया। उन्होंने यहां पर कहा कि इस गांव के साथ मेरा जीवन जुड़ा हुआ है। यहां के शिक्षक आनंद मंडल हमारे गुरु थे। श्री सोरेन ने कहा कि मन की शांति के लिए देवी देवता को स्मरण करना होगा। यहां आने के लिए मुझे तीन माह पूर्व निमंत्रण मिला था तब मैं मंत्री था। आज जब यहां आया तो मैं मुख्यमंत्री हूं। उन्होंने मंच से भावुक होते हुए कहा कि सभी धार्मिक जगहों को सौंदर्यीकरण किया जायेगा। विधायक संजीव सरदार ने भी अपने संबोधन में झारखंड सरकार द्वारा किये गये कार्यों के उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि हरिणा मंदिर के तरह ही रंकिनी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 19 लाख रुपये की स्वीकृति मिल गयी है। मौके पर मोहन कर्मकार, राजू गिरी, उपायुक्त अनन्या मित्तल, एसएसपी कौशल किशोर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### टाटा स्टील के पांच श्रमिकों का शहादत दिवस मना



**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन ने आज टाटा स्टील के उन 5 कर्मचारियों की याद में 'शहीद दिवस' मनाया, जिन्होंने 15/3/2020 को अपनी जान दे दी। संजीव चौधरी, अध्यक्ष, शैलेश सिंह, उपाध्यक्ष, शाहनवाज आलम, उपाध्यक्ष, संजय सिंह, उपाध्यक्ष, संजीव तिवारी, उपाध्यक्ष, राजीव चौधरी, उपाध्यक्ष, अजय चौधरी, सहायता देना। सचिव, श्याम बाबू, सहायक। सचिव, आमोद दुबे, कोषाध्यक्ष और लेखाकार, जयदेव उपाध्याय, निदेशक – एमजेसी और बड़ी संख्या में कार्यकारी समिति के सदस्य और यूनियन कर्मचारी मौजूद थे और उन्होंने यूनियन परिसर में रखी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### अवैध खनन के खिलाफ सीएम को सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोटका आगमन पर शुक्रवार को पारंपरिक ग्राम सभा, सरमंदा ने उन्हें एक ज्ञापन सौंप कर सरमंदा में अवैध खनन करने वाले सुजीत मंडल व चित्तरंजन दास एंड टीम व लापरवाह प्रशासनिक पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि पोटका प्रखंड का यह इलाका संविधान के अनुच्छेद-244(1) पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है। खनन विभाग का टास्क फोर्स होते हुए भी यहां सुजीत मंडल और चित्तरंजन मंडल बलपूर्वक अवैध खनन कर रहे हैं। खनन से पूर्व न तो कोई ग्राम सभा हुई है और न ही ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त है। फिर भी गांव के प्लॉट संख्या 1492 और 1178 पर खनन किया जा रहा है।

### सरहुल त्योहार पर आधारित जोहार हाट शुरू



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन की पहल, जोहार हाट का यह मासिक संस्करण, सरहुल के त्योहार पर आधारित है, जो 14 मार्च को शुरू हुआ। यह त्योहार हमारे जीवन में वसंत ऋतु के विभिन्न रंगों और मानव तथा प्रकृति के बीच के घनिष्ठ संबंध को दर्शाता है। मौसम की खूबियों को ध्यान में रखते हुए, हाट में कला, शिल्प, व्यंजन और रंग शामिल होंगे, जिसमें नए उद्यमी अपने रचनात्मक उत्पादों की पेशकश करेंगे। शाम को समुदाय के साथ (एसकेएस) फिल्म की स्क्रीनिंग होगी।

### एमजीएम ब्लड बैंक ने संगठनों को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल के सभागार में एमजीएम ब्लड बैंक में वर्ष 2022-23 रक्तदान शिविर लगाने वाले समाजसेवी संगठनों के लिए समान समारोह किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने किया। कार्यक्रम में एमजीएम अस्पताल के डॉ के एन सिंह प्रिंसिपल, डॉ रवींद्र कुमार अधीक्षक, डॉ एन पी चौधरी डीएस, डॉ नारायण ओरावन, डॉ वीबी के चौधरी एचओडी ब्लड बैंक, डॉ नतासा देवगम, डॉ ई ए सोरेंग, डॉ श्वेता सहाय भी थे। शनि देव भक्त मंडली, यात्रा नये जीवन की शुरुआत रीना सिंह, आनंद मार्ग से सुनील आंनद भी थे।

# पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में 400 सोलर लाइटें लगवाने का शुभारंभ आज से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर ज्रेडा के माध्यम से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में और 400 अदद सोलर स्ट्रीट लाइटें लगायी जायेंगी। लाइट लगाने का कार्य दिनांक 16 मार्च, 2024 से प्रारंभ हो जायेगा।

विधायक सरयू राय ने बताया है कि उन्होंने पूर्व में अपने विधायक निधि से लाभुक अंशदान की राशि का भुगतान कर 2 चरणों में कुल 3063 स्थलों पर सोलर स्ट्रीट लाइट और इएसएल के माध्यम से 2600 स्थानों पर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन करने का कार्य सम्पन्न किया है। शेष स्थलों एवं पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की माँग पर अतिरिक्त 400 सोलर सट्रीट लाइट लगवाने का अनुरोध ज्रेडा से किया था। इसकी स्वीकृति दे दी गयी है और इस संबंध में ज्रेडा की ओर से संवेदक को स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश जारी कर दिया गया है।





लगायी जानेवाली सोलर लाइट और सरयू राय।

श्री राय ने बताया कि पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के नागरिक उनके कार्यालय के नंबर 8877537777 पर कॉल करके या व्हाट्सएप के माध्यम से सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने का अनुरोध भेज सकते हैं।

## स्वदेशी मेला में खरीदारी करने उमड़े शहरवासी, शंख प्रतियोगिता संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** स्वदेशी मेला में स्वदेशी जागरण मंच के तरफ से हर साल की तरह इस साल भी शंख वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था शाम को 3.30 बजे से। आज का इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्रीमती आभा महतो थी। इस कार्यक्रम का संयोजक पूरबी घोष थी। मुख्य अतिथि को और संयोजक पूरबी घोष को राजपति देवी ने अंग वस्त्र और श्रीफल तथा स्मृति चिह्न भेट की। पूरबी जी का कहना है जेंडर इक्वालिटी को देखते हुए कोई महिला पुरुष में भेदाभेद नहीं सभी को एक साथ लेकर कार्यक्रम हुआ। प्रत्येक प्रतिभागी को दो बार मौका दिया गया उसमे जो बेहतरीन प्रदर्शन को मान्यता दी गई। एक बार सास के दम पर जितना देर तक शंख बजा सकती ये थी प्रतियोगिता का विषय। कुल 18 प्रतिभागी थे। जिसमें प्रथम स्थान रेखा कुमारी, द्वितीय स्थान डॉली महतो और तृतीय स्थान असीमा कुमारी को मिला। नेक टू नेक प्रतिस्पर्धा थी। कंचन मिश्रा ने पूरबी घोष को सहयोग की इस प्रतियोगिता में।

# साकची रामलीला मैदान में फूलों की होली के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

- भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला की कथा सुनकर भक्तिरस में झूमने लगे श्रोता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** साकची श्री रामलीला मैदान में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानंद जी महाराज ने तुलसी वर्षा, हवन-पूजन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, पूजा और विसर्जन कराया। साथ ही भागवत कथा के सारांश, उपसंहार, भगवान श्री कृष्ण की सोलह हजार एक सौ आठ रानियों व इनसे विवाह के पीछे के वास्तविक दर्शन, भगवान कृष्ण के द्वारका में राजपाठ, सुदामा से मित्रता, सुदामा की दरिद्रता के हरण प्रसंगों सहित भगवान श्रीकृष्ण की सबसे मधुर लीला महारास लीला की कथा सुनाकर महोत्सव को विराम दिया गया। श्रीश्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को होली उत्सव मनाया गया। इस दौरान संगीतमयी धुनों पर भक्त खूब झूमे। कथा के अंत में राधे-राधे-राधे बरसाने वाली राधे, गीत के साथ फूलों की होली खेली गई। राधे-कृष्ण सहित भक्तों को फूलों की वर्षा से नहला दिया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने फूलों और गुलाल की होली भी खेली।

**गाय-तुलसी का महत्व समझें :** इस दौरान उन्होंने कहा कि जो कोई श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करें, घर में गाय व तुलसी का महत्व समझें और घर में श्रीमद् भागवत ग्रंथ रखे, उससे दैविक, दैहिक और भौतिक ताप से मुक्ति मिल जाती है। भगवान श्रीकृष्ण की सबसे मधुर लीला महारास लीला का वर्णन किया। कथा वाचक ने सात दिनों तक भागवत के विभिन्न प्रसंगों को संगीतमय प्रकृति से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। कथा स्थल में श्री राधे-राधे की गूंज से वृंदावन धाम का अनुभव होता रहा। कहा कि शुकदेव जी ने परीक्षित को बताया कि भगवान की कथा को श्रद्धा और विश्वास के साथ इस प्रकार से सुनें तो सात दिनों के अंदर श्रोता भगवान को स्वयं प्राप्त कर सकते हैं। कथा सुनकर श्रोतागण भक्तिरस में झूमने लगे। श्रीमद् भागवत कथा समापन के मौके पर हवन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने सपत्नी आहुति डालकर मनौतियां मांगीं। इसके बाद विशाल भंडारा किया गया, जिसमें उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**इनका रहा योगदान :** कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को यजमान क्रमशः शीला-मनोज कुमार मिश्रा, लक्ष्मी-पवन अग्रहरि, गायत्री-ब्रजेश बाजपेयी, विकास सिंह थे। सात दिवसीय कथा को सफल बनाने में प्रमुख रूप से डा. डीपी शुक्ला, रामफल मिश्र, रामगोपाल चौधरी, शंकर सिंघल, गया प्रसाद चौधरी, रामकेवल मिश्र, पवन अग्रहरी, मनोज कुमार मिश्र, अनिल कुमार चौबे, नवल झा, महेश तिवारी, प्रदीप चौधरी, मनीष मिश्रा, द्वारिका प्रसाद, प्रमोद खंडेलवाल, अवधेश मिश्रा, रोहित कुमार मिश्र, संजय सिंह, दिलीप चौधरी, प्रदीप चौधरी, गौरीशंकर, बसंत, अनुज आदि का योगदान रहा।

# पुल में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने पर निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने कराया बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव स्थित पंडी नदी पर पुल निर्माण में घोर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने काम बंद करा दिया। बताते चले की घटहुआं कला पंचायत सचिवालय के समीप पंडी नदी पर पुल निर्माण के शुरूआती दौर में ही संवेदक द्वारा अनियमितता व लापरवाही बरती जा रही है। 2 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से पुल निर्माण कराया जा रहा है। जहां काफी संख्या में ग्रामीणों ने शुक्रवार की दोपहर में निर्माण स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य को बंद करा दिया। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि प्रारम्भ में ही पुल निर्माण कार्य में जब अनियमितता बरती जा रही है तो पता नहीं आगे क्या होगा। इसका भविष्य कितना मजबूत होगा यह सोचने की चीज है। ग्रामीणों ने बताया कि आरसीसी से पूर्व पीसीसी होना चाहिए। जबकि यूं ही जेसीबी द्वारा दो बकेट छर्री डाल कर डेढ़ ट्रैक्टर बालू में 10 बोड़ा सीमेंट का मिश्रण कर मजदूरों द्वारा सूखा मसाला ही डलवा दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि मेट्रोमेटिक में जंगरोधक सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पुल का निर्माण बार-बार नहीं होता है। 75 साल बाद चिरप्रतीक्षित मांग के बाद योजना आई है। यह भी डूबंत खाता में चला गया तो फिर सदियों तक लोग नदी में डूबते उतराते रहेंगे। इसलिए पुल का निर्माण कार्य मजबूती के साथ होना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि पंडी नदी दो गांवों को विभाजित करती है। एक ओर घटहुआं कला तो दूसरी ओर राजा घटहुआं। इसके साथ ही दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का हमेशा आना जाना लगा रहता है। जिसका रास्ता भी बाधित है। जबकि डाईवर्सन भी बनाना चाहिए था। जिससे लोगों का आवागमन बाधित न हो।

मौके पर उपमुखिया संतोष कुमार गुप्ता, संजय साह, जयमंगल राम, अरुण गुप्ता, राजेश्वर प्रसाद गुप्ता, संजय मेहता, सुरेश साह, ललन बैठा, उपेंद्र पासवान सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों उपस्थित थे। उक्त सभी लोगों ने वरीय पदाधिकारियों से गुणवत्तापूर्ण पुल निर्माण कराए जाने की मांग की है।


निर्माण कार्य को बंद कराते ग्रामीण

## बीडीओ के मनमानी पर प्रमुख ने की डीसी से शिकायत


मांग पत्र सौंपती प्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त को आवेदन देकर केतार बीडीओ सावित्री कुमारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि केतार बीडीओ के द्वारा प्रखंड में चलाई जा रही विकास योजनाओं के नियम के विरुद्ध किया जा रहा है। सरकार के कल्याणकारी योजना अबुआ आवास कार्यालय में बैठे-बैठे योग्य लाभुक के जगह आयोग्य लाभुक को दिया जा रहा है और पंचायत समिति का बैठक आयोजित करने के लिए कहने के बाद भी नहीं किया जा रहा है। बगैर पंचायत समिति के अनुमोदन के मनमाने तरीके से मनरेगा योजनाओं में जैसे कूप तालाब डोभा एवं मेड़बंढ़ी की स्वीकृति कर दिया गया है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने जांचों उपरांत बीडीओ पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## पंचायत सहायक ने हड़ताल से कार्य पर लौटने का दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** झारखंड सरकार के कैबिनेट की बैठक में पंचायत स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने एवं 2500 रुपए मानदेय की स्वीकृति पर मोहर लगाने पर पंचायत सहायक संघ ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अनूप कुमार को हड़ताल से कार्य पर वापस आने का आवेदन दिया है। पंचायत सहायकों में हर्ष का माहौल देखा गया और कर्मियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। बताते चले की जुलाई 2023 से अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर पंचायत स्वयंसेवक धरना प्रदर्शन पर थे। मौके पर पंचायत सहायक संघ के अध्यक्ष राज किशोर सिंह, सचिव रामाशंकर प्रसाद, कुंदन प्रसाद, रविकांत चंद्रवंशी, प्रदीप विश्वकर्मा, मणि यादव, सुमंती देवी, प्रियंका कुमारी, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, कमलेश कुमार प्रजापति सहित सभी पंचायत सहायक उपस्थित थे।


आवेदन देते पंचायत सहायक

## बस के धक्के से वृद्ध घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-केतार मुख्य पथ पर सिंघिताली गांव के समीप शुक्रवार दोपहर संजीव बस के धक्के से सिंघिताली गांव निवासी रामाश्रय विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। वह दोनों आंखों से सूरदास है। स्थानीय ग्रामीण छोटू चंद्रवंशी, बबलू चौबे व रविरंजन चौबे ने घटनास्थल से उठाकर उसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सको ने सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सूरदास रामाश्रय विश्वकर्मा दोपहर में गांव के ही जविप्र दुकान से राशन लेकर पैदल ही अपने घर जा रहा था, तभी रास्ता पार करने के दौरान केतार की तरफ जा रही संजीव नामक बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उक्त बस को कब्जे में लेते हुए इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी है।


घायल

## कबड्डी में भवनाथपुर बालिका टीम बनी विजेता


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम

**भवनाथपुर।** पलामू जिला के जीएलए कॉलेज के मैदान में आयोजित एकदिवसीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में भवनाथपुर की बालिका टीम ने सेफा में लातेहार को 25 प्वाइंट और फाइनल पलामू को 4 प्वाइंट से हराकर विजेता बनी। जबकि बालक टीम लातेहार को 30 प्वाइंट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा। बालक वर्ग में पलामू ने भवनाथपुर को 10 प्वाइंट से पराजित कर विजेता बना। दोनों वर्गों के विजेता टीम को पलामू जिला के खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा एवं डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर निधि उपाध्याय ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी प्रदान किया। इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने कहा कि कोच अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में निरंतर गढ़वा जिला के भवनाथपुर की बालिका टीम चैंपियन हो रही है। यह बहुत ही गर्व की बात है कि अजय कुमार गुप्ता जैसा कोच गढ़वा जिला में मौजूद है, जिनके बदौलत चाहे वह प्रमंडल स्तर हो या राज्यस्तर मेडल दिलाने का काम कर रहे हैं। उनका प्रयास काफी सराहनीय है।

## सारण में भारी मात्रा में शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल, मांझी थाना पुलिस और एंटी लिकर टास्क फोर्स ने छापेमारी कर 152 लीटर से ज्यादा अवैध स्प्रिट और 525 लीटर देशी शराब बरामद कर तीन अवैध शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने बताया कि मुफस्सिल थाना पुलिस और एंटी लिकर टास्क फोर्स ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के नेवाजीटोला गांव में एक ट्रांसपोर्ट एजेंसी के समीप खड़े ट्रक से 1525 लीटर अवैध स्प्रिट को जब्त करने के साथ ही तरैया थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी शिवशेखर पाण्डेय, डेरनी थाना क्षेत्र के सुतिहार मठिया गांव निवासी राजेंद्र सिंह तथा ट्रांसपोर्ट एजेंसी के मालिक मांझी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी उदय शंकर सिंह उर्फ उदय दूबे को गिरफ्तार किया है।

## बिहार में नीतीश कैबिनेट का विस्तार




### 21 नये चेहरों को मिली जगह

एजेंसी

**पटना।** बिहार में नीतीश कैबिनेट का विस्तार शुक्रवार देर शाम हो गया। 21 नये चेहरों को जगह दी गई है।राजभवन के राजेंद्र मंडपम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सभी नए मंत्रियों को पद और गोपनियता की शपथ दिलाई है। नीतीश कैबिनेट कुल 21 नए चेहरों को जगह मिली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा की मौजूदगी में सभी नए मंत्रियों ने शपथ ग्रहण किया। नीतीश कैबिनेट में भाजपा खेमे से रेणु देवी, मंगल पांडेय, नीरज कुमार बबलू, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, दिलीप कुमार जायसवाल, हरी सहनी, कृष्णनंदन पासवान, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र मेहता और संतोष कुमार सिंह शामिल हैं।

जदयू कोटे से अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मदन सहनी, महेश्वर हजारी, शीला कुमारी मंडल, सुनील कुमार, जनक राम, जयंत राज, जमा खान, रत्नेश सदा, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र मेहता और संतोष कुमार सिंह शामिल हैं। बिहार में नई सरकार के गठन के बाद से ही कैबिनेट विस्तार में हो रही देरी पर सवाल उठ रहे थे। बीते 14 मार्च को ही कैबिनेट का विस्तार होना था लेकिन मंत्रियों की लिस्ट फाइनल नहीं होने के कारण ऐन वक्त पर कैबिनेट विस्तार टल गया था। हालांकि शुक्रवार को राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल ने नीतीश कैबिनेट के कुल 21 मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## समस्तीपुर में किसान की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि जिले के जितवारपुर चौथ गांव निवासी हरिश्चंद्र राय घर के दरवाजे पर सो रहे थे।

## सारण में दहेज की मांग को लेकर युवती की हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर एक युवती की हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि हुस्सेपुर गांव निवासी सुशील कुमार की पत्नी रीना देवी (19) के मायके वालों ने सूचना दी कि उनकी पुत्री की हत्या ससुराल वालों ने गला दबा कर दी है।

## भाजपा कार्यकताओं ने भारत संकल्प यात्रा सह सुझाव पत्र का चलाया मुहिम

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। भारत संकल्प यात्रा सह सुझाव पत्र यात्रा मुहिम की शुरूआत शुक्रवार को मझिआंव भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता के आवास से भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सह सुझाव पत्र यात्रा के विधानसभा संयोजक राम लाल दुबे के नेतृत्व में की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए रामलाल दुबे ने बताया कि संगठन के पहल पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों के साथ-साथ आम जनों तक पहुंच रहा है कि नहीं उसी को लेकर भारत संकल्प यात्रा सह सुझाव पत्र यात्रा कार्यक्रम किया जा रहा है। भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में चलाई जा रही है। इस सुझाव पत्र यात्रा में भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के माताओं,बहनों बुजुर्गों नौजवानों सहित अन्य लोगों से अपने क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा की गई विकास कार्यों के बारे में सुझाव पत्र लिया जा रहा है। लोग अपने मंतव्य को लिखकर इस सुझाव पत्र पेटी में डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें या भी लिया जा रहा है कि क्षेत्र में किस तरह का विकास होना बाकी है और किए गए विकास कार्यों से कितने संतुष्ट हैं। श्री दुबे ने कहा कि हमारा भारत आज विकसित भारत बनकर तैयार है और हमारे जन-जन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ही संकल्प है विकसित भारत बनाना। मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता, शशि रंजन दुबे, विरेन्द्र नाथ दुबे उर्फ वीर दुबे, अर्जुन दास, भगवान दत्त तिवारी, विनय पाठक, शवेंद्र पांडे, दीपक कुमार, डॉ धनंजय सिंह, विरेन्द्र पाठक, सच्चिदानंद सिंह, चन्दन कमलापुरी, उमेश कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


कार्यक्रम में भाजपाई

## एक नजर में

### बिहार में सरकारी कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

**पटना।** बिहार सरकार ने अपने कर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी कर उन्हें होली का तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में पंचम केंद्रीय वेतनमान में वेतन या पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के कर्मियों या पेंशनभोगियों या पारिवारिक पेंशनभोगियों को 412 प्रतिशत के स्थान पर 427 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिये जाने का निर्णय लिया गया।

### पटना व्यवहार न्यायालय के वकीलों की हड़ताल समाप्त

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय में 13 मार्च को हुए ट्रांसफार्मर विस्फोट में एक वकील और एक मुंशी की मौत के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए वकीलों ने शुक्रवार को बिहार राज्य बार काउंसिल के हस्तक्षेप के बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली। बिहार राज्य बार काउंसिल के पारित प्रस्ताव की प्रति प्राप्त होने के बाद जिला अधिवक्ता संघ, पटना की कार्यकारिणी और आमसभा की आपातकालीन बैठक संघ के अध्यक्ष अमरनाथ की अध्यक्षता में हुई। बिहार राज्य बार काउंसिल के पारित प्रस्ताव और पत्र पर विचार करने के बाद वकीलों ने अपनी हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया। साथ ही वकीलों ने यह भी निर्णय लिया है कि अपने तीन सूत्री मांगों के समर्थन में धरना एवं प्रदर्शन करते रहेंगे।

### चोरी की हुई कार का नंबर बदलकर गांजा की तस्करी

अररिया। जिले के बैरगाछी ओपी थाना पुलिस ने नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे 30 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने तस्करों के पास से चोरी का कार भी बरामद किया है,जिस पर दिल्ली के नंबर का नंबर प्लेट चढ़ा हुआ था, लेकिन गाड़ी के कागजात से गाड़ी पश्चिम बंगाल के होने की बात सामने आई है,जिसको लेकर पुलिस हिरासत में लिए गए दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। कार के तेल की टंकी और बॉडी में चैंबर बनाकर गांजा को तस्करों द्वारा छिपाया गया था।

## पेज एक का शेष

### शिक्षा में सुधार, स्मार्ट गांव का सपना साकार करेंगे

**सरकार सभी वर्ग का ख्याल रखती है :** सीएम ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के सभी वर्गों का ख्याल रखती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के भीतर सभी जरूरतमंद तक रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करा रही है। यहां के आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय का उत्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो, इस उद्देश्य के साथ उनकी सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। झारखंड देश में पहला ऐसा राज्य है जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गयी है। उन्होंने कहा कि यहां आप सभी लोग कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में स्थापित होने वाले डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम का गवाह बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग अपने हक और अधिकार को पहचानें। यह आपकी सरकार है। उनकी सरकार की सोच है कि अब गरीब, किसान, मजदूर वर्ग के बच्चे भी निजी विद्यालयों के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा संचालित मॉडल स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त कर सकें।

**उच्च शिक्षा में सरकार दे रही मदद :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गरीब, किसान, मजदूर के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए यहां के विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से आच्छादित कर रही है। इस योजना के तहत बिना कोई गारंटी के 15 लाख रुपए तक का एजुकेशन ऋण विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य की समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन और विकास के लिए कार्य प्रारंभ कर चुकी है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी ताकि प्राथमिक विद्यालयों से ही इन भाषाओं की पढ़ाई प्रारंभ हो। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हेमन्त के नेतृत्व में राज्य के भीतर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारंभ किया जा चुका है। आने वाले कुछ महीनों में और 325 मॉडल विद्यालय निजी विद्यालयों के तर्ज पर अपग्रेड किए जायेंगे।

**धार्मिक स्थलों को कर रहे हैं संरक्षित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की कला- संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करने का कार्य उनकी सरकार कर रही है। सभी वर्ग- समुदायों के धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने के साथ-साथ इन स्थलों का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है।

### तीसरी ही नहीं चौथीबार भी प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी

**रामराज्य स्थापित होगा:** राजनाथ सिंह ने कहा कि वो दिन दूर नहीं है, जब भारत में रामराज्य स्थापित होगा। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही इसकी शुरूआत हो गई है। रामलला अपने महल में पहुंच गये हैं। उन्होंने सीएए को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इसे लेकर भाजपा को सांप्रदायिक बताया जा रहा है। ऐसा आरोप लगाने वाले बताएं कि पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी किन परिस्थितियों में लगभग 23 प्रतिशत से घटकर लगभग तीन प्रतिशत हो गयी। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिंदू, सिख, बौद्ध, ईसाई, पारसी और जैन के खिलाफ धार्मिक उत्पीड़न हुआ और वे शरण के लिए भारत आए। हमने उन लोगों को नागरिकता देने का फैसला किया है।

**भ्रष्टाचार के खात्मे में मोदी की अहम भूमिका :** राजनाथ ने कहा कि भारत के विकास में प्रधानमंत्री की अहम भूमिका है। वहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ पीएम मोदी सख्ती से लड़ रहे हैं। भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सिस्टम में बदलाव लाने की आवश्यकता है। नरेंद्र मोदी के पास विकास का विजन और मिशन है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का विरोध करने वालों की मुराद पूरी नहीं हो पा रही है। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों का एहसास कराया गया।

**तेजी से बढ़ रही है अर्थव्यवस्था :** रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और 2027 तक यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को दुनिया की अग्रणी आर्थिक शक्ति बनाना है। भारत का उद्देश्य विश्व कल्याण और विश्व की रक्षा के लिए धनवान और शक्तिशाली बनना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के भारत अब रुकने वाला नहीं है। देश तेजी से आगे बढ़ेगा। भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात को गंभीरता से लिया जाता है। पीए मोदी के नेतृत्व का लोहा पूरी दुनिया मानती है। दुनिया के अग्रणी देश हर वैश्विक निर्णय में नरेंद्र मोदी से सलाह मशविरा करते हैं। देश को ऐसा नेतृत्व देने वाले नरेंद्र मोदी के ही हाथों में भारत की बागडोर रहने की आवश्यकता है।

### पटना पुलिस हजारीबाग में छात्रों से कर रही पूछताछ

**पटना से टीम एक बजे पहुंची:** पटना से पहुंची दो सदस्यीय टीम में डीएसपी और इंस्पेक्टर शामिल हैं। ये लोग दो अलग-अलग गाड़ियों से ये टीम दोपहर के लगभग 1:00 बजे होटल पहुंचे। जांच टीम पेलावल थाना क्षेत्र अंतर्गत निजी होटल में छात्रों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल पदाधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं। जानकारी के अनुसार बिहार में आयोजित परीक्षा में प्रश्न पत्र और छात्रों से मिले प्रश्नों को मिलाया जा रहा है ताकि पूरे मामले का खुलासा हो सके।

**गोपनीय स्थान पर छात्रों से पूछताछ :** पूछताछ के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि प्रश्न पत्र कैसे उपलब्ध कराया गया. साथ ही इस बात की भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है किन लोगों ने छात्रों को इस होटल में रुकने के लिए व्यवस्था कराया है। विद्यार्थियों से गोपनीय जगह में पूछताछ की जारी है। इस लोगों के पास से एडमिट कार्ड और अन्य कई दस्तावेज बरामद हुए हैं।

**क्या बोले हजारीबाग एसपी :** हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने पुष्टि की है कि बिहार से आर्थिक अपराध इकाई की टीम प्रश्न पत्र मामले में जांच करने के लिए पहुंची है। हजारीबाग में प्रश्न पत्र लीक होने की बात कही जा रही है। बिहार से छात्र हजारीबाग में आकर तैयारी कर रहे है। वरीय पदाधिकारी इस मामले में प्रारंभिक दौर में पूछताछ की है। ऐसा कहा जा सकता है कि हजारीबाग एसपी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह पूरा ऑपरेशन प्रश्न पत्र लीक से जुड़ा हुआ है।

स्पीड न्यूज

## जयपुर में छह विस्थापितों को मिली नागरिकता



**जयपुर।** बरसों से भारत की नागरिकता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे पाकिस्तानी विस्थापितों के लिए शुक्रवार का दिन खुशियां लेकर आया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शेफाली कुशवाहा ने शुक्रवार को छह पाक विस्थापितों प्रेमलता, संजय राम, बेझल, जजराज, केकू माई, गोमंद राम को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। कराची से वर्ष 2010 में विस्थापित होकर भारत आई 41 वर्षीय प्रेमलता ने नागरिकता प्रमाण-पत्र मिलने के बाद प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि भारत आकर हमें आजादी के असल अहसास हुआ है।

## चीन : कोयला खदान दुर्घटना में 7 की मौत

**ताइयुआन।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान के भूमिगत गोदाम में दुर्घटना में फंसे सभी सात खनिकों की मौत की पुष्टि हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। काउंटी सरकार के अनुसार आखिरी शव शुक्रवार सुबह 6:23 बजे निकाला गया। जो झोंगयांग काउंटी में ताओयुआन शिनलोंग कोयला औद्योगिक निगम की कोयला खदान में बचाव के कार्यो के अंत का प्रतीक है। गोदाम में रात 10:45 बजे कोयले का ढेर ढह गया।

## उत्तराखंड में विजयपाल सिंह ने छोड़ी कांग्रेस

देहरादून। कांग्रेस के दिग्गज नेता विजयपाल सिंह सजवाण ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने उत्तराखंड कांग्रेस के अध्यक्ष करन माहरा को पत्र लिखा है कि व्यक्तिगत कारणों से अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के समस्त दायित्वों से मुक्त होकर प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। विजयपाल गंगोत्री विधानसभा से कांग्रेस के विधायक रह चुके हैं। विधानसभा क्षेत्र में उनकी राजनीतिक पकड़ अच्छी है। माना जा रहा है कि विजयपाल भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

## सपा के पूर्व एमएलसी भाजपा में शामिल

**झांसी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी श्याम सुंदर सिंह अपने दर्जनों समर्थकों के साथ लखनऊ में भाजपा में शामिल हो गए। हालांकि इससे पूर्व वह एक बार कमल की सवारी पहले भी कर चुके हैं। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी श्याम सुंदर सिंह परीछा लखनऊ पहुंचे और साइकिल की सवारी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। बुंदेलखंड में श्याम सुंदर सिंह यादव सपा के कद्दावर नेता माने जाते रहे हैं। वह दो बार एमएलसी रह चुके हैं।

## उत्तरी गाजा में इजराइल का हमला, 20 की मौत

**गाजा पट्टी ।** मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमले के बाद उत्तरी गाजा शहर में कम से कम 20 फिलिस्तीनी मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए। अल जजीरा समाचार चैनल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले को एक नया, पूर्व नियोजित नरसंहार कहा है। सात अक्टूबर से गाजा पर हो रहे इजराइली हमलों में अब तक कम से कम 31,341 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 73,134 घायल हुए हैं।

## भूमध्य सागर में डूबा जहाज, 60 प्रवासियों के डूबने की आशंका

**रोम।** प्रवासियों को लेकर लीबिया से चला जहाज भूमध्य सागर को पार करते समय में डूब गया। 60 लोगों के डूबने की आशंका है। इटली तटरक्षक बलों के समन्वय से 25 लोगों को बचा लिया। अप्रवासियों से भरी जहाज लीबिया से मध्य भूमध्य सागर के रास्ते इटली अथवा माल्टा ले जा रहे थे गतंव्य पर पहुंचने से पहले ही डूबा।



**राष्ट्रपति से मिली संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं**
**नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं ने शुक्रवार को अपनी वेदना, पीड़ा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने बयां की। पश्चिम बंगाल के उत्तरी-24 परगना जिले के संदेशखाली में रहने वाली आदिवासी और दलित समाज की छह पीड़ित महिलाओं ने राष्ट्रपति से इंसाफ और सुरक्षा की मांग की।**

# उत्तराखंड में दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार

## रांची से ट्रक में लाया जा रहा था मादक पदार्थ

- एक करोड़ की तीन क्विंटल डोडा पावडर और साढ़े पांच किलोग्राम अफीम बरामद
- उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, झारखंड और ओड़िशा से जुड़े हैं तस्करी के तार

**एजेंसी**

**देहरादून ।** एसटीएफ की कुमायूं टीम ने पुलिस बल के साथ जनपद ऊधमसिंह नगर के थाना पुलभट्टा क्षेत्र से एक करोड़ की तीन क्विंटल डोडा पावडर व साढ़े पांच किलोग्राम अफीम के साथ दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। रांची से ट्रक के जरिए मादक पदार्थों की बड़ी खेप रद्दी के बीच में छिपाकर लायी जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि बलाका सिंह (32) पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम डलपुरा थाना गदरपुर जनपद उधम सिंह नगर, लवजीत सिंह (21) पुत्र मनजीत सिंह निवासी गोलू टांडा थाना स्वार जिला रामपुर उत्तर प्रदेश को साढ़े पांच किग्रा अफीम व तीन क्विंटल डोडा के साथ गिरफ्तार किया। दोनों अंतरराज्यीय तस्कर रांची से ट्रक के जरिए मादक पदार्थ उत्तराखंड ला रहे थे, जिसकी खपत रुद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर आदि क्षेत्रों में की जानी थी। दरअसल, लोकसभा चुनाव व होली नजदीक है। ऐसे में तस्करों को मुनाफा होने की उम्मीद थी।

लोकसभा चुनाव व होली पर्व के मद्देनजर उत्तराखंड पुलिस अलर्ट मोड पर है। अवैध तस्करी से लेकर हर गतिविधियों पर कड़ी नजर है। वहीं उत्तराखंड राज्य में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत एसटीएफ को ड्रग तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वे दोनों पेशे से ड्राइवर हैं और उत्तराखंड से सामान उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और उड़ीसा आदि राज्यों में ले जाते हैं।

# डीएमके तमिलनाडु के अतीत और विरासत की दुश्मन : मोदी

- कहा- संसद में सेंगोल को हमने स्थापित किया, इन लोगों ने बॉयकॉट किया
- डीएमके ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखने तक पर रोक लगाने का प्रयास किया
- कन्याकुमारी के लोगों को सजा देने का कोई मौका नहीं छोड़ता है इंडिया गठबंधन

**एजेंसी**

**कन्याकुमारी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि डीएमके तमिलनाडु के भविष्य की ही दुश्मन नहीं है, वह तमिलनाडु के अतीत और विरासत की भी दुश्मन है। उन्होंने कहा कि मैं अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले यहां आया था। मैंने यहां के प्राचीन तीर्थों के दर्शन किए थे, लेकिन डीएमके ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखने तक पर रोक लगाने का प्रयास किया। सुप्रीम कोर्ट को तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगानी पड़ी थी। प्रधानमंत्री ने भाजपा की विशाल जनसभा में कहा कि जब दिल्ली में संसद की नई इमारत बनी तो तमिल संस्कृति के प्रतीक, इस धरती के आशीर्वाद स्वरूप पवित्र सेंगोल को हमने नए भवन में स्थापित किया, लेकिन इन लोगों ने इसका भी बॉयकॉट किया, उन्हें सेंगोल की स्थापना पसंद नहीं आई। डीएमके और कांग्रेस तब भी चुप बैठी रही, जब जल्लीकट्टू पर पाबंदी लगी थी। ये लोग तमिल संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं। ये हमारी सरकार है। एनडीए की सरकार है। हमारी सरकार ने जल्लीकट्टू को पूरे उत्साह के साथ मनाए जाने का रास्ता साफ किया। उन्होंने कहा कि मैंने हाल ही में थूथुकुडी में चिदंबरनार बंदरगाह का उद्घाटन किया है। सरकार मछुआरों के कल्याण के लिए भी काम कर रही है। उन्हें आधुनिक मछली पकड़ने वाली नौकाओं के



लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने से लेकर किसान क्रेडिट कार्ड योजना के दायरे में लाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कन्याकुमारी ने हमेशा भाजपा को भरपूर प्यार दिया है। इसलिए यहां का सत्तारूढ़ डीएमके-कांग्रेस गठबंधन कन्याकुमारी के लोगों को सजा देने का कोई मौका नहीं छोड़ता। 20 साल पहले अटल जी ने नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर की नींव रखी थी। इस कॉरिडोर के कन्याकुमारी-नारिक्कुलम ब्रिज का काम इन लोगों ने वर्षों तक लटका कर रखा। 2014 में जब भाजपा सरकार आई तब उसे पूरा किया गया।

## दस साल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बदल चुका है भारत : योगी



**गोरखपुर।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल चुका है। अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

**जल्द जारी करेंगे फेमिली आईडी कार्ड :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण होगा। यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी।

## अमिताभ बच्चन की हुयी एंजियोप्लास्टी



**मुंबई।** बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमिताभ बच्चन की एंजियोप्लास्टी की गई है। हालांकि अभी तक अमिताभ बच्चन या उनकी टीम की ओर से इस विषय में कोई खुलासा नहीं किया गया है। बिग बी को कड़ी सुरक्षा के बीच कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने दोपहर में ट्विटर पर पोस्ट किया कि आप सभी का बहुत धन्यवाद। माना जा रहा है कि सर्जरी के बाद अमिताभ ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैंस के प्रति आभार व्यक्त किया है। बीते दिन अमिताभ ने अपने ट्विटर अकाउंट पर फैंस से मुलाकात की ये तस्वीरें शेयर की थीं। इसके साथ ही बिग बी ने लिखा था हम्बल्ड बीयोंड।

# ममता बनर्जी के चोट लगने की जांच एसआइटी करेगी

**कालीघाट में मुख्यमंत्री के आवास के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच होगी : पुलिस कमिश्नर**



**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर चोट लगने के मामले की जांच अब पुलिस की एसआईटी करेगी। मुख्यमंत्री अपने आवास पर गुरुवार को गिर गई थीं, जिसकी वजह से उनके माथे पर चोट लग गई। एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निदेशक मनिमय बनर्जी ने कहा था कि मुख्यमंत्री को चोट शायद उनके घर पर पीछे से किसी के धक्का देने के कारण लगी होगी। कोलकाता के पुलिस कमिश्नर विनीत कुमार गोयल ने शुक्रवार को बताया कि एसआईटी में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे जो मामले की जांच करेंगे। एसआईटी द्वारा जांच प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। एसआईटी दक्षिण कोलकाता के कालीघाट में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच करेगी। एसआईटी के सदस्य मुख्यमंत्री आवास पर तैनात सुरक्षाकर्मियों से भी पूछताछ करेंगे। शहर पुलिस के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि इस मामले को पुलिस अत्यधिक गंभीरता से देख रही है। इसमें वीवीआईपी के सुरक्षा पहलू भी शामिल हैं। धक्का देने की थ्योरी की जांच के अलावा मुख्यमंत्री आवास पर मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी। एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने इस संदर्भ में बयान जारी कर कहा कि गुरुवार शाम को अपने आवास परिसर में टहलने के दौरान गिरने से मुख्यमंत्री के माथे पर चोट लग गई। उन्हें तुरंत पास के एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। रात में डॉक्टरों ने उनके माथे पर चार टांके लगाने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी।

# सांसद अर्जुन सिंह और दिव्येंदु अधिकारी भाजपा में शामिल

**एजेंसी**

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को शुक्रवार को दोहरा झटका लगा। बैरकपुर से सांसद एवं बागी नेता अर्जुन सिंह और तमलुक से सांसद दिव्येंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए। दोनों नेताओं ने भाजपा के दिल्ली स्थित मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दिव्येंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल भाजपा के दिग्गज नेता और विधनसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के भाई हैं। दिव्येंदु अधिकारी तमलुक लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर जीते। ये क्षेत्र अधिकारी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। हालांकि, इस बार ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने दिव्येंदु की जगह देवांशु भट्टाचार्य को तमलुक से तृणमूल उम्मीदवार बनाया है। इसी के बाद दिव्येंदु ने तृणमूल छोड़ने का फैसला किया है। दूसरी ओर अर्जुन सिंह पश्चिम बंगाल के

**टीएमसी को झटका**



कद्दावर हिंदी भाषी नेताओं में से एक हैं। वह फिलहाल बैरकपुर से सांसद हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने बैरकपुर से ही भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि राज्य में 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार नहीं बनने के बाद उन्होंने 2022 में तृणमूल कांग्रेस में वापसी कर ली थी। अब उन्होंने आरोप लगाया है कि तृणमूल ने वादा खिलाफी की है और उन्हें बैरकपुर से उम्मीदवार नहीं बनाया। उनकी जगह पार्थ भौमिक को टिकट दिया गया है। इसके अलावा पार्टी में वह अपमानित महसूस कर रहे थे, इसलिए भाजपा में वापसी की है।

## यूक्रेन ने रूस पर किया हमला, पुतिन ने भी सुमी व खार्किव में बरसाए गोले

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोद में एक के बाद एक आठ मिसाइलों से हमले किए जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह घायल हो गए। यूक्रेन ने यह हमला रूस में राष्ट्रपति चुनाव से पहले यह हमला किया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को दावे में यह भी कहा कि सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र में भी यूक्रेनी बलों ने हमले का प्रयास किया, लेकिन उसे नाकाम कर दिया गया। रूस ने यूक्रेन में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। रूस में हाल के दिनों में यूक्रेन की ओर से हमले बढ़ गए हैं। ये हमले ऐसे समय हो रहे हैं, जब रूस में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का फिर से चुना जाना तय माना जा रहा है। पुतिन ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश में रूसी नागरिकों से मतदान केंद्रों पर जाने और मतदान करने की अपील की। रूस में 15-17 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। यूक्रेन के पूर्वोत्तर सुमी और खार्किव क्षेत्रों में रात के समय 36 ड्रोन से हमले को अंजाम दिया गया। संचार केंद्रों को नुकसान पहुंचा।



**यात्रियों को लेकर पहली बार दौड़ी देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में गंगा के नीचे चलने वाली ईस्ट-वेस्ट मेट्रो की यात्री सेवाएं शुक्रवार से शुरू हो गईं। न्यू गरिया से रूबी और जोका-तारातला लाइन से माझेरहाट तक विस्तारित खंड की सेवा शुरू हुई है। लंबे समय से प्रतीक्षित ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के निचले गंगा खंड पर यात्री सेवाएं शुरू होने पर यात्री खुशी से झूम उठे। किसी ने पहले सफर को कैमरे पर रिकॉर्ड किया तो किसी ने वीडियो कॉल पर अनुभव साझा किया। गंगा के नीचे के पूरे मार्ग को नीली रोशनी से सजाया गया है, ताकि यात्रियों को पता चल सके कि मेट्रो कब गंगा के नीचे से गुजर रही है। गंगा के ठीक नीचे सुरंग में एक नीली रोशनी चमकती है, जिससे यात्रियों को पता चल जाता है कि वे उस समय नदी के नीचे से गुजर रहे हैं।

## शराब घोटाले में तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की बेटी कविता गिरफ्तार



**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को ईडी ने गिरफ्तार किया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने शुक्रवार को दिल्ली शराब घोटाला केस में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी कविता के आवास पर छापेमारी की। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रेड के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ घंटों तक चली तलाशी के बाद ईडी अधिकारी उन्हें लेकर दिल्ली रवाना हो गए। जैसे ही के कविता को गिरफ्तार करने की जानकारी फैली उनके आवास के बाहर अफरातफरी का माहौल हो गया। बीआरएस नेता के कविता को उसी दिल्ली शराब घोटाला केस में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें केजरीवाल सरकार में डिप्टी सीएम रहे मनीष सिसोदिया को अरेस्ट किया गया। ईडी की टीम ने बीआरएस नेता के कविता को दो समन किए थे।

# अल्पसंख्यकों की संघ से नजदीकियां बढ़ीं :वैद्य

- नागपुर में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू
- भारत में रहने वाले 140 करोड़ लोगों के पूर्वज, मातृभूमि और संस्कृति एक ही है : सह सरकार्यवाह

**एजेंसी**

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने शुक्रवार को कहा कि अब अल्पसंख्यक समाज की संघ से नजदीकियां बढ़ी हैं। उनके अंदर का भ्रम और डर धीरे-धीरे कम हो रहा है। डॉ. वैद्य ने बताया कि अल्पसंख्यकों के बीच संघ भी अपनी सक्रियता बढ़ा रहा है। संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का शुक्रवार को नागपुर के रेशिमबाग में शुभारंभ हुआ। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इस बैठक का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. वैद्य ने बताया कि भारत में रहने वाले 140 करोड़ लोगों के पूर्वज, मातृभूमि और संस्कृति एक ही है। संघ ऐसा मानता है कि देश के सभी लोग हिंदू ही हैं। अल्पसंख्यक समाज के लोग संघ की शाखाओं में सक्रिय हैं। डॉ. वैद्य ने कहा कि संघ से नजदीकियों के चलते इन लोगों में फैलाया गया भ्रम और भय अब दूर हो रहा है। संघ कार्य की जानकारी साझा करते हुए सह सरकार्यवाह डॉ. वैद्य ने बताया कि मौजूदा समय में देशभर में 73 हजार 117 दैनिक शाखाएं लग रही हैं, जबकि पिछले वर्ष 68 हजार के लगभग इनकी संख्या थी। शताब्दी वर्ष प्रारंभ होने से पहले तक पूरे देश में एक लाख शाखाएं प्रारंभ करने की योजना पर काम चल रहा है। शताब्दी वर्ष के दौरान



समाज परिवर्तन के कार्य में स्वयंसेवक लगेंगे। डॉ. वैद्य ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन समारोह से पहले अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत को घर-घर बांटा गया। उस दौरान संघ एवं समविचारी संगठनों के 44 लाख 98 हजार कार्यकर्ता देश के 5,98,778 गांवों तक पहुंचे थे। 19 करोड़ 38 लाख परिवारों तक अक्षत पहुंचाया गया और 22 जनवरी को देशभर में 5 लाख 60 हजार स्थानों पर कार्यक्रम हुए। संघ शिक्षा वर्ग के बदलाव के बारे में डॉ. वैद्य ने बताया कि प्रथम वर्ष का प्रशिक्षण संघ शिक्षा वर्ग ही कहलाएगा, जो 20 दिनों की जगह 15 दिनों का होगा। उसके बाद द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 और तृतीय वर्ष का प्रशिक्षण कार्यकर्ता विकास वर्ग-2 कहलाएगा। इसमें भी व्यावहारिक शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। उससे पहले तीन दिनों का प्रारंभिक वर्ग होगा। उसके बाद सात दिनों का प्राथमिक वर्ग।

## पटना शुक्ला से महिलाये होंगी प्रेरित : रवीना टंडन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उनकी फिल्म पटना शुक्ला में उनके किरदार तन्वी शुक्ला से कई महिलायें प्रेरित होंगी और जुड़ाव महसूस करेंगी। विवेक बुडाकोटी के निर्देशन में फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। रवीना टंडन ने कहा कि तन्वी शुक्ला एक ऐसा किरदार है जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। मैं तन्वी जैसे कई लोगों से मिली हूं, इसलिए मुझे यह रोल परिचित लगा, जिससे मैं तुरंत उसकी कहानी से जुड़ गई। मुझे उम्मीद है कि तन्वी की कहानी देखने के बाद कई महिलाएं इससे प्रेरित होंगी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !